भाद्रपद कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 31 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 157, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



शेख हसीना और उनके परिवार की विशेष सुरक्षा ली गई वापस 16

सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म युधा का ट्रेलर रिलीज 15

# तीन वाहन भिड़े, 3 की मौत, 15 घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर ढकनगला चौराहा पर हादसा

**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के ढकनगला चौराहा पर कार व बाइक टक्कर हो गई। इस बीच सामने से आ रहा तेज रफ्तार टेंपो भी कार व बाइक से जा भिड़ा। हादसे में 3 लोग की मौत हो गई और 15 गंभीर घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

शुक्रवार की अपराह्न तीन बजे आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर गांव ढकनगला से आ रही बाइक मुरादाबाद की ओर से जा रही कार से टकरा गई। इस बीच चन्दौसी से आ रहा टेंपो भी बाइक व कार से जा भिड़ा। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना पर थाना बनियाठेर प्रभारी मोहित कुमार काजला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। जहां वसीम 24 वर्ष पुत्र शमशाद निवासी गांव मुर्तियापुर थाना ढांडा जिला रामपुर को मृत घोषित कर दिया। बन्ने पुत्र जमील (70 वर्ष) थाना सैंफनी, रामपुर सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया लेकिन उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। हादसे में टेंपो चालक आलम (22 वर्ष) पुत्र नबाव जान,निवासी राजा का सहसपुर बिलारी की भी मौत हो गई। वहीं टेंपो में सवार अंजुम पत्नी अशरफ निवासी मोहम्मद इब्राहिमपुर थाना बिलारी, नेम चंद्र पुत्र एकराम निवासी गांव धर्मपुर थाना उघैती, जनपद बदायूं, हरि शंकर पुत्र रंजीत निवासी गांव खानपुर थाना बिलारी, लक्ष्मी देवी पत्नी आशाराम निवासी मौजमपुर चन्दौसी व उनकी पोती अंजलि पुत्री महीपाल, हुसन बानो पत्नी आले हसन, इनकी पुत्री इरन, पुत्र उमर, समीर, बन्ने पुत्र जमाल निवासी थाना सैफनी, आलम निवासी गांव सहसपुर थाना बिलारी, सुभान पुत्र इरफान निवासी मोहल्ला हाता, धर्म चंद्र पुत्र हेतराम निवासी धर्मपुर थाना उघैती, जनपद बदायूं, बाइक चालक सुनील पाल पुत्र आनंद निवासी ढकनगला, कार सवार शिक्षक अमित कुमार पुत्र राजेंद्र प्रसाद निवासी सीता रोड, शिक्षिका अनुराधा पत्नी महेंद्र पाल निवासी वैशाली नगर, शिक्षक हुकुम सिंह निवासी प्रेम नगर कॉलोनी आदि घायल हो गए।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त टेंपो।




# पैरालंपिक : दो स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनीं अवनि

## 11 वर्ष की उम्र में कमर के नीचे के हिस्से में मार गया था लकवा

पेरिस, एजेंसी

वंडर गर्ल अवनि लेखरा पैरालंपिक खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं, जिन्होंने तोक्यो के बाद पेरिस पैरालंपिक में भी महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच 1) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। अवनि ने फाइनल में 249.7 का स्कोर बनाकर एक नया पैरालंपिक रिकॉर्ड दर्ज किया। 11 वर्ष की उम्र में कार दुर्घटना में कमर के नीचे के हिस्से में लकवा मारने के कारण अवनि व्हीलचेयर पर निर्भर हैं। वह तोक्यो पैरालंपिक 2021 में निशानेबाजी में पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला निशानेबाज बनी थीं। क्वालीफिकेशन में गत चैम्पियन अवनि ने 625.8 स्कोर किया और वह इरिना एस के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। दो बार विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली मोना ने क्वालीफिकेशन में 623.1 स्कोर करके पांचवां स्थान हासिल किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, भारत ने पैरालंपिक 2024 में अपने पदकों का खाता खोला। अवनि लेखरा को आर2 महिला 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 स्पर्धा में पदक जीतने पर बधाई।




## एक नजर

### डॉ. सोमनाथन ने कैबिनेट सचिव का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. टीवी सोमनाथन ने शुक्रवार को केंद्र में कैबिनेट सचिव का पदभार संभाला। डॉ. सोमनाथन ने राजीव गौबा की जगह ली है जो सेवानिवृत्ति हो गए हैं। कैबिनेट सचिव के रूप में शामिल होने से पहले, वह वित्त मंत्रालय में वित्त सचिव और व्यय विभाग के सचिव का कार्यभार देख रहे थे।

### तालाब में डूबने से चार स्कूली छात्राओं की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के डूंगला थाना क्षेत्र में शुक्रवार को स्कूल से लौट रही चार छात्राओं की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक बिलोदा गांव में स्कूल से लौट रही चारों छात्राओं में से एक छात्रा का तालाब में पांव फिसल गया और वह डूबने लगी उसे बचाने के प्रयास में तीन अन्य छात्राएं भी पानी में उतर गई और तालाब की गहराई में डूबने से चारों की मौत हो गई।

# निवेशकों से किए हर वादे धरातल पर उतारेंगे : योगी


## 32 औद्योगिक इकाइयों को 1333 करोड़ प्रोत्साहन राशि दी , बतायी 2017 के पहले की स्थिति

- मुख्यमंत्री ने 4884 करोड़ से अधिक निवेश करने वाली 11 इकाइयों को दिया लेटर ऑफ कम्फर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लोकभवन में 32 औद्योगिक इकाइयों को 1333 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि का देते हुए 4884 करोड़ से ज्यादा निवेश करने वाली 11 औद्योगिक इकाइयों को लेटर ऑफ कम्फर्ट वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में अव्यवस्था, अराजकता और अपराध का माहौल था। प्रदेश में व्यक्ति ही सुरक्षित नहीं था तो पूंजी कैसे लगाता।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की विकास यात्रा में औद्योगिक समूहों को सहभागी बनाने के प्रदेश सरकार के संकल्प को साझा करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया है कि निवेशकों से किए कमिटमेंट (वादे) को धरातल पर उतारने में कोई संकोच नहीं करेंगे। विरोधी दलों की सरकारों पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार की सोच संकीर्ण थी। उनके पास कोई विजन नहीं था। आज प्रदेश में कानून का राज है और निवेश का बेहतर माहौल है। यही वजह है कि निवेश के मामले में भारत का ड्रीम डेस्टिनेशन उप्र बन गया है। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिनके लिए प्रदेश में निवेश के बारे में सोचना भी असंभव था। वे लोग देख लें हमारी सरकार ने असंभव को संभव करके दिखाया है। योगी ने कहा कि फरवरी 2023 में आयोजित हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। इसमें 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भूमिपूजन के साथ धरातल पर उतर चुके हैं। योगी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में यहां के नौजवानों के सामने पहचान का संकट था। वहीं, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग की स्थित बेहतर हुई है। योगी ने कहा कि प्रदेश में 27 सेक्टोरियल पॉलिसी लागू हैं। इन पॉलिसी को बनाने के लिए हमने स्टेकहोल्डर्स से सुझाव लिए। उसमें शासन के दायरे में रहकर जो बिंदु जोड़े जा सकते थे उन्हें हमने जोड़ा।




लोकभवन में उद्यमियों को प्रोत्साहन धनराशि और लेटर ऑफ कम्फर्ट देते योगी।

### वादा पूरा करने में कोई संकोच नहीं : मुख्यमंत्री

योगी ने कहा कि निवेशकों से जो वादा किया है, उन्हें धरातल पर उतारने में कोई संकोच नहीं है। निवेशकों को सहूलियत देने के लिए शासन की नीति के अंतर्गत डबल इंजन की सरकार सारे बैरियर तोड़ेगी। मोदी के 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने में ग्रोथ इंजन के रुप में कार्य हो रहा है।

### अपराधी और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस

योगी ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश में 125 सीएम फेलो तैनात किए हैं, जो औद्योगिक विकास विभाग के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। अपराध, अपराधी और भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है।

# आज के न्यू इंडिया ने गुलामी की जंजीरों को पीछे छोड़ा : मोदी

## कहा - मैं शिवाजी महाराज के चरणों में मस्तक रखकर माफी मांगता हूं

- महाराष्ट्र के पालघर में वधावन बंदरगाह परियोजना की आधारशिला रखी

पालघर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के पालघर जिले में 76,000 करोड़ रुपये की लागत वाली वधावन बंदरगाह परियोजना की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज का न्यू इंडिया अपनी ताकत जानता है और उसने गुलामी की जंजीरों को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि वधावन बंदरगाह देश का सबसे बड़ा कंटेनर बंदरगाह होगा। इस बीच मोदी ने 1,560 करोड़ रुपये की 218 मत्स्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया।

मोदी ने कहा कि परियोजना का उद्देश्य एक विश्व स्तरीय समुद्री प्रवेश द्वार स्थापित करना है, जो बड़े कंटेनर जहाजों की जरूरतों को पूरा करते हुए, समुद्र के तटीय तल को गहरा बनाकर तथा अति विशाल मालवाहक जहाजों को समायोजित करके देश के व्यापार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के तटीय सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने को लेकर भारत के इस वीर सपूत के साथ ही, इस घटना से आहत लोगों से माफी भी मांगी। मोदी ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज... मेरे लिए सिर्फ नाम नहीं हैं, हमारे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज आराध्य देव हैं। पिछले दिनों सिंधुदुर्ग में जो हुआ, आज मैं सिर झुकाकर मेरे आराध्य देव छत्रपति शिवाजी महाराज जी के चरणों में मस्तक रखकर माफी मांगता हूं। उन्होंने कहा हमारे संस्कार अलग हैं। हम वह लोग नहीं हैं जो आए दिन भारत मां के महान सपूत, इसी धरती के लाल वीर सावरकर को अनाप-शनाप गालियां देते रहते हैं, अपमानित करते रहते हैं, देशभक्तों की भावनाओं को कुचलते हैं।



रिमोट दबाकर वधावन बंदरगाह की आधारशिला व अन्य कार्यों का शुभारंभ करते मोदी।

### मोदी ने पिछले वर्ष शिवाजी की प्रतिमा का किया था अनावरण

मोदी ने पिछले साल दिसंबर में सिंधुदुर्ग जिले में नौसेना दिवस समारोह के दौरान प्रतिमा का अनावरण किया था। प्रतिमा का उद्देश्य समुद्री रक्षा के प्रति छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत का सम्मान करना था। राज्य सरकार ने घोषणा की है कि राज्य सरकार के प्रतिनिधियों और तकनीकी विशेषज्ञों वाली नौसेना की अध्यक्षता में एक संयुक्त तकनीकी समिति सोमवार को मूर्ति गिरने के कारणों की जांच करेगी।

# भाजपाई हुए चंपई सोरेन

रांची, एजेंसी

- केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा की मौजूदगी में हुए शामिल

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) छोड़ने के दो दिन बाद पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन शुक्रवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए। राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी की वर्तमान कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने और खुद को अपमानित किए जाने का आरोप लगाते हुए सोरेन ने झामुमो से दशकों पुराना नाता तोड़ लिया था। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा सरमा की मौजूदगी में सोरेन बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। इस दौरान उनका जोरदार स्वागत किया गया, जिससे सोरेन कुछ समय के लिए भावुक भी हो गए।



### शिबू सोरेन के करीबी थे

चंपई को झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन का सबसे निकट सहयोगी माना जाता था। हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद सोरेन को 2 फरवरी को मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया था। हेमंत को जमानत मिलने के बाद उन्हें 3 जुलाई को पद छोड़ना पड़ा था।

# एनआईए का छापा दो लोग हिरासत में

**लखनऊ।** एनआईए ने प्रयागराज और महराजगंज जिले के विभिन्न इलाकों में शुक्रवार को छापेमारी की। यह छापेमारी रेड अर्बन नक्सल फंडिंग के मामले में की गई। इस दौरान एनआईए ने प्रयागराज में इंकलाबी छात्र मोर्चा के सदस्य के बारे में पूछताछ की। प्रयागराज से एक जबकि महराजगंज से दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

शुक्रवार को प्रयागराज में एनआईए टीम कर्नलगंज थाना क्षेत्र पहुंची। यहां इंकलाबी छात्र मोर्चा से जुड़े देवेंद्र आजाद को लेकर पूछताछ की गई। इस दौरान पीसीएस-जे की तैयारी कर रहे एक युवक को भी हिरासत में लिया गया।

# दो लाख 71 हजार ने छोड़ी परीक्षा, 22 गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


## सिपाही भर्ती परीक्षा

- 19 पर एफआईआर दर्ज, अंतिम परीक्षा आज, पुलिस और प्रशासन मुस्तैद

**अमृत विचार:** सिपाही भर्ती परीक्षा शुक्रवार को प्रदेश के 67 जिलों में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। परीक्षा के चौथे दिन प्रदेशभर के 1,174 केंद्रों पर 6,91,936 उम्मीदवार उपस्थित हुए। जांच के दौरान 94 संदिग्धों की पहचान की गई। परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने परीक्षा को हैक करने के प्रयासों से संबंधित 19 एफआईआर दर्ज की और 22 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष राजीव कृष्ण ने कहा कि परीक्षा के दूसरे दिन दो पालियों में 6,91,936 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। पहली पाली में 3,44,590 अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि 4,01,870 ने अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड किया था। इस पाली के दौरान, 61 संदिग्ध उम्मीदवारों की पहचान की गई, लेकिन फिर भी उन्हें परीक्षा देने की अनुमति दी गई। भर्ती बोर्ड उनकी गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखेगा। उन्होंने कहा कि दूसरी पाली में 3,47,346 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 4,01,972 ने अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड किए थे। इस पाली में भी 33 संदिग्ध अभ्यर्थी नोट किए गए।

हालांकि उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई थी, परीक्षा के बाद भी उन पर नजर रखना जारी रखेगा। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य भर में हर केंद्र पर पुलिस तैनात की गई थी। तीन दौर की सुरक्षा जांच से गुजरने के बाद ही उम्मीदवारों को प्रवेश की अनुमति दी गई। परीक्षा के चौथे दिन शुक्रवार को पुलिस ने 19 एफआईआर दर्ज कर 22 लोगों को गिरफ्तार किया, जिन्हें बाद में जेल भेज दिया गया।



लखनऊ में अभ्यर्थियों की चेकिंग करते कर्मी।

# प्रधानमंत्री मेरठ से लखनऊ के लिए आज करेंगे वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत

- यह मुरादाबाद रेल मंडल की तीसरी वंदे भारत ट्रेन है

**मुरादाबाद।** मेरठ से लखनऊ के लिए शनिवार से वंदेभारत का संचालन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुरादाबाद रेल मंडल की तीसरी वंदेभारत ट्रेन का उद्घाटन करेंगे। ट्रेन सप्ताह में छह दिन संचालित की जाएगी। रेलवे प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि रेल मंडल की तीसरी वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा वर्चुअल उद्घाटन से होगी। मेरठ से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। आठ कोच की रैक वाली वंदे भारत के स्वागत के लिए मुरादाबाद और बरेली में विशेष आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शनिवार को वंदे भारत ट्रेन मेरठ से दोपहर 12.35 बजे चलकर मुरादाबाद में 14.30 बजे पहुंचेगी। यहां से चलकर बरेली में 15.51 बजे और वहां से लखनऊ के लिए रवाना होगी। आयोजन में मुरादाबाद की सपा सांसद रुचि वीरा, महापौर विनोद अग्रवाल, नगर विधायक रितेश गुप्ता, एमएलसी समेत विभिन्न जनप्रतिनिधि और गणमान्य मौजूद रहेंगे।

# शिक्षक भर्ती : परीक्षा शीघ्र कराने के निर्देश

विधि संवाददाता, लखनऊ

## हाईकोर्ट का आदेश

- सहायक शिक्षक के 27,713 पदों पर भर्ती का मामला

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार व बेसिक शिक्षा परिषद को आदेश दिया है कि वह वर्ष 2018 में शुरू की गई प्रक्रिया के तहत 27,713 पदों के संबंध में सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा (एटीआरई) कराने के लिए तत्काल कदम उठाएं।

न्यायालय ने कहा है कि यदि इस सम्बन्ध में कोई कानूनी बाधा न हो तो एटीआरई कराने का निर्णय दो माह के भीतर लिया जाए, साथ ही न्यायालय ने मामले में अपील दाखिल करने वाले अभ्यर्थियों को अधिकतम उम्र सीमा संबंधी लाभ दिये जाने पर भी विचार करने का आदेश दिया है। साथ ही कहा कि यदि एटीआरई कराने में कोई बाधा हो तो इस संबंध में विस्तृत जानकारी अखबारों में प्रकाशित कराई जाए ताकि अभ्यर्थियों को पता चल सके कि उक्त परीक्षा क्यों नहीं कराई जा रही है। यह निर्णय न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने अलोक कुमार व अन्य समेत दर्जनों विशेष अपीलों पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया। उक्त अपीलें एकल पीठ के वर्ष 2018 के उस आदेश के विरुद्ध दायर की गई थीं जिसमें 21 मई 2018 के शासनादेश को निरस्त करते हुए, एकल पीठ ने एटीआरई 2018 के न्यूनतम मार्क्स को सामान्य व आरक्षित वर्ग के लिए क्रमशः 45 व 40 बरकरार रखने का आदेश दिया था। 21 मई 2018 के शासनादेश के तहत उक्त न्यूनतम मार्क्स को क्रमशः 33 व 30 कर दिया गया था। अपीलार्थियों का कहना था कि एकल पीठ के आदेश के बाद हुए एटीआरई 2018 में 41,556 अभ्यर्थी ही सफल हो सके लेकिन बचे हुए 27,713 पदों के लिए इसके बाद एटीआरई नहीं कराया गया। वहीं राज्य सरकार व परिषद की ओर से न्यायालय को बताया गया कि तमाम मुकदमों के लम्बित रहने के कारण दूसरी एटीआरई नहीं कराई जा सकी। इस पर न्यायालय ने एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने के सम्बन्ध में उक्त अपीलों को खारिज कर दिया।

## ज्ञान-विज्ञान

खगोलविदों ने दूर की आकाशगंगाओं मे अलग तरह की पहली खोज शुरू की

# एलियन की खोज में दूसरी आकाशगंगाओं में पहुंचा सेटी

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** अलौकिक बुद्धिमत्ता की खोज यानी सर्चिंग फॉर एक्सट्राटेरेस्ट्रियल इंटेलिजेंस (सेटी) अब दूर की आकाशगंगाओं में बुद्धिजीवियों की खोज करने में जुट गया है।

ऑस्ट्रेलिया में खगोलविदों ने 2,800 दूर की आकाशगंगाओं मे अलग तरह की पहली खोज शुरू की है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्रह्मांड में हमसे कहीं अधिक बुद्धिमान जीवन एलियंस मौजूद है। दरअसल सेटी पिछले कई दशक से एलियंस की खोज में जुटा है। संस्था के खगोलशास्त्रियों ने अधिकतर खोज हमारी ही आकाशगंगा के तारों में की है। मगर अभी तक वह सफलता नही मिल पाई है, जिसकी तलाश की जा रही है। वैज्ञानिकों का मानना है कि अंतरिक्ष में हम जैसा ही नही बल्कि हमसे भी अधिक बुद्धिमान जीवन है। जिनकी तकनीक हमसे कहीं अधिक आगे है। इस अनुमान के पीछे छिपे सबूत भले ही अभी तक नही मिले हैं, लेकिन कई संकेत मिलते हैं, जो एलियन के अस्तित्व का संकेत देते हैं। इस खोज में सेटी के खगोलविद जुटे हुए हैं। जिन्होंने अभी तक अपनी मिल्की वे में खोजी अभियान चलाया है। मगर अब इस अभियान में आगे निकल चुके हैं। जिसके तहत खोज के दायरे में 2800 दूसरी आकाशगंगाओं को स्कैन किया गया है। यह पहली बार किया गया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि विदेशी सभ्यताएं हमसे कहीं अधिक उन्नत हैं, जो सिग्नल संचारित कर सकती हैं या इतनी ऊर्जा का उपयोग कर सकती हैं, जो आकाशगंगाओं की बीच की दूरियों का पता लगाया जा सके। उन्होंने 26 अगस्त को नई खोज की घोषणा की और बताया आकाशगंगाओं को स्कैन करने के लिए पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में मर्चिसन वाइडफील्ड ऐरे (एमडब्ल्यूए) का इस्तेमाल किया। खोज की यह नई दिशा है, जो संभवतः एलियन के अस्तित्व का पता लगा सके।



### उड़नतश्तरियों का खूब होता था जिक्र

**नैनीताल :** कभी उड़नतश्तरियों का नजर आना आम हुआ करता था और जिक्र भी। मगर करीब तीन दशकों से इनका दिखाई देना बंद हो चुका है। बताया जाता है कि जब उड़नतश्तरियां आती थी तो कुछ पलों के एक बड़ा क्षेत्र रोशनी से नहा उठता था। अब क्यों नही आती, यह प्रश्न अभी तक अनुत्तरित बना हुआ है।

## शहर में आज



☞ अधिवक्ताओं के द्वारा प. बंगाल में डॉक्टर के साथ हुई बर्बरता के विरोध में व महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन पूर्वाह्न 11.00 बजे।

☞ बुध बाजार स्थित दुर्गा मंदिर में 9 दिवसीय श्रीराम कथा का चौथे दिन कथा शाम 4:00 बजे से।

☞ उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस द्वारा मंडल मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन पूर्वाह्न 11:00 बजे।

## स्मार्ट डिस्ट्रीब्यूशन की तैयारी में जुटा विभाग

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बिजली विभाग अब नोएडा की तर्ज पर सन् 2030 तक स्मार्ट डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम की तैयारी कर रहा है। इसके बाद व्यवस्था को पूरी तरह से ऑनलाइन करने तैयारी अभी से की जा रही है। विभागीय अभिलेखों के साथ उपकरणों के स्टॉक का विवरण भी ऑनलाइन किया जाएगा। इसके अलावा विद्युत केंद्र व उप विद्युत केंद्र भी मेरठ मुख्यालय से ऑनलाइन किए जाएंगे। जिसमें हर विद्युत केंद्र के प्रत्येक उपभोक्ता का विवरण और उसके द्वारा खर्च की गई बिजली की पूरी जानकारी होगी।








स्मार्ट सिटी के तहत किया जा रहे सुंदरीकरण कार्य के चलते दिल्ली रोड पर जहां कारगिल के वीर शहीदो को नमन करते हुए स्टेच्यू बनाया गया है। इसी तरह से कंपनी बाग में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर आधारित स्लोगन को दर्शाया गया है। जगह-जगह किए जा रहे सुंदरीकरण कार्य के कारण महानगर का नजारा बदल गया है। ● अमृत विचार

## एक नजर



एमडीए उपाध्यक्ष को गुलदस्ता भेंट करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### कर्मचारियों ने एमडीए उपाध्यक्ष व सचिव का जताया आभार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** निजी अस्पताल में कम कीमत पर इलाज की सुविधा मिलने पर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों ने शुक्रवार को उपाध्यक्ष व सचिव का आभार जताया। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण कर्मचारी संयुक्त संगठन के अध्यक्ष संजय कुमार सत्संगी ने बताया कि उपाध्यक्ष शैलेष कुमार व सचिव अंजुलता की पहल पर प्राधिकरण के कर्मचारियों का केंद्रीय स्वास्थ्य योजना के तहत विवेकानंद सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में कम दरों पर इलाज की सुविधा मिलेगी। इसलिए हम सभी कर्मचारी उपाध्यक्ष व सचिव का धन्यवाद करते हैं। इस दौरान सभी कर्मचारियों ने उपाध्यक्ष व सचिव को बुके देकर उनका आभार जताया। बोले- नई व्यवस्था से कर्मचारियों को काफी राहत मिलेगी।

# उमस भरी गर्मी ने लोगों को किया बेदम

## अधिकतम पारा 34 डिग्री सेल्सियस पहुंचा, बारिश न होने से हर ओर त्राहिमाम

- राहत पाने के लिए भटकते रहे लोग, हवा न चलने से घरों के बाहर भी सुकून नहीं
- बिजली गुल होने व फाल्ट ने लोगों की परेशानी को और बढ़ाया, बच्चे और बुजुर्गों को हुई ज्यादा दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शुक्रवार को उमस भरी गर्मी से लोग त्राहि कर उठे। भीषण गर्मी ने लोगों को बेदम कर दिया। पसीने से तरबतर लोग राहत पाने के लिए भटकते रहे। लेकिन, घरों के बाहर भी पत्ता न डोलने से लोग व्याकुल हो उठे। भादो के महीने में मई जून जैसी गर्मी रही। अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस पार करने से लोग बेचैन हो गए। ऊपर से बिजली गुल होने व फाल्ट ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी।

एक दिन पूर्व हुई बारिश का असर धूप निकलने पर ही खत्म हो गया। शुक्रवार को सुबह से ही उमस अधिक रही। दोपहर में कड़ी धूप ने लोगों का पसीना निकाला। वहीं उमस अधिक रहने से लोग व्याकुल हो उठे। घरों में पंखे, कूलर बेदम साबित हुए। लो वोल्टेज और थोड़ी-थोड़ी देर पर बिजली गुल होने से लोगों का दम फूलने लगा। गर्मी से बच्चे और बड़े सभी बेचैन हो गए। हालांकि कभी हल्के बादल भी छाए।

शाम को बिजली गुल होने से कई मोहल्लों में लोग सड़कों पर निकल आए। लेकिन, बाहर पत्ता भी न डोलने से लोगों को कोई राहत नहीं मिली। शनिवार को तापमान और बढ़ने का अनुमान है। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह का कहना है कि अभी बारिश के आसार नहीं है। कहीं बादल रहेंगे। 2, 3 सितंबर को हल्की बारिश हो सकती है। अभी तापमान और बढ़ेगा। भादो में औसत से कम बारिश मैदानी क्षेत्रों में हुई है।



शुक्रवार की दोपहर आसमान में हल्के बादल छाए रहे। ● अमृत विचार

## हॉकी में पारकर इंटर कालेज बना विजेता

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस सप्ताह के अंतर्गत 14 वर्ष बालक वर्ग में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें क्षेत्रीय ओलम्पिक संघ ने मुख्य अतिथि नगर विधायक रितेश गुप्ता व संयुक्त सचिव डॉ. अजय पाठक का बुके व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।

हॉकी प्रतियोगिता में पारकर इंटर कॉलेज विजेता और स्टेडियम बालक ए टीम उपविजेता रही। खो-खो में सोनकपुर स्टेडियम विजेता और जीएमएस इंटर कॉलेज उपविजेता रही। वॉलीबॉल में स्टेडियम टीम विजेता व स्टेडियम बी टीम उपविजेता रही। बास्केटबाल में स्टेडियम टीम विजेता और एसएनवीए क्लब उपविजेता रहा। लेमन रेस बालक वर्ग में राजन प्रथम, आदित्य द्वितीय, और शांतनु तृतीय रहे। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर आशी, द्वितीय पर लक्ष्मी व तृतीय स्थान पर कर्निका रही। महिला वर्ग में प्रथम स्थान सोनी, द्वितीय स्थान सविता, तृतीय स्थान रेनू ने प्राप्त किया। विजेताओं को नगर विधायक रितेश गुप्ता ने पुरस्कृत किया। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी प्रेम कुमार ने सभी का आभार जताया।



सर्किट हाउस में बैठक में मौजूद विभागीय अधिकारी। ● अमृत विचार

## सजरा मानचित्र व चादर सीट के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की

- सर्किट हाउस में सिंचाई विभाग व कर्मचारियों के बीच हुई बैठक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शुक्रवार को ग्रेटर शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास प्राधिकारी परियोजना लखनऊ के संयुक्त निदेशक रजनीश प्रकाश व सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता अवधेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें मध्य गंगा नहर निर्माण फेस-दो के संदर्भ में सिंचाई विभाग एवं ग्रेटर शारदा सहायक समादेश के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

दिल्ली रोड स्थित सर्किट हाउस बैठक में मध्य गंगा नहर निर्माण फेज-दो में खंडवार कुलावा 31 आईवी की स्थिति सजरा मानचित्र एवं चादर सीट के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। जिसमें पूर्ण करने के लिए तीन हफ्तों का समय दिया गया। इससे पूर्व बीती 29 अगस्त को रजनीश प्रकाश एवं मुख्य अभियंता द्वारा मध्य गंगा नहर निर्माण खंड की नहर का स्थलीय निरीक्षण के उपरांत नहर में पानी चलता पाया गया। बैठक में प्राविधिक अधिकारी आकांक्षा यादव, उपनिदेशक इंजीनियर रचित कुमार चौहान, उपनिदेशक मेरठ मंडल इंजीनियर पुजारी सिंह और सिंचाई विभाग के खंड एक से 15 तक के सहायक अभियंता, अवर अभियंता तथा समादेश के समस्त क्षेत्रीय कर्मचारी शामिल रहे।

# शिविर लगाकर किया आपत्तियों का निस्तारण, जमा कराया टैक्स

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर निगम की ओर से आईएमए भवन में शुक्रवार को जीआईएस सर्वे की आपत्तियों के निस्तारण व गृह कर व जल कर वसूली के लिए शिविर लगाया गया। इसमें आपत्तियों का सत्यापन कर उसे दूर करने के बाद कर जमा कराया गया।

जोन संख्या-1 में मानसरोवर पानी की टंकी के पास व जोन संख्या-2 में सिंह मंडप चंद्रनगर में शिविर लगा। शिविर में 42 आपत्तियां आईं, जो सभी मौके पर ही निस्तारित कर दी गईं। कई आपत्तियों के निस्तारण के लिए मौके पर टीम भेजी गई। शिविरों में 5,46,125 रुपये गृहकर व जलकर के रूप में जमा कराया गया। शिविर में कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार, राजस्व निरीक्षक सचिन सैनी व उमेश तोमर, जोनल कार्यालय के सभी कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा नगर आयुक्त के निर्देश पर गृह कर व जल कर के बिलों का वितरण स्वयं सहायता समूहों की सहायता से कराया गया।

वहीं निगम के निर्माण अनुभाग की ओर से सार्वजनिक शौचालयों, यूरिनलों की मरम्मत, सफाई, रंगाई-पुताई कराई गई। आशियाना कॉलोनी स्थित तिकोना पार्क, अवंतिका कॉलोनी के हाकिम सराय पार्क में सौंदर्यीकरण कार्य कराया गया। साथ ही महानगर के फैजगंज स्थित कुंआ वाली गली का निर्माण कार्य में पैच मरम्मत व खुले नालों की मरम्मत कराई गई। जलकल अनुभाग की ओर से जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के क्रम में वार्ड 1, 3, 11, 23, 20, 28 आदि में पेयजल पाइपलाइन में लीकेज की मरम्मत कराई गई। साथ ही वार्ड 12, 26, 45, 47 में सीवर सक्शन व सीवर सफाई का कार्य कराया गया। पथ प्रकाश अनुभाग की ओर से 87 एलईडी लाइटों को ठीक कराया गया।




शिविर में आपत्तियों के निस्तारण के बाद कर जमा कराते नगर निगम के कर्मचारी।

## डाक विभाग की मेगा ड्राइव योजना का आज आखिरी दिन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** डाक विभाग की ओर से 29 से 31 अगस्त तक नए खाते खोलने की मेगा ड्राइव योजना चलाई जा रही है। शनिवार को इसका आखिरी दिन है। इसके अंतर्गत ग्राहकों को डाकघर की विभिन्न उच्च ब्याज दरों की बचत योजनाओं में डाकघर खाता निवेश के लिए विशेष सुविधा प्रदान की जा रही है। प्रवर अधीक्षक मुरादाबाद डाक मंडल अमित दत्त ने बताया कि डाकघर बचत खाता (एसबी) किसी भी बचत खाते जैसा ही है। इसमें 4 प्रतिशत की ब्याज दर और न्यूनतम जमा राशि 500 है।

न्यूनतम निकासी राशि केवल 50 है। वहीं आवर्ती जमा खाता डाकघर की लोकप्रिय बचत योजनाओं में से एक है जिसका सभी लाभ उठा सकते हैं। न्यूनतम मासिक जमा राशि 100 है। जिसमे निवेश की कोई अधिकतम सीमा नहीं है। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण के लिए सुकन्या समृद्धि खाता डाकघर में खोला जाता है। इसकी उच्च ब्याज दर 8.2 प्रतिशत है और इसके लिए एक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम जमा राशि 250 और अधिकतम निवेश सीमा 1.5 लाख है। जुड़वां या तीन बच्चों के मामले में, परिवार दो से अधिक ऐसे खातों के लिए आवेदन कर सकता है। जमा की जाने वाली राशि की कोई सीमा नहीं है। सुकन्या समृद्धि डाकघर खाता बालिकाओं के लिए तो वहीं महिलाओं के लिए महिला सम्मान पत्र योजना में कोई भी भारतीय महिला या लड़की डाकघरों में अपना अकाउंट खोलकर 1000 रुपये से अधिकतम 2 लाख रुपये पर सालाना के हिसाब से 7.5 प्रतिशत का निश्चित ब्याज प्राप्त कर सकती है।

# नए व पुराने परमिट निरस्त करने में खेल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** संभागीय परिवहन विभाग में ऑटो रिक्शा के नए परमिट और पुराने को निरस्त करने को लेकर खेल चल रहा है। इसके अलावा परमिट ट्रांसफर करने में विभाग में कार्य कर रहे निजी कर्मचारी सौदेबाजी कर रहे हैं। इसमें कुछ विभागीय कर्मचारियों की सहमति होने की बात भी सामने आई है। आरोप है कि इससे अधिकारी जानबूझकर अनजान बने हैं। विभाग के नियम में परमिट दान देने के स्थान पर दूसरे के नाम करने पर एक-दो लाख रुपये वसूला जाता है।

> ऐसे कोई मामला हमारे सामने नहीं आया है और न ही न्यायालय का कोई आदेश अभी मिला है। अगर ऐसा कोई मामला पुराना है तो उसकी जानकारी कर उसका सही निस्तारण किया जाएगा।
>
> -राजेश सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी

मुरादाबाद जोन के परमिट का रेट सबसे अधिक है। निरस्त परमिट वाले ऑटो चालकों ने विभाग पर उनके परमिट बेचने का आरोप लगाते हुए न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। 2017 में विभाग में कार्यरत तत्कालीन पंजीयन और परमिट बाबू ने मुरादाबाद जोन के 36 ऑटो रिक्शा का परमिट और रजिस्ट्रेशन अन्य राज्य से आई ऑटो रिक्शा बताकर निरस्त किया था। न्यायालय की शरण में गए ऑटो रिक्शा चालकों की रिट पर विभाग के अन्य राज्य के ऑटो रिक्शा चालकों की दलील पर परमिट और पंजीयन निरस्त करने की बात को निराधार माना है। हालांकि इसके बाद सभी ऑटो चालक बेरोजगार हो गए थे। कई बार उन्होंने अधिकारियों से अपनी बात कहने का प्रयास किया लेकिन सुनवाई नहीं हुई। न्यायालय ने ऑटो स्वामियों के मामले में संभागीय परिवहन अधिकारी को एक महीने के भीतर मामले का निस्तारण करने के आदेश दिए हैं।

www.up-rera.in/projects

IS 15700:2018 सेवोत्तम प्रमाणित

उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद

की ओर से अन्य शहरों के साथ, अब आपके शहर मुरादाबाद में भी रिक्त फ्री-होल्ड आवासीय और व्यावसायिक भूखंड नीलामी के माध्यम से प्राप्त करने का स्वर्णिम अवसर।

पंजीकरण जारी



रिक्त आवासीय सम्पतियों के निस्तारण हेतु
पंजीकरण व टोकन धनराशि जमा करने की अंतिम तिथि
दिनांक:- 05.09.2024 तक
ई-नीलामी की तिथि
दिनांक :- 06.09.2024

रिक्त अनावासीय/ प्रीमियम भूखण्ड, ग्रुप हाउसिंग व्यावसायिक सम्पतियों के निस्तारण हेतु
पंजीकरण व टोकन धनराशि जमा करने की अंतिम तिथि
दिनांक:- 06.09.2024 तक
ई-नीलामी की तिथि
दिनांक :- 07.09.2024

तो देर किस बात की ? आज ही बुक करें...

ई-नीलामी पोर्टल
https://upavpauction.procure247.com

ग्रीन फील्ड टाउनशिप, अयोध्या में भी होटल, ग्रुप हाउसिंग, संस्थागत व नर्सिंग होम भूखण्ड उपलब्ध

अधिक जानकारी के लिए लॉग-इन करें:
परिषद की वेबसाईट: www.upavp.in

अन्य शहरों में भी रिक्त फ्री-होल्ड आवासीय और अनावासीय भूखण्ड नीलामी हेतु उपलब्ध हैं।

ई-नीलामी हेतु सम्पर्क करें: +918866287104, +919574524058

नियम व शर्तें : (1) मा० न्यायालय में विचारित प्रकरण तथा अन्य अपरिहार्य कारणों से प्रस्तावित सम्पत्तियों की संख्या घट-बढ़ सकती है। (2) आरक्षित श्रेणी की सम्पत्तियों हेतु आवेदकों द्वारा आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र भी ई-नीलामी पोर्टल पर "Other Document" में अपलोड किया जाना होगा। (3) यदि किसी आवेदक द्वारा आरक्षित श्रेणी की सम्पत्ति के विरुद्ध बोली में प्रतिभाग किया जाता है और बाद में यह पाया जाता है कि सम्बन्धित बोलीदाता उस आरक्षण श्रेणी का नहीं है तो अपूर्ण / अवैध आवेदन मानते हुए समस्त टोकन धनराशि जब्त कर ली जाएगी, बाद में कोई दावा मान्य नहीं होगा। (4) ई-नीलामी में प्रस्तावित सम्पत्तियों का विवरण परिषद की वेबसाइट एवं ई-नीलामी पोर्टल पर उपलब्ध है। रेरा में पंजीकृत प्रोजेक्ट्स से सम्बन्धित सम्पत्तियों के सम्मुख रेरा पंजीकरण संख्या का उल्लेख किया गया है। (5) परिषद की समस्त प्रकार की सम्पत्तियां "जहां है जैसे है" के आधार पर निस्तारित की जायेंगी। (6) समस्त प्रकार की आवासीय/अनावासीय भूखण्डों पर भौतिक कब्जा प्राप्ति के 5 वर्षों के अन्दर मानचित्र स्वीकृत कराते हुये निर्माण कार्य पूर्ण करना होगा। ससमय निर्माण पूर्ण न किये जाने की दशा में नियमानुसार अनिर्माण शुल्क/ समय वृद्धि शुल्क देय होगा। (7) परिषद की समस्त प्रकार की आवासीय / अनावासीय सम्पत्तियां परिषद की सम्पत्ति निस्तारण की विनियमावली में प्राविधानित व्यवस्था के अधीन की जाएंगी।

संपत्तियों एवं पंजीकरण से जुड़ी विस्तृत जानकारी के लिए डायल करें : (टोल फ्री नंबर) 1800-180-5333, 0522-2236803
Website : https://www.upavp.in, E-mail.: info@upavp.com UPHousingBoard

कार्यक्रम — राज्य कर कार्यालय स्थित बार रूम में दि मुरादाबाद टैक्सेशन बार एसोसिएशन ने किया आयोजन

# एशिया बुक ऑफ अवार्ड से सम्मानित अतुल का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** दि मुरादाबाद टैक्सेशन बार एसोसिएशन रजिस्टर्ड की ओर से शुक्रवार को राज्य कार्यालय स्थित बार रूम में एशिया एवं इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा एशिया बुक आफ अवार्ड से सम्मानित अतुल कुमार एडवोकेट को सम्मानित किया गया। उनके कार्य व उपलब्धि को सभी ने सराहा।

कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अतुल कुमार एडवोकेट के बारे में बताया गया कि उन्होंने अभी तक 9 तुलसीकृत रामचरितमानस हाथ से लिखे हैं। दसवां संस्करण उनका लिखा जा रहा है वह उसको लिख रहे हैं यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। जिसके लिए उन्हें सम्मानित करने का अवसर बार एसोसिएशन को भी मिला। इस अवसर पर अध्यक्ष उपदेश चन्द्र अग्रवाल व सचिव अमर शर्मा व अन्य वरिष्ठ साथियों ने अतुल कुमार एडवोकेट को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। उन्हें राजीव जौहरी, राकेश अग्रवाल व अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान मनोज कुमार द्वारा एक फोटो भेंट किया गया। राजकमल रस्तोगी, आरसी शर्मा, एके सिंहल, राज कमल रस्तोगी, राकेश चंद शर्मा आदि ने उनके बारे में अपने विचार व्यक्त किए। सम्मानित एडवोकेट अतुल कुमार ने बताया कि वह यह कार्य सितंबर 1991 से कर रहे हैं। अब तक उनके 9 संस्करण पूर्ण हुए हैं। उन्हें कानपुर में शिखर पान द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। सभा का संचालन एसोसिएशन के सचिव अमर शर्मा और अध्यक्षता उपदेश चंद्र अग्रवाल अध्यक्ष ने किया। सभा में अंकुर अग्रवाल, अरविंद कुमार, बृजेंद्र झकमोला, गौरव अग्रवाल, कौशल कुमार शर्मा, नरेश सिंह, नवीन मिश्रा, सिद्धार्थ अनेजा, वरुण भटनागर आदि मौजूद रहे।



राज्य कार्यालय स्थित बार रूम में एशिया बुक आफ अवार्ड से सम्मानित अतुल कुमार एडवोकेट को सम्मानित करते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

## आज का मौसम

उमस भरी गर्मी रहेगी

36.0⁰ अधिकतम तापमान | 27.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 :52 | सूर्यास्त 06 :39

श्री बाली जी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001



परीक्षा छूटने के बाद स्टेशन रोड पर जाम में फंसे लोग। ● अमृत विचार



रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

### परीक्षा के बाद स्टेशन व रोडवेज पर पहुंची अभ्यर्थियों की भीड़

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा देने के बाद अभ्यर्थियों की भीड़ शुक्रवार को रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस अड्डों पर पहुंची। भीड़ को देखते हुए पहले से पुलिस प्रशासन ने व्यवस्था दुरुस्त कर ली थी, रेलवे स्टेशन पर भीड़ न रहे इसके लिए रेलवे की ओर से स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया। वहीं रोडवेज ने भी दोनों बस अड्डों से अतिरिक्त बसों को रवाना किया। शुक्रवार को अलग-अलग केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा हुई। परीक्षा समाप्त होने के बाद रेलवे स्टेशन पर भारी संख्या में भीड़ उमड़ी। ट्रेन में चढ़ने के लिए अभ्यर्थियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। जैसे ही स्टेशन पर ट्रेन पहुंचती तो अभ्यर्थी उसमें सवार हो जाते। इसके अलावा मुरादाबाद डिपो व पीतल नगरी डिपो पर परीक्षार्थियों की भीड़ पहुंची। जैसे-जैसे बसें आती गईं, उसमें परीक्षार्थी सवार हो गए।

# सख्ती पर 20 फीसदी अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

## तीन स्तरीय सुरक्षा घेरे में परीक्षार्थियों को दिया गया प्रवेश, सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शुक्रवार को चौथे दिन की पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा हुई तो अभ्यर्थियों की उपस्थिति भी बढ़ गई। दो पालियों में 18 हजार 640 अभ्यर्थियों ने पेपर दिया, जो कुल अभ्यर्थियों का 79.58 फीसदी है। हालांकि इस दौरान 4 हजार 784 अभ्यर्थियों ने सिपाही बनने का सपना छोड़ दिया। परीक्षा के दौरान पुलिस अधिकारियों ने केंद्रों पर पहुंच कर व्यवस्था का जायजा लिया। सुबह से ही केंद्रों पर अभ्यर्थियों की कतार लग गई। तीन स्तरीय सुरक्षा घेरे में परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया।

फरवरी में पेपर लीक होने के कारण निरस्त हुई पुलिस सिपाही भर्ती पुर्नपरीक्षा कराई जा रही है। इस बार केंद्रों की तीन स्तरीय सुरक्षा-व्यवस्था की गई है। 23, 24, 25 अगस्त को परीक्षा सकुशल संपन्न हुई है। शुक्रवार को परीक्षा का चौथा दिन था। इस दौरान पहली सुबह की पाली में 11 हजार 712 अभ्यर्थियों में से 9 हजार 275 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। जबकि दूसरी पाली में उपस्थित अभ्यर्थियों की संख्या 9 हजार 365 रही। इस तरह रविवार को दोनों पालियों में कुल 23 हजार 424 में से 18 हजार 640 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। परीक्षा के चौथे दिन भी परीक्षार्थियों की उपस्थिति बढ़ी है। रविवार की उपस्थिति 79.58 फीसदी रही। पुलिस भर्ती के नोडल अधिकारी एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि शुक्रवार को पहली पाली में 2 हजार 437 और दूसरी पाली में 2 हजार 347 अभ्यर्थियों को मिलाकर कुल 4,784 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित अभ्यर्थियों की संख्या 20.42 फीसदी रही है। शुक्रवार सुबह से ही परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की कतार लगी रही। गेट पर ही सघन चेकिंग के बाद अंदर प्रवेश दिया गया। परीक्षा केंद्र के अंदर एआई से सत्यापन करने के बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में जाने दिया गया। प्रत्येक अभ्यर्थी ने सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में पेपर दिया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने केंद्रों पर पहुंच कर व्यवस्था का जायजा लिया। चौथे दिन भी परीक्षा सकुशल संपन्न हुई है। एक भी नकलची नजर नहीं आया।



बलदेव आर्य कन्या इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

**पुलिस भर्ती परीक्षा**

- **सुबह से ही सभी केंद्रों पर अभ्यर्थियों की कतार लगी रही**
- **परीक्षा के दौरान केंद्रों का पुलिस अधिकारी लेते रहे जायजा**

ये मेरी दूसरी परीक्षा है। इस बार भी पेपर लीक होने का डर सता रहा है। गणित और रीजिनिंग के प्रश्न काफी कठिन थे। हिंदी और जीके बहुत आसान थी। मैंने करीब 80 फीसदी प्रश्नों को हल किया है।



**-अखिल,** बदायूं

### परीक्षा के बाद बोले अभ्यर्थी

फरवरी में हुई परीक्षा के मुकाबले इस बार पेपर आसान आया है। लेकिन गणित और रीजनिंग के सवालों ने उलझाए रखा। सवाल हल न होने पर छोड़ दिए हैं। करीब 82 फीसदी प्रश्न हल किया है।



**-सिमरन,** रामपुर

इस बार परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के घेरे में दी है। गणित और जीके के प्रश्नों को छोड़कर सारे सवाल हल किए हैं। करीब 89 प्रतिशत पेपर सही हुआ है। इस बार मेरिट हाई जाएगी।



**-हिमांशू,** बागपत

23 अगस्त को परीक्षा के मुकाबले शुक्रवार को पेपर कठिन था। रीजनिंग के अधिकतर प्रश्नों ने उलझाया। बाकी हिंदी बहुत ही आसान थी। गणित के भी कुछ सवाल हल नहीं किए हैं।



**- प्राची यादव,** अमरोहा

# परीक्षा छूटते ही यातायात के इंतजाम धड़ाम, लगा जाम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पुलिस भर्ती परीक्षा देकर अभ्यर्थियों के बाहर निकलते ही यातायात के इंतजाम ध्वस्त हो गए। गुरुवार दोपहर को स्टेशन रोड पर भारी जाम लगा गया। पांच मिनट का सफर तय करने में लोगों को 30 मिनट लग गए। घंटों जाम में फंसने पर लोग बेहाल हो गए। दिनभर वाहन रेंग-रेंगकर कर निकले। गाड़ियों के फंसने पर यातायात पुलिस ने कमान संभाली। शाम के बाद यातायात सुचारू हो सका।

पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए मेरठ, बदायूं, अमरोहा, बिजनौर, बरेली से सुबह 7 बजे से अभ्यर्थी पहुंचना शुरू हो गए थे। काफी संख्या में अभ्यर्थी अपनी बाइक और गाड़ियों से भी पहुंचे। सिविल लाइंस, कटघर, कोतवाली अन्य थाना क्षेत्रों में केंद्र बनाए गए हैं। केंद्रों के बाहर फुटपाथ पर गाड़ियां पार्क कर दी गई। सुबह की पहली पाली की परीक्षा समाप्त होने के बाद स्टेशन रोड समेत अन्य मुख्य मार्गों पर भारी जाम लग गया। स्कूलों की छुट्टी ने समस्या और बढ़ा दी। दोपहर डेढ़ बजे से परीक्षार्थी और स्कूल वाहनों के आने पर वाहन रेंग-रेंगकर चलते रहे। घंटों तक लोग सड़क पर जूझते रहे। ऐसे में लोगों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। राहगीरों को पांच मिनट का सफर तय करने में 30 मिनट का समय लगा। परीक्षार्थियों के बाहर आते ही सड़कों पर यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो गई। जाम की स्थिति के बाद ट्रैफिक पुलिस ने कमान संभाली। पुलिसकर्मियों ने शाम के बाद यातायात सुचारू कराया।

**परेशानी**

- **रेंगते रहे वाहन, घंटों जाम से बेहाल रहे लोग**
- **स्टेशन रोड पर भारी जाम के कारण लोगों को हुई दिक्कत**

### परीक्षा का आज अंतिम दिन

23 अगस्त से शुरू हुई पुलिस भर्ती परीक्षा का आज अंतिम दिन है। अब तक 72 हजार 901 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए हैं। हालांकि 93 हजार 696 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिनमें से 20 हजार 797 परीक्षार्थियों ने सिपाही बनने का सपना छोड़ दिया। बता दें, कि दूसरे चरण की परीक्ष में चौथे दिन भी अभ्यर्थियों की उपस्थिति बढ़ी है। चार दिन से चल रही परीक्षा कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था की बीच संपन्न हुई है। परीक्षा की निगरानी के लिए एसटीएफ समेत सुरक्षा एजेंसियां निगरानी में लगी हुई हैं। शनिवार को परीक्षा का अंतिम दिन है।

## एक नजर

### पुलिस के हत्थे चढ़ा तस्कर एक किलो गांजा बरामद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना पुलिस ने आंबेडकर नगर डबल फाटक निवासी अमन को तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि एसआई योगेश कुमार की टीम ने शुक्रवार सुबह मुखबिर की सूचना पर आरोपी अमन को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक किलो गांजा और साढ़े पांच सौ रुपये की नकदी बरामद की गई है। आरोपी किसी व्यक्ति को सप्लाई देने के लिए गांजा लेकर जा रहा था। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

### लापरवाही बरतने पर उपनिरीक्षक निलंबित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लापरवाही और शिथिलता बरतने पर एसएसपी सख्त हो गए हैं। विवेचना में लापरवाही बरतने पर बिलारी थाने के उपनिरीक्षक को एसएसपी ने निलंबित कर दिया है। एसएसपी की कार्रवाई को लेकर पुलिस महकमे में खलबली मची है। किसी तरह की शिकायत न हो जाए इसका जिम्मेदारों को इसका डर सताने लगा है। एसएसपी सतपाल अंतिल ने जिम्मेदारों को काम में लापरवाही और शिथिलता बरतने पर सख्त हिदायत दी। उन्होंने इससे पहले थाना प्रभारी समेत पांच पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर किया था। एक निलंबित किया था। इसी कड़ी में लंबित विवेचनाओं में लापरवाही बरत रहे बिलारी थाने के उपनिरीक्षक रामकुमार को गुरुवार देर रात एसएसपी ने निलंबित किया है।

### कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार, भेजा जेल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विधिक कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि शुक्रवार दोपहर को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने आदर्श नगर में छापेमारी की थी। इसी दौरान थाना क्षेत्र के आदर्श नगर निवासी विनोद को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। वहीं कई शराब बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# भाभी से दुष्कर्म का प्रयास, घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **चार साल पहले दिल्ली के युवक से हुई थी शादी, पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार :** दहेज उत्पीड़न को लेकर देवरों ने भाभी के साथ छेड़छाड़ कर दी। विरोध करने ससुरालियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर महिला थाने में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कटघर थाना क्षेत्र की निवासी महिला ने दी तहरीर बताया कि उसकी शादी 8 मई 2021 को दिल्ली के महिपालपुर थाना क्षेत्र निवासी युवक से हुई थी। शादी के बाद वह दिल्ली की एक कंपनी में काम करती है। बावजूद इसके पति, ससुर, सास, देवर जितेन्द्र व खुशवंत दहेज को लेकर ताना मारने लगे। आरोप है कि पति और ससुराल वाले कार और 15 लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। पति ने फोन भी छीन कर रख लिया। आरोप है कि पति ने उसके मोबाइल से स्टाफ के फोटो निकाल कर एडिट करके अश्लील फोटो बना लिए। बाद में उसे वायरल करके बदनाम करने की धमकी देने लगा। दोनों देवर उसके ऊपर बुरी नजर रखते थे। जब भी उसे अकेला पाते उसके साथ छेड़छाड़ और अश्लीलता करते थे। मई 2022 में छोटे देवर ने पीड़िता के कमरे में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। बाद में इसकी शिकायत पति से की तो उसने मारपीट कर घर से निकाल दिया। वह मायके चली गई। बाद रिश्तेदारों के दबाव में आकर ससुराल वाले उसे साथ ले गए। इसके बाद 5 जुलाई 2024 को भी बड़े देवर ने पीड़िता के साथ इसी तरह की हरकत की। जिसकी शिकायत करने पर आरोपी पति और दोनों देवर ने मिलकर पीड़िता के साथ मारपीट की और उसे एक जगह छोड़कर चले गए। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस में शिकायत की। महिला थाना पुलिस ने कई बार आरोपियों को बुलाया, लेकिन वह लोग नहीं आए। तब से पीड़िता अपने मायके में ही रह रही है। परेशान होकर पीड़िता ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। एसओ महिला थाना चंद्रप्रभा गौतम ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति समेत पांच ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अध्यापिका से पड़ोसी ने की छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** निजी स्कूल की अध्यापिका से पड़ोसी ने छेड़छाड़ कर दी। पीड़िता ने मामले में एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

मझोला थाना के मंडी समिति चौकी क्षेत्र निवासी स्नातक पास युवती निजी स्कूल में अध्यापिका है। युवती ने दी तहरीर में बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाला युवक वह कई बार रास्ते में रोककर उससे छेड़छाड़ कर चुका है। बीती 27 अगस्त की शाम को वह छत पर कपड़े उतारने गई थी। इसी दौरान पड़ोसी उसकी छत पर आ गया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। इसकी शिकायत मंडी समिति चौकी पर की तो पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। बाद में उसे छोड़ दिया।

# दुष्कर्म के बाद धर्मांतरण का बनाया दबाव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **लव जिहाद का शिकार हुई युवती शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा आरोपी**

**अमृत विचार:** दिल्ली की एक युवती लव जिहाद का शिकार हो गई। युवती के दोस्त के मोबाइल से नंबर चुराकर युवक ने पहले फोन पर दोस्ती की...फिर बात शादी तक पहुंच गई। बातों ही बातों एक-दूसरे से प्यार हो गया। इसके बाद युवक ने तंत्र विद्या कर युवती के साथ दुष्कर्म किया। गर्भवती होने पर युवक धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर युवक ने गर्भपात कराकर युवती को छोड़ दिया। पीड़िता ने मामले में एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

दिल्ली की रहने वाली युवती ने दी तहरीर में बताया कि दो साल पहले उसके पास मूंढापांडे के गांव खानपुर लक्खी निवासी नावेद का फोन आया था। नावेद ने युवती के दोस्त के मोबाइल से नंबर चुराकर फोन किया था। दोनों फोन पर बातचीत करने लगे। इसी बीच युवक ने तंत्र विद्या करके युवती को प्रेमजाल में फंसा लिया। आरोप है कि शादी का झांसा देकर युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी दौरान अश्लील फोटो और वीडियो बना ली। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर नावेद एक साल तक शारीरिक संबंध बनाता रहा। इसके बाद युवती ने शादी करने को कहा। आरोप है फिर से अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने लगा। आरोपी की हरकतों से तंग आकर पीड़िता ने उसके घरवालों से संपर्क किया। तो आरोपी की बहन गुलिस्ता, चाचा-चाची पीड़िता का धर्म परिवर्तन कराकर शादी की बात कहने लगे। इसी बीच लव जिहाद में फंसकर युवती गर्भवती हो गई। आरोप है कि नावेद ने पीड़िता के साथ जबरदस्ती करके उसका गर्भपात करा दिया। बीती 14 अगस्त को पीड़िता ने नावेद को मिलने के लिए बुलाया। उसने मिलने से मना कर दिया। परेशान होकर पीड़िता ने नावेद के परिजनों को फोन किया। आरोप है कि उन्होंने फोन पर गाली गलौज की। जान की सुरक्षा के लिए पीड़िता ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। एसएसपी ने संबंधित थाने को आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत, आत्महत्या का शक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **क्षत-विक्षत हालत में मिला शव अगवानपुर रेलवे पुल के पास हुआ हादसा**

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अगवानपुर में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत हो गई। उसका शव दो हिस्सों में बंट गया। पुलिस ने क्षत-विक्षत हालत में शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फिलहाल पुलिस आत्महत्या का मामला मान रही है।

नागफनी थाना क्षेत्र के दीवान का बाजार निवासी पवन शर्मा (34) बिना बताए शुक्रवार तड़के घर से निकला था। इसी दौरान उसकी अगवानपुर रेलवे पुल के निकट ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। सुबह घर से टहलने निकले लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पहुंची पुलिस को क्षत-विक्षत हालत में शव बरामद करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल से 50 कदम दूर उसकी बाइक खड़ी मिली है। वहीं रेलवे ट्रैक पर ही टूटा हुआ मोबाइल बरामद हुआ है। पुलिस ने युवक की जेब में रखे आधार कार्ड से शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। हादसे की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया।

पत्नी बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। पुलिस ने शाम तक पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। घर वालों ने नम आंखों से अंतिम संस्कार किया। थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया है कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस आत्महत्या का केस मान रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**वंदेभारत ट्रेन** आज उद्घाटन के बाद एक सितंबर से नियमित होगा संचालन, रेलवे ने जारी की किराया सूची

# 1300 रुपये में मेरठ से लखनऊ तक करें सफर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मेरठ से लखनऊ के लिए शनिवार को शुरू होने वाली वंदे भारत ट्रेन का नियमित संचालन एक सितंबर से किया जाएगा। उससे पहले रेलवे प्रशासन ने वंदे भारत ट्रेन की किराया सूची जारी कर दी है। यात्री मेरठ से लखनऊ तक 1355 रुपये में आरामदायक सफर कर सकेंगे। जबकि लखनऊ से मेरठ तक का किराया 1300 रुपये निर्धारित किया है। जबकि कैटरिंग चार्जेस की वजह से दोनों ओर के किराये में अंतर रहेगा। वंदे भारत ट्रेन में एग्जीक्यूटिव क्लास समेत 439 सीटें हैं।

शनिवार को मेरठ स्टेशन से वंदे भारत ट्रेन को दोपहर में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इससे पहले प्रधानमंत्री इसकी वर्चुअल शुरुआत करेंगे। ट्रेन का विधिवत संचालन रविवार एक सितंबर से शुरू होगा। रेलवे प्रशासन ने ट्रेन की किराया सूची जारी की है।

यात्री वातानुकूलित वंदे भारत में 1355 रुपये में मेरठ से लखनऊ के सफर आनंद ले सकेंगे। मेरठ से दो सितंबर को चलने वाली ट्रेन (22490) में एक्जीक्यूटिव क्लास में किराया 2415 रुपये निर्धारित किया गया है। मेरठ से मुरादाबाद तक चेयरकार में 610 रुपये व मुरादाबाद से लखनऊ तक 1160 रुपये किराया अदा करना होगा। एक सितंबर को लखनऊ से चलने वाली वंदे भारत का मेरठ तक किराया चेयरकार में 1300 रुपये रहेगा।

इसी क्लास में लखनऊ से मुरादाबाद तक 880 रुपये और मुरादाबाद से मेरठ तक 710 रुपये किराया लगेगा। जबकि मुरादाबाद से बरेली का किराया चेयरकार में 550 रुपये व एक्जीक्यूटिव क्लास में 980 रुपये रहेगा।

सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि मेरठ से मुरादाबाद वंदे भारत ट्रेन दोपहर 2:30 बजे आएगी। इसके स्वागत कार्यक्रम के साथ ही ट्रेन को बरेली के लिए रवाना किया जाएगा। ट्रेन का बरेली में भी स्वागत कार्यक्रम रखा है। रविवार से ट्रेन का नियमित संचालन होगा।



### वंदे भारत ट्रेन का किराया एक नजर में

लखनऊ से मेरठ (22489)- चेयरकार 1300 व एग्जीक्यूटिव क्लास 2365 रुपये
लखनऊ से मुरादाबाद चेयरकार 880 व एग्जीक्यूटिव क्लास 1710 रुपये
मुरादाबाद से मेरठ चेयरकार 710 व एग्जीक्यूटिव क्लास 1195 रुपये
मेरठ से लखनऊ (22490) चेयरकार 1355 व एग्जीक्यूटिव क्लास 2415
मेरठ से मुरादाबाद चेयरकार 610 व एग्जीक्यूटिव क्लास 1110 रुपये
मुरादाबाद से लखनऊ चेयरकार 1160 व एग्जीक्यूटिव क्लास 2005 रुपये

# घृणा अपराध मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **हिंदू लड़के से बात करने पर स्कूटी सवार ने की थी आपत्तिजनक टिप्पणी**

**अमृत विचार:** कटघर थाने के निकट विशेष समुदाय की युवती से दुस्साहसिक तरीके से घृणा अपराध के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। हिंदू लड़के से बात करने पर स्कूटी सवार ने आपत्तिजनक टिप्पणी कर बुर्का खींचकर छींटाकशी कर दी थी। विरोध करने पर मुफ्ती साहब को बुलाने की धमकी देने लगा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र की निवासी युवती ने बताया था कि वह कटघर थाना क्षेत्र स्थित निजी अस्पताल में नौकरी करती है। गुरुवार शाम 7:30 बजे ड्यूटी से वापस घर जा रही थी। इसी दौरान कटघर थाने के निकट गुलाबबाड़ी फाटक के पास रास्ते में पीड़िता का दोस्त सिद्धार्थ मिल गया था। वह खड़े होकर सिद्धार्थ से बातचीत करने लगी थी। इसी दौरान पीड़िता के ही समुदाय का स्कूटी सवार युवक पहुंच गया था। स्कूटी सवार युवक ने हिंदू लड़के से बात करने पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। दुस्साहसिक तरीके बुर्का खींचकर छींटाकशी की थी। पीड़िता के विरोध करने पर मुफ्ती साहब को बुलाने की धमकी देने लगा था।

घृणा अपराध को लेकर पीड़िता ने कटघर थाने में शिकायत की थी। मामले में पुलिस ने शुक्रवार को अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया है कि आरोपी की शिनाख्त के लिए घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर



रामडोल के जुलूस में शामिल झांकी।

## नगर में धूमधाम से निकला रामडोल का जुलूस

**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर में रामडोल का जुलूस हर्षोल्लास से निकाला गया। जिसमे सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस दौरान झांकियां भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। नगर पंचायत के मोहल्ला रामलीला मैदान राम मंदिर से रामडोल का जुलूस निकाला गया। जिसमें काफी संख्या में झांकियां शामिल रहीं। इस दौरान रामडोल का जुलूस राम मंदिर से निकल कर जम्भेश्वर राय मंदिर से होता हुआ शुक्रवार के बाजार से घास मंडी होता हुआ वापस राम मंदिर पर पहुंच कर संपन्न हुआ। इस दौरान सिविल लाइन इंस्पेक्टर मनीष कुमार सक्सेना, चौकी इंचार्ज मेघराज सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इस दौरान अंशुल गुप्ता, सरजू विश्नोई, चंद्रशेखर भदौरिया, अभिनव गुप्ता, वरुण विश्नोई, डॉ. राकेश कुमार, सुनील कुमार, प्रवेश कुमार विश्नोई आदि मौजूद रहे।

## तेंदुए के हमले में बिल्ली की मौत, लोगों में दहशत

**अगवानपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार की सुबह लगभग चार बजे तेंदुए ने बिल्ली पर हमला कर दिया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। शोर मचाने पर तेंदुआ वहां से भाग निकला। नगर पंचायत के मोहल्ला सराय फारूख निवासी मो. अब्बास अपने घर में थे। सुबह लगभग चार बजे बिल्ली के चीखने की आवाज आई। जैसे उस पर किसी बड़े जानवर ने हमला कर दिया हो। आवाज सुनकर अब्बास ने शोर मचा दिया। जिससे तेंदुआ भाग गया। जब सुबह उठकर देखा तो घर के सामने मरी हुई बिल्ली पड़ी थी और उसके आसपास तेंदुए के पंजों के निशान भी मौजूद थे। जिससे पूरे मोहल्ले में दहशत है।

## ठाकुरद्वारा में सफाईकर्मियों को बांटी सेफ्टी किट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी ने अपने कार्यालय में अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य के साथ शुक्रवार को सफाई कर्मियों को सेफ्टी किटें बांटीं। इनमें एप्रन, मास्क, ग्लब्स शामिल हैं। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि सफाई कर्मियों की सुरक्षा के लिए किट का वितरणसा किया गया है। किट वितरण के दौरान राकेश हमराही, चंचल कुमार, देवेन्द्र नागपाल, आकेश कुमार आदि मौजूद रहे।



गृह कर की समस्या को लेकर अपर नगर आयुक्त से मुलाकात करते निर्यातक।

# गृह कर की समस्या के समाधान को अपर नगर आयुक्त से मिले निर्यातक

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** गृह कर की समस्याओं को लेकर शुक्रवार को यस, एमएचईए, एमसीटी व एचआरसी के संयुक्त तत्वाधान में निर्यातकों ने अपर नगर आयुक्त से मुलाकात कर हाउस टैक्स की विभिन्न समस्याओं के बारे में चर्चा की।

मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के महासचिव अवधेश अग्रवाल ने कहा कि हमारे निर्यातक साथी अपना हाउस टैक्स जमा करना चाहते है, लेकिन अभी बिल में वाटर टैक्स लगा हुआ आ रहा है। जिसके कारण टैक्स जमा करने में दिक्कत आ रही है। उन्होंने अपर नगर आयुक्त से मांग किया कि बिल पोर्टल से वाटर टैक्स को हटवाया जाए, जिससे निर्यातक हाउस टैक्स जमा कर सकें। जिस पर अपर नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया कि जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा। इस मौके पर नीरज विनोद खन्ना, अनुराग ढल, अनुराग मिश्रा व सतीश सक्सेना शामिल रहे।

### गोकुलदास हिन्दू गर्ल्स कॉलेज में पूर्व छात्रा समागम कार्यक्रम का आयोजन, छात्राओं को सुनाए संस्मरण

# मार्गदर्शक की तरह होते हैं किसी भी संस्थान के पुराने छात्र

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** गोकुलदास हिन्दू गर्ल्स कॉलेज में शुक्रवार को पूर्व छात्रा समागम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी शुरुआत मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर और सरस्वती वंदना के साथ हुई।

अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्या प्रो. डॉ. चारू मेहरोत्रा ने कहा कि किसी भी संस्थान के लिए पुराने छात्र एक मार्गदर्शक की तरह होते हैं। जो नए छात्रों को उनके कॅरिअर में आने वाली चुनौतियों से निपटने का मार्गदर्शन करते हैं। एल्युमिनाई एक तरह से अपने कॉलेज के हितधारक होते हैं, जो अपने बहुमूल्य सुझावों एवं मार्गदर्शन से महाविद्यालय की प्रगति में सहायक सिद्ध होते हैं। पूर्व छात्राओं के लिए फिर से अपने कॉलेज परिसर में वापस आकर नए छात्रों के साथ बातचीत करना, उन्हें अपने संस्मरण सुनाना अपने आप में एक अविस्मरणीय रोमांचकारी पल है। एल्युमिनाई मीट का मुख्य उद्देश्य पुराने पलों और पुराने रिश्तों का उत्सव मनाने के साथ-साथ नए रिश्तों का नया अध्याय शुरू करना है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ रेलवे अधिकारी (डीओएम) अंजू सिंह ने कहा- ऐसे कार्यक्रमों से सभी को एक मंच पर आने का अवसर मिलता है। महाविद्यालय की उप प्राचार्या प्रो. अंजना दास ने कहा- एल्युमिनाई मीट एक ऐसा मंच है जो आपको अपने पूर्व के साथियों और शिक्षकों से मिलने का स्वर्णिम अवसर प्रदान करता है जिससे आप निर्जीव हो चुके संपर्कों को पुनर्जीवित कर सकें।



गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में एल्युमिनाई मीट में सम्मानित छात्राएं। ● अमृत विचार

समिति की सचिव प्रो. सीमा गुप्ता ने पूर्व छात्रा समिति सोसायटी के गठन के विषय में बारे में बताया। कहा कि समिति 15 वर्षो से निरंतर कार्यरत है। प्राचार्या प्रो. चारू मेहरोत्रा ने अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। महाविद्यालय की वरिष्ठ एवं विशिष्ट सहयोगी पूर्व छात्राओं अलका टंडन रिटायर्ड आईएएस, डॉ. हुमा खान, सुशीला मेहरोत्रा, मंजू गोयल, निशा खानम को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यकारिणी सदस्याओं में प्रो. अंजना दास, प्रो. अंशु सरीन, प्रो. सीमा गुप्ता, प्रो अंचल गुप्ता, डॉ. इन्दु सिंह राजपूत, डॉ. शेफाली अग्रवाल, डॉ. रूपाली गुप्ता, श्रीमती इंदुलेखा एडवोकेट, डॉ. सीमा शर्मा, श्रीमती नीतू सक्सेना, निशा खानम, सुरभि त्रिखा शामिल हैं। महाविद्यालय की पूर्व छात्रा स्वर्गीय मनोरमा शर्मा की स्मृति में उनके पारिवारिक सदस्यों ने स्नातक स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली एवं स्नातकोत्तर हिन्दी परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा को 10-10 हजार की नकद धनराशि के साथ मनोरमा मेमोरियल अवार्ड देने की घोषणा की गयी।

पूर्व एवं वर्तमान छात्राओं द्वारा नृत्य-संगीतमयी मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। हाउजी एवं अन्य विविध मनोरंजक सरप्राइज गेम भी खिलाए गए। जिसमें मीनू अहलूवालिया, मंजूषा मित्तल, मधु सक्सेना, अलका टंडन आदि विजेता रहीं। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. कविता भटनागर ने किया। संचालन प्रो. सीमा गुप्ता एवं प्रो. अंचल गुप्ता ने किया। एल्युमिनाई छात्राओं में डॉ. अलका अग्रवाल, क्षमा गोयल, नीतू तिवारी, एकता सिंघल, इंदू सिंह आदि ने महाविद्यालय से जुड़े अनुभव साझा किए।

# महानगर में गणेश चतुर्थी की धूम भा रहीं पगड़ी वाली भव्य मूर्तियां

### मूर्तियां तैयार कर रहे महाराष्ट्र और राजस्थान के कारीगर

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** महानगर में गणेश चतुर्थी को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। बाजारों में गणेश महोत्सव के लिए खूब खरीदारी हो रही है। वहीं दूसरी ओर मूर्तिकार भी भगवान गणेश की मूर्तियों को अंतिम रूप देने में लगे है। इस बार महाराष्ट्र व राजस्थान के कारीगरों द्वारा तैयार की गईं भगवान गणेश की भव्य व दिव्य प्रतिमा महानगर के अलग-अलग क्षेत्रों विराजमान होंगी। इन कलाकारों की बनाई विघ्नहर्ता गणेश की पगड़ी वाली भव्य मूर्तियां लोगों को खूब भा रही हैं।

गणेश चतुर्थी पर हर साल महानगर के अलग-अलग इलाकों में गणपति पूजा का भव्य आयोजन होता है। इस बार भी भक्तों में जबरदस्त उत्साह है। कई जगह बड़े और आकर्षक पंडाल में गणपति बप्पा की मूर्तियां विधि-विधान से स्थापित होंगी। गणेश उत्सव को लेकर आम लोगों के बीच खासा उत्साह देखकर मूर्तिकारों में भी ऊर्जा का संचार हो रहा है। राजस्थान के उदयपुर के कलाकार तीन महीने पहले से यहां श्रीगणेश की मूर्तियां बना रहे है। अब यह काम अंतिम चरण में है। कलाकार बड़ी मूर्तियों के रंग रोगन में दिन रात जुटे हैं।



खुशहालपुर में गणेश चतुर्थी के लिए भगवान गणेश की मूर्ति को अंतिम रूप देता मूर्तिकार।

इस बार महंगाई का असर भगवान गणेश की मूर्तियों पर भी दिख रहा है। मूर्तिकार महेश कुमार ने बताया कि लगभग 20 से 25 फीसदी तक मूर्तियां महंगी हो गई हैं। मूर्तिकार अलग-अलग डिजाइन और पैटर्न में गणेश प्रतिमा का निर्माण कर रहे हैं। बाजार में दो फीट से लेकर 10 फीट तक की गणेश प्रतिमाएं देखने को मिल रही हैं। वहीं दूसरी ओर महानगर के बाजार गंज, अताई मोहल्ला और अन्य स्थानों पर बड़े स्तर पर गणेश महोत्सव आयोजित होंगे। जिसको लेकर आयोजक तैयारियों में जुटे हैं।



अगवानपुर में कर्बला के शहीदों की याद में ताबूत निकालते लोग। ● अमृत विचार

## कर्बला के शहीदों की याद में निकाले ताबूत

**अगवानपुर, अमृत विचार:** माहे सफर की 23 तारीख को कर्बला के शहीदों की याद में अठारह बनी हाशिम के ताबूत बरामद किए गए। इस दौरान पूरी रात शब्बेदारी हुई। जिसमें बेहरूनी व मेहमान अंजुमनों ने नोहाख्वानी की।

नगर पंचायत के मोहल्ला सराय फारूख स्थित इमामबारगाह पंजेतनी में मजलिस का आयोजन किया गया। जिसको मौलाना मुजफ्फर हुसैन सुहाववी ने खिताब करते हुए कहा कि इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम ने दुनिया को ये पैगाम दिया कि जुल्म के आगे कभी घुटने नहीं टेकने चाहिए। मजलिस के बाद शब्बेदारी में अंजुमन जीनत ए अजा, अंजुमन हुसैनी सिरसी सादात, अंजुमन यादगारे हुसैनी नोगावा सादात, अंजुमन तंजीमे हुसैनी, अंजुमन अल मुर्तुजा कुंदरकी सादात व अर्शी मेरठी ने नोहाख्वानी और सीनाजनी की। इस दौरान तसव्वर हुसैन, शाने अब्बास, विक्की नकवी, नैय्यर अब्बास नकवी, दानिश रजा, मो. हैदर, मो. रजा, यासीन मौजूद रहे।

## अधिशासी अभियंता से की विद्युत तार न जोड़ने की शिकायत, जेई को दिए निस्तारण के निर्देश

**कांठ, अमृत विचार:** तीन दिन पूर्व विशनपुरा निवासी ईशम सिंह यादव ने विद्युत निगम के अधिशासी अभियंता को बताया था कि लाइन के तार टूटे गए हैं। लाइनमैन, अवर अभियंता, एसडीओ शिकायत के बाद भी समस्या का निस्तारण करने को गंभीर नहीं है। इसके अलावा भी अवर अभियंता की मनमानी कार्यशैली को लेकर क्षेत्रवासी अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं। इसके बाद भी उनकी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं हुआ। अधिशासी अभियंता अरुण कुमार ने उपखंड कांठ के अवर अभियंता को शिकायत का निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायत के निस्तारण में कोई भी अधिकारी या कर्मचारी लापरवाही बरतेंगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सभी कर्मचारी ग्रामीणों की समस्याओं का अविलंब निस्तारण करें।

### मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कांठ रोड स्थित विलेज रेस्टोरेन्ट के सामने, मुरादाबाद पर भूखण्ड क्षेत्रफल 389.91 वर्गमी० पर पूर्व स्वीकृत व्यवसायिक मानचित्र सं०-BF/C/VC/078/10-11 में आंशिक परिवर्तन करते हुए स्थल पर किये गये निर्माण के शमन हेतु मानचित्र प्रस्तुत किया गया। मुरादाबाद महायोजना-2021 के जोनिंग रेगूलेशन्स के प्राविधान के अनुसार "आवासीय आर-1" भू-उपयोग में व्यवसायिक क्रिया अनुमन्य है, जिसमें न्यूनतम पहुँच मार्ग 12.00 मीटर चौडा मार्ग होने की शर्त अंकित है। प्रश्नगत भूखण्ड 36.60 मीटर चौडी सड़क पर स्थित है, जिससे उक्त शर्त का अनुपालन होता है। महायोजना 2021 के जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार प्रश्नगत मानचित्र स्वीकृति से पूर्व एक माह का समय देते हुए जनसामान्य से आपत्ति / सुझाव आमंत्रित किये जाने का प्राविधान हैं। अतः उपरोक्तानुक्रम में जनसामान्य से विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर आपत्ति / सुझाव आमंत्रित किये जाते है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था अपना कोई सुझाव / आपत्ति देना चाहें तो अधिशासी अभियन्ता / प्रभारी, प्रवर्तन, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद के द्वितीय तल पर स्थित कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त किसी आपत्ति / सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव,
मुरादाबाद विकास प्राधिकरण,
मुरादाबाद।

# समस्याओं का समाधान न होने पर जताई नाराजगी, आज करेंगे घेराव

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** जिला चिकित्सालय के राजकीय नर्सिंग मेस में शुक्रवार को चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक हुई। इसमें चिकित्सा स्वास्थ्य मोर्चा व डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला और अटेवा व डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला मंत्री हेमंत चौधरी आदि मौजूद रहे।

बैठक में मुरादाबाद अर्बन मलेरिया व फाइलेरिया संघ, जिला पुरुष एवं महिला चिकित्सालय, केंद्रीय पुलिस चिकित्सालय, होम्योपैथिक, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सीएमओ कार्यालय, जिला प्रतिरक्षण कार्यालय, कुष्ठ कार्यालय, जिला मलेरिया कार्यालय आदि के कर्मचारियों ने अपनी बात रखी। कर्मचारियों की लंबित समस्याओं और जिला चिकित्सालय में आवासित सेवानिवृत्त लिपिक बालक राम और आउट सोर्सिंग से तैनात महिला चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी लक्ष्मी वर्मा के आवंटित आवास को निरस्त कराने आदि को लेकर शनिवार को सुबह 10:00 बजे जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक के कार्यालय का घेराव करने का निर्णय लिया गया। इसमें समस्त इकाइयों में कार्यरत कर्मचारी शामिल होंगे। इसके साथ ही अर्बन मलेरिया एवं फाइलेरिया संघ, जिला चिकित्सालय आदि के पुनर्गठन के लिए प्रस्ताव में लाए गए नामों पर सहमति प्रस्ताव पास किया गया। बैठक में मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



जिला चिकित्सालय में बैठक में मौजूद संघ के पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

## निर्मल कुमार द्विवेदी ने संभाला पीडी का चार्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** खाली चल रहे ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक के पद का कार्यभार शुक्रवार को लखनऊ निदेशालय से आए निर्मल कुमार द्विवेदी ने संभाला। यह पद सतीश प्रसाद मिश्रा के हटने के बाद खाली चल रहा था। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं व कार्यों को पारदर्शिता के साथ क्रियान्वित कराना उनकी प्राथमिकता है। सभी के सहयोग से कार्यों को बेहतर तरीके से पूरा किया जाएगा। जो अच्छा कार्य करेगा उसको प्रोत्साहित भी करेंगे। कार्यभार संभालने पर उनके कार्यालय के कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया।



**श्रीराम कथा** | बुध बाजार दुर्गा मंदिर में 9 दिवसीय श्रीराम कथा का तीसरा दिन

# भक्तों के कल्याण के लिए भगवान लेते हैं अवतार

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** बुध बाजार स्थित दुर्गा मंदिर में 9 दिवसीय श्रीराम कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को श्रीराम जन्म उत्सव मनाया गया। श्रीधाम वृंदावन से आए कथावाचक शिव कुमार शास्त्री ने कहा कि इस धरा-धाम से अधर्म शक्ति का नाश कर धर्म-शक्ति को स्थापित करके भगवान अपने धरा-धाम को गए। वास्तव में भगवान का अवतार अपने भक्तों के कल्याण के लिए संसार में होता है।

कथावाचक ने सुनाया दशरथ पुत्रजन्म सुनि काना। मानहु ब्रह्मानंद समाना॥ परम प्रेम मन पुलक शरीरा। चाहत उठन करत मति धीरा॥ अर्थात् राजा दशरथ पुत्र का जन्म कानों से सुनकर मानो ब्रह्मानंद में समा गए। मन में अतिशय प्रेम है, शरीर पुलकित हो गया। बुद्धि को धीरज देकर और प्रेम में शिथिल हुए शरीर को संभालकर वे उठना चाहते हैं। जाकर नाम सुनत सुभ होई। मोरें गृह आवा प्रभु सोई॥ परमानंद पूरि मन राजा। कहा बोलाइ बजावहु बाजा॥ अर्थात् जिनका नाम सुनने से ही कल्याण होता है, वही प्रभु मेरे घर आए हैं। यह सोचकर राजा का मन परम आनंद से पूर्ण हो गया। उन्होंने बाजे वालों को बुलाकर कहा कि बाजा बजाओ। पूजन पंडित आचार्य प्रदीप मिश्रा ने कराया। इस मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री प्रिया अग्रवाल, डॉ. केके मिश्रा, आयोजक डॉ. शशि अरोड़ा, अशोक अरोड़ा, शिखा अरोड़ा, प्रियंक अरोरा, विवान अरोड़ा, मानवी मुंजियाल, विकास मुंजियाल, अन्नू गोयल, निमित जायसवाल, मंजू शर्मा, उमा शर्मा, किरन सिक्का, प्रेरणा गुप्ता, रविकांता जायसवाल, ज्ञानेंद्रदेव शर्मा, अशोक सिक्का, रोहताश सपड़ा आदि उपस्थित रहे।



दुर्गा मंदिर में कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in CUET?
Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing
Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist
Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology
- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.
Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404



## एक नजर

### महिला को पीटकर घर से निकला, रिपोर्ट दर्ज कराई

**डिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव में दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को पीट कर घर के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। दो वर्ष पहले आलियाबाद निवासी सोनम और गांव मलकपुर निवासी फरमान की शादी प्रेम प्रसंग के चलते हुई थी। शादी में मिले दहेज से ससुराल वाले खुश नहीं थे। आए दिन महिला को मारते पीटते थे। पति ने 10 लाख की मांग की, मना करने पर सब ने सोनम को मारा पीटा। इससे वह घायल हो गई। ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंचकर उसे बचाया। पीड़िता ने थाने में पति फरमान, ससुर शकील, सास मेहरून निशा के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### महिलाओं को पीटने में दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**कुंदरकी, अमृत विचार :** क्षेत्र में महिलाओं को पीटने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव हाशा नगला निवासी इकबाल हुसैन ने थाने में शिकायती पत्र देकर बताया था कि 28 अगस्त की सुबह11 बजे उसके घर पर उसकी पुत्री शायरून व पुत्रवधू नाजिश गैलरी में खड़ी थीं। तभी गांव निवासी गुलफाम और फरमान उसके घर की गैलरी के सामने आकर रंजिश को लेकर उसकी बेटी व बहू को गाली-गलौज करने लगे। आरोपियों ने दोनों महिलाओं को मारा पीटा। बाद में जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मारपीट के तीन आरोपियों के खिलाफ दी तहरीर

**भोजपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम गजरौला शैद निवासी इमाम शाह ने थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि शुक्रवार दोपहर तीन बजे पुत्र वधू शाहजहां, इसकी बहन नूरजहां व साजिया घर में घुसकर गालियां दे रही थीं। इसका विरोध किया तो पत्नी कनीजा को पीटा। इससे वह घायल हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नगर में कल निकाला जाएगा रामडोल का जुलूस

**ठाकुरद्वारा,अमृत विचार :** नगर में एक सितंबर को रामडोल का जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस रामलीला ग्राउंड से प्रारंभ होकर गंज बाजार में संपन्न होगा। यह जानकारी रामलीला कमेटी के प्रबंधक अवनीश कुमार शर्मा ने दी।

# निजी अस्पताल में नर्स से दुष्कर्म के आरोपी संचालक का भाई गिरफ्तार

## घटना के सबूत मिटाने के लिए हटा दी थी कैमरों की डीवीआर

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर के एबीएम अस्पताल में नर्स से दुष्कर्म की घटना का खुलासा होने पर सबूत मिटाने के लिए सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर ही गायब कर दी गई थी। पुलिस घटना की जांच के लिए कैमरों की फुटैज लेने पहुंची तो डीवीआर नहीं मिली। नगर में कमालपुरी रोड पर शनिवार को पुलिस ने आरोपी चिकित्सक शाहनवाज के छोटे भाई फैजान को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने डीवीआर हटाने की बात स्वीकार कर बरामद करा दी है। पुलिस ने फैजान को भी सह अभियुक्त बनाकर उसका चालान कर दिया। फैजान अस्पताल में मेडिकल स्टोर चलाता था।

नगर के तिकोनिया बस स्टैंड स्थित एबीएम अस्पताल में संचालक शाहनवाज ने नर्स मेहनाज और वार्ड बॉय जुनैद की मदद से 17 अगस्त की रात नर्स को बंधक बनाकर दुष्कर्म



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी फैजान।

किया था। अगले दिन पीड़ित नर्स के पिता की तहरीर पर पुलिस ने शाहनवाज समेत तीनों के खिलाफ दुष्कर्म और एससी-एसटी अधिनिमन की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया था। अब तीनों आरोपी जेल में हैं। इसके बाद एसडीएम और सीओ ने स्वास्थ्य अधिकारियों की मौजूदगी में अस्पताल को सील करा दिया था। इससे पूर्व ही सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग गायब करने के मकसद से

- पुलिस ने डीवीआर बरामद कर फैजान को बनाया सह अभियुक्त

मौके से डीवीआर हटा दी गई। घटना की जांच कर रहे पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार ने साक्ष्य जुटाने के लिए अस्पताल में जाकर कैमरों की फुटेज लेने का प्रयास किया तो डीवीआर नहीं मिली थी। उन्होंने आरोपी शाहनवाज के भाई फैजान को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने डीवीआर हटाकर छुपाना कबूल किया। पुलिस उसे लेकर अस्पताल में घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने डीवीआर लगवाकर रिकॉर्डिंग को सुरक्षित किया। सीओ राजेश कुमार ने बताया कि फैजान की निशानदही पर डीवीआर बरामद कर ली है। उसमें घटना से संबंधित रिकाडिंग सुरक्षित मिली है। रिकार्डिंग के आधार पर आगे की जांच की जाएगी। साक्ष्य मिटाने की धाराओं में फैजान को सह अभियुक्त बनाया गया है। न्यायालय ने फैजान को जेल भेज दिया है।

# तेंदुए ने बछड़े को बनाया निवाला, लोगों में दहशत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा/सुरजननगर

**अमृत विचार :** सुरजन नगर में गुरुवार देर शाम तेंदुएं ने बछड़े को अपना निवाला बना लिया। शिकायत के बाद भी वन विभाग के कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे। ग्रामीण ने ही बछड़े के अवशेष गड्ढा खोदकर दवा दिए।

मास्टर प्रेम सिंह कनकपुर रोड किनारे मकान बनाकर रह रहे हैं। उनके मकान की तीनों ओर गन्ने के खेत हैं। गुरुवार सुबह उनके बच्चों ने बछड़े को मकान से खोलकर घर के पीछे बगीचे में बांध दिया। दो घंटे बाद जब बगीचे में गए तो बछड़ा नहीं था। इधर-उधर देखने पर 10 कदम की दूरी पर बछड़े का क्षतिग्रस्त शव पड़ा मिला। सूचना के बाद ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। उन्होंने गन्ने के खेत में तेंदुए की तलाश की। ग्रामीणों का कहना है कि सुरजननगर कनकपुर रोड पर कई बार तेंदुआ दिखाइ दे चुका है। वन विभाग तेंदुआ पकड़ने के लिए कार्रवाई नहीं कर रहा रहा है। तेंदुए के भय के कारण ग्रामीणों ने सुबह टहना बंद कर दिया।

### लोगों ने की तेंदुए को पकड़ने की मांग

**छजलैट, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के कई गांवों में तेंदुए की दहशत है। कुत्तों, पशुओं पर हमले होने से लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने शीघ्र ही तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। गांव फत्तेहपुर विश्नोई, जेवड़ा समेत अन्य गांवों में तेंदुआ की दहशत है। गांव फत्तेपुर विश्नोई की प्रधान के पति राहुल बिश्नोई ने बताया कि कई दिन से तेंदुआ गांव के आसपास खेतों में घूम रहा है। उसने गांव के ही राजेंद्र के यहां घरेलू कुत्ते को घायल कर दिया था और एक गीदड़ भी घायल अवस्था में पड़ा हुआ मिला था। कई किसानों ने खेतों के पास जब घूमता हुआ देखा तो वे डर के कारण घर चले आए। ग्राम जेवड़ा निवासी सोनू ने बताया कि तेंदुए के डर के कारण पशुओं को अंदर बांधना पड़ रहा है। तालाब के पास कई किसानों ने तेंदुआ देखा है। जंगल जाना भी मुश्किल हो गया है। फत्तेहपुर बिश्नोई की प्रधान व लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी है और शीघ्र ही पिंजरा लगाने की मांग की है।

## सड़कों पर छुट्टा पशुओं से हादसे की आशंका

**कांठ, अमृत विचार:** क्षेत्र में सड़कों पर छुट्टा पशुओं से हादसे की आशंका बनी रहती है। लेकिन जिम्मेदार पशुओं को गोशालाओं में संरक्षित नहीं कर रहे हैं।

लोगों ने बताया कि पशुओं के झुंड बीच सड़क पर खड़े रहते हैं। इसके चलते शहर की सड़कों पर जाम भी लग जाता है। पशुओं के हमलों से कई लोग घायल हो चुके हैं। ये पशु कूड़े के ढेरों पर गंदगी खाते हैं। नगर पंचायत के अधिकारियों का हमेशा यही तर्क रहता है कि पशुओं को पकड़ने के लिए समय-समय पर अभियान शुरू किया जाता है। लेकिन सही तरीके से अभियान को अमलीजामा पहनाया जाए, तो सड़कों पर पशुओं की संख्या भी कम हो सकती है। गाय और सांड़ इकट्ठा होकर सड़कों पर घूमने से वाहन चालकों को आने-जाने में परेशानी होती है।

# सैनी समाज में फैली कुरीतियां करें दूर

संवाददाता, ठाकुरद्वारा/डिलारी

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सहसपुरी में शुक्रवार को सैनी समाज का सम्मेलन हुआ। इसमें सैनी समाज के जिलाध्यक्ष डॉ. वीर सिंह सैनी ने समाज में फैल रही कुरीतियों को दूर करने, नशाखोरी से दूर रहने की अपील की। उन्होंने बेरोजगारी दूर करने के लिए अपना व्यवसाय व कार्य करने, शिक्षावान बनने की अपील की।

उन्होंने राष्ट्र व समाज के हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि हम सैनी समाज के बच्चों को आगे बढ़ाने और कुरीतियों को दूर करने का संकल्प लेते हैं। समाज के प्रत्येक बच्चे, बहन, बेटी पढ़ लिखकर देश सेवा में अपना योगदान देने पर जोर दिया। कहा कि इसके लिए समाज के सभी लोगों को संकल्पित होना जरूरी है।



सहसपुरी में सैनी समाज के सम्मेलन को संबोधित करते जिलाध्यक्ष ● अमृत विचार

- सहसपुरी गांव में आयोजित किया गया सैनी समाज का सम्मेलन
- राष्ट्र, समाज के हित में कार्य करने के लिए लोगों को किया प्रेरित

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान खुशीराम सैनी ने की। इस दौरान जिला महामंत्री किशन सिंह सैनी, जिला उपाध्यक्ष वेद प्रकाश सैनी, डिलारी ब्लॉक के अध्यक्ष दिनेश सिंह सैनी, ठाकुरद्वारा ब्लॉक के अध्यक्ष वेद प्रकाश सैनी, जिला पंचायत सदस्य रोहतास सिंह सैनी, हुकम सिंह सैनी, राजवीर सिंह सैनी, कृपाल सिंह सैनी, ओम प्रकाश सिंह सैनी, राजपाल सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

## स्योड़ारा गांव में करंट से बालक की मौत

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव स्योड़ारा में खल चोकर का काम करने वाले ग्रामीण के नौ साल के बेटे की करंट लगने से मौत हो गई। हालांकि परिवार के लोग उसे मुरादाबाद में निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। देर शाम उसे दफना दिया गया।

स्योड़ारा गांव में कल्लू का परिवार रहता है। उनका बेटा अभिषेक कक्षा-सात का छात्र था। शुक्रवार दोपहर अभिषेक घर में खेल रहे था। तभी ई-रिक्शा चार्जिंग के दौरान उसे करंट लग गया। इससे वह मौके पर बेहोश हो गया। परिजन उसे निजी चिकित्सक के पास ले गए। हालत में सुधार नहीं होने पर उसे मुरादाबाद के अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।



कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण व अन्य। ● अमृत विचार

# मधुमक्खी पालन की दी जानकारी

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** गांव मुख्तियारपुर नवादा में मधुमक्खी पालन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका आरंभ राजेश कुमार, डॉ. दीपक कुमार, भूपेंद्र कुमार ने किया। मधुमक्खी पालने वालों से शाह आलम ने कहा कि मधुमक्खी पालन कम खर्चे पर कम रुपये लगाकर किया जा सकता है। यह ऐसा व्यवसाय है जो कम लागत में अधिक लाभ कमाने वाला है। उन्होंने शहद के गुण के बारे में भी बताया।

उन्होंने कहा कि शहद विभिन्न बीमारियों में भी काम आता है और इसे दूध के साथ पीने से शक्ति वृद्धि होती है। शहद को नींबू के साथ लेने से मोटापा घटता है। कार्यक्रम में डॉ. दीपक कुमार, डॉ बीके ने किसानों को फसलों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान राकेश कुमार, महिपाल सिंह बिश्नोई एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मारपीट करने वालों के खिलाफ मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव में बच्चों में किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट हो गई थी। इसमें एक महिला घायल हो गई। पीड़ित महिला के पति ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर मदद की मांग की है।

शिकायती पत्र में महिला ने बताया कि वह अपने पत्नी के साथ बाइक से कोतवाली ठाकुरद्वारा रही थी। आरोप है कि तभी दो बाइकों पर आए व्यक्तियों ने रास्ते में पति पत्नी को रोक लिया। आरोपी गाली गलौज कर मारने पीटने लगे। आरोप है कि एक आरोपी ने महिला से अश्लील हरकत की। घायल महिला को उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। महिला के पति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की।

# किसानों की महापंचायत की बनाई रणनीति

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** नगर में भाकियू असली के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी महक सिंह के आवास स्थित कैंप कार्यालय में हुई बैठक में महापंचायत की राजनीति बनाई गई। एक सितंबर को जिला संभल के जुनावई कस्बे में किसानों की महापंचायत बुलाई गई है। इस महापंचायत में देशभर के प्रमुख किसान नेता आएंगे।

बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह ने कहा कि एमएसपी गारंटी कानून बनवाना हम लोगों की मुख्य मांग है। डॉ. स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू कराना हमारा मिशन है। उन्होंने कहा कि डॉ. स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट 2008 में आई थी और हम लोगों ने बिलारी से ही इस रिपोर्ट को लागू करने का बीड़ा उठाया था। यह मुद्दा देश भर में उठाया गया है और आंदोलन चल रहा है। उन्होंने भाजपा को किसान विरोधी बताते



बैठक में शामिल राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

- एक सितंबर को जिला संभल के जुनावई में होगी महापंचायत

हुए कहा कि धर्म और जाति में समाज को बांटा जा रहा है। लेकिन अब किसानों की समस्याओं का समाधान करना पड़ेगा। किसान अपना हक लेने तक लड़ाई जारी रखेंगे। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि डॉ. स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार गन्ने का भाव तय करने, एमएसपी गारंटी कानून लागू करने और किसानों को बिना ब्याज कर्ज बैंकों से मुहैया करने की हमारी लड़ाई बिलारी से शुरू हुई है। फसलों का उचित भाव न मिलने के कारण किसान आर्थिक तंगी में है। हालत यहां तक खराब है कि किसानों को कर्ज के बोझ से दबकर आत्महत्या तक करनी पड़ती है। उन्होंने किसानों से महापंचायत में पहुंचने की अपील की। बैठक में युवा शाखा के प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ चौधरी, होशियार सिंह, चौधरी शिव सिंह, देवेंद्र सिंह, सचिन चौधरी, लकी चौधरी आदि मौजूद रहे।

**उत्साह** — नगर मेला कमेटी की ओर से फूलडोल और शोभायात्रा के सफल समापन पर हुआ सम्मान

# शोभायात्रा में शामिल कलाकारों को किया सम्मानित

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** नगर मेला कमेटी की ओर से मेला फूलडोल एवं कंस वध शोभायात्रा के समापन पर देर रात मंदिर पौड़ा खेड़ा परिसर में कलाकारों और सहयोगियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान तहसीलदार कमलेश कुमार ने कहा कि यह त्योहार हमारी संस्कृति के प्रतिनिधि हैं। इनसे हमें जीवन जीने की सीख मिलती है। कंस की तरह बुराई का अंत जरूर होता है।

इंस्पेक्टर क्राइम राजेश कुमार ने कहा कि पृथ्वी पर जब धर्म की हानि होती है तो प्रभु उसका अंत अवश्य करते हैं। हमें इन त्योहारों से प्रेरणा लेकर आदर्श जीवन जीना चाहिए। बिजेंद्र चंद्रवंशी एवं रामनिवास शर्मा ने कहा कि नगर एवं क्षेत्र वासियों के सहयोग से मेला कमेटी मेला को व्यापक स्वरूप दे रही है। कंस दरबार में बेबी शर्मा, अनिकेत, शुभ, राधा कृष्ण बने कृष्ण शर्मा और राधा को, शंकर दरबार में आदेश ठाकुर और निहारिका, कृष्ण बलराम में कृष्ण और लकी, दुर्गा दरबार में गौरी, प्राची, रिंकल, सृष्टि को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। मेले की व्यवस्था में सहयोग करने पर कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन ने तहसीलदार, इंस्पेक्टर क्राइम, उप निरीक्षक सनव्वर अली, सचिन सैनी, अरविंद शिवनेश सागर को सम्मानित किया।

जनता बैंड, भारत बैंड ठाकुर डीजे, राजकुमार कश्यप, नगर पालिका के सफाई नायक प्रदीप, शंभू, अखिलेश, बृजनंदन, धर्मपाल, रिंकू, बब्बन, पतंगबाजी प्रतियोगिता में गौरव गुप्ता, चिराग हर्ष नगर, स्वरूप सज्जाकर रवि ठाकुर एवं शिवी ठाकुर को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान अखिलेश श्रीवास्तव, संजय जैन आदि रहे।



कलाकारों को सम्मानित करते तहसीलदार कमलेश तिवारी व इंस्पेक्टर क्राइम।

### आज मनाई जाएगी श्री कृष्ण की छठी

**कांठ, अमृत विचार :** नगर व क्षेत्र के मंदिरों एवं स्थानों पर शनिवार को भगवान श्री कृष्ण की छठी मनाई जाएगी। इसमें श्रद्धालु भगवान श्री कृष्णा का कीर्तन करते हुए गुणगान करेंगे। कांठ नगर के मोहल्ला घोसीपुरा स्थित प्राचीन शिवमोहिनी मंदिर, मोहल्ला बिशनपुरा स्थित शिव मंदिर, पट्टीवाला शिव मंदिर, श्री रामलीला स्थित श्री राम ज्योति मंदिर, श्री वाल्मीकि मंदिर, श्री माहेश्वरी शिव मंदिर, पुराना बस स्टैंड स्थित बिशनपुरा बिश्नोई मंदिर, आदि मंदिरों पर विधि विधान के साथ धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजा अर्चना की गई। श्री कृष्ण की छठी की तैयारी आयोजकों ने पूरी कर ली है।



लोगों की शिकायतें सुनते विधायक कमाल अख्तर। ● अमृत विचार

# विधायक ने सुनीं लोगों की समस्याएं, दिया आश्वासन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** सपा विधायक कमाल अख्तर ने नगर स्थित अपने कैंप कार्यालय में क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों व कर्मचारियों से वार्ता कर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

शुक्रवार सुबह से ही लोग सपा विधायक के कैंप कार्यालय में पहुंच गए। लोगों ने राशन न मिलने, राशन के लिए पात्रता सूची में नाम न होने या गलत नाम दर्ज होने, जमीन की पैमाइश न होने, विधवा, वृद्धावस्था, दिव्यांग पेंशन में समस्या को लेकर शिकायतें दर्ज कराईं। विधायक ने कहा कि जन प्रतिनिधि के नाते लोगों की समस्याओं का समाधान कराना उनका दायित्व है। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि लोगों की समस्याओं के समाधान में कोई तकनीकि या अन्य समस्या आ रही है तो उसके बारे उन्हें बताएं। इस दौरान नाजिम अली सैफी, विक्रम सिंह यादव, डॉ. दानिश अंसारी, बिल्ले, जैनुल एडवोकेट, भूरेखान जुबैरखान, ओमकार गुर्जर, सोनू गुर्जर, संदीप गुर्जर आदि रहे।

## सार-संक्षेप



निरीक्षण करते मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह। ● अमृत विचार

### सीएमओ ने किया सीएचसी का निरीक्षण

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होंने महिला अस्पताल में बन रहे नवजात शिशुओं के लिए वेंटिलेटर कक्ष की स्थिति का जायजा लिया और जल्द ही कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। शुक्रवार को सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्थाएं देखीं और रोगियों से भी सुविधा के बारे में जानकारी ली। इसके बाद वह महिला अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने नवजात शिशु के लिए बन रहे वेंटीलेटर की स्थिति देखी। उन्होंने देखा कि कंस्ट्रक्शन का काम लगभग पूरा हो चुका है और जल्द ही नवजात शिशुओं के लिए यह सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। जिन शिशुओं को लेकर जिला चिकित्सालय लेकर भागना पड़ता था। अब वह व्यवस्था यहीं पर उपलब्ध की जाएगी। इस मौके पर समस्त चिकित्सा स्टाफ मौजूद रहा।

### नए सदस्य बनने के लिए 30 तक कराएं आवेदन

**कांठ, अमृत विचार :** ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक शीराज मलिक ने कहा है कि गन्ना विभाग किसानों की समस्याओं के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने सदस्यता ग्रहण करने वाले किसानों को ऑनलाइन 30 सितंबर तक नियमानुसार आवेदन करने की अनिवार्यता पर बल दिया है। यह विचार ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक एवं गन्ना विकास परिषद अगवानपुर शीराज मलिक ने सरकारी गन्ना विकास समिति कांठ कार्यालय में प्रेमवार्ता करते हुए व्यक्त किए।

### न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

**बिलारी, अमृत विचार :** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच स्थापना को लेकर केंद्रीय संघर्ष समिति के आह्वान पर बिलारी तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। इस बीच अधिवक्ताओं ने मांगों को लेकर एक ज्ञापन एसडीएम बिलारी के माध्यम से उच्च अधिकारियों को भी भेजा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच स्थापना के लिए केंद्रीय संघर्ष समिति ने शुक्रवार को न्यायिक कार्य से विरत रहने का आह्वान किया था। जिसके कारण बिलारी तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य नहीं किया। इस बीच अधिवक्ता एकत्र हुए। जहां मांगों को लेकर एसडीएम विनय कुमार सिंह को ज्ञापन दिया और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की मांग को दोहराया। इस मौके पर अध्यक्ष भगवान शर्मा माथुर, अनोद चौधरी, विनय कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, आफाक हुसैन, विक्रांत कुमार ,चैतन्य पाल सिंह, सुमित कुमार ,मोहित सिंह, भारत सिंह यादव, आशीष कुमार शर्मा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### पूर्व प्रधान के खिलाफ मुख्यमत्री से की शिकायत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ग्राम लालापुर पीपलसाना निवासी ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में कहा कि पूर्व प्रधान रिहाना एवं उनके पति इरफान ने सपा सरकार में रामराज पुत्र रामगोपाल के खेत में विरोध के बावजूद श्मशान घाट का निर्माण करवा दिया। इसके बाद खतौनी में भी ग्राम समाज के रकबे में उसका रकबा जुड़वा दिया। उसे धमकी दी कि कार्रवाई की तो जेल भिजवा दूंगा। उन्होंने किसी जांच ऐजेंसी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। शिकायतकर्ता में हरी सिंह, प्रदीप कुमार, लल्लू सिंह, फतेह सिंह, नरेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, बाबू खां, वाजिद अली आदि हैं।

### महिलाओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** महिलाओं ने गांव के दो लोगों पर कच्ची शराब बनाकर बेचने का आरोप लगाया है। नई पीढ़ी को नशे की लत से बचाने एवं शराब पीकर मौत की आशंका जताकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। गांव बुधनगर की महिलाओं ने शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय पहंचकर ज्ञापन दिया। इसमें कहा कि उनके गांव के दो लोग कच्ची शराब बनाकर बेचते हैं। गांव में युवाओं को शराब की लत लगती जा रही है। पहले भी दो लोगों के खिलाफ अफसरों से शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की है। दोनों शिकायतकर्ता को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कच्ची शराब का धंधा रोकने के साथ दोनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इसमें उषा देवी, कुमारी बबली, सुमन देवी, सर्वेश देवी, गुड्डी देवी, मीना देवी, कुसुम देवी, दयावती, रानी देवी, रामकली देवी के हस्ताक्षर हैं।

### कृषि क्षेत्र में भारत दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर में राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एसबीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। एसबीएस स्कूल में इंटर हाउस पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन कक्षा-6 से 9 तक के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया। साइंस टेक्नोलॉजी एजुकेशन और एग्रीकल्चर पर पीपीटी के माध्यम से प्राचीन समय से लेकर अब तक भारत में कितने परिवर्तन हुए हैं, इसके बारे में विभिन्न वीडियो और ग्राफ से समझाया। 9वीं के विद्यार्थियों ने बताया कि विश्व में कृषि के क्षेत्र में भारत दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है। यहां 20 फीसदी अनाज की बर्बादी होती है। 40 फीसदी अनाज की सुरक्षा की जाती है। डायमंड हाउस जूनियर ग्रुप में कक्षा 6 से प्रज्ञा, कक्षा 7 से शिव रस्तोगी, कक्षा 8 की तनीषा गुप्ता और युवराज, सीनियर ग्रुप से कक्षा 9ए से तेजस, गणेश कक्षा 9वीं से अक्षत जोशी, दिव्यांशी यादव प्रियांशु ने प्रतिभाग किया। एमेरल्ड हाउस से जूनियर ग्रुप में कक्षा 6बी से जोया अहमद, सात-अ से जिकरा, आठ-ए से एलिजा सैफीस मोहम्मद शाहनवाज ने भाग लिया। विद्यालय के प्रबंधक राजीव सहाय ने मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक शुभम कश्यप का स्वागत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सयोंग वशिष्ठ ने आभार व्यक्त किया। विजेता हाउस के बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। सभी को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

### शिविर में रोगियों का किया निशुल्क इलाज

**छजलैट, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के गांव बिचपुरी में शुक्रवार को निशुल्क वृद्धावस्था शिविर लोगों की सेहत की जांच की गई। रोगियों का निशुल्क इलाज किया। शिविर का आरंभ राष्ट्रीय लोकदल के किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह सिरोही ने किया। धीरेंद्र सिंह सिरोही ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र में एनडीए सरकार पुरानी नेचुरल पद्धति को दोबारा से शुरू कर रही है। सरकार चाहती है कि योग व आयुर्वेद की ओर लौटें, उसी में सभी बीमारियों का इलाज संभव है। कहा कि पूर्व विधायक चौधरी नौनिहाल सिंह ने एत्मादपुर में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की नींव रखी थी। आज पूर्व में बनाए गए उसी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की ओर से किसानों व गरीबों के लिए 15 जून से 15 सितंबर तक राष्ट्रीय आयुष मिशन द्वारा संचालित निशुल्क वृद्धावस्था शिविर लगाया जा रहा है। यह शिविर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मातपुर की ओर गांव खान खानपुर उर्फ बिचपुरी में लगाया गया। डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉ. अमरदीप सिंह नायक के निर्देशन में यह शिविर लगाया गया। इसमें 150 लोगों का इलाज किया गया और सभी को निशुल्क औषधियां भी वितरित की गईं। इस दौरान वीरेंद्र सिंह तरुण कुमार, धनराज सिंह, वीरेन्द्र सिंह, तरुण, धनराज, सूरजपाल, पवनीत कुमार, नाटू सिंह और नेहा चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### सपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से की मुलाकात

**कांठ, अमृत विचार :** क्षेत्र के सपा कार्यकर्ताओं ने लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की। सपा नेता फुरकान अली, विक्रम सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष दीपक विश्नोई आदि कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात करके कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव पर चर्चा की। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में कानून व्यवस्था, महंगाई, भ्रष्टाचार आदि समस्याओं पर भी चर्चा की। उन्होंने समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आश्वासन भी दिया।



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ क्षेत्र के पदाधिकारी।

## एक नजर

### जल्द होगी बोर्ड की बैठक सभासदों से प्रस्ताव मांगे

**रामपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद की बोर्ड की बैठक सितंबर में होगी। अभी तिथि निर्धारित नहीं की गई है। बैठक के लिए 43 वार्डों के सभासदों से कार्य कराने के लिए प्रस्ताव मांगे गए हैं। नगर पालिका के अधिकारियों की सितंबर के पहले सप्ताह में बैठक होगी। मार्च में नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक हुई थी। इसमें सभासदों की सहमति पर एक अरब रुपये के विकास कार्यों पर मुहर लगी थी। इनमें शहर की 352 सड़कें भी शामिल थीं। लेकिन अभी भी शहर की अधिकतर सड़कों की हालत खस्ता है। ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि बोर्ड की बैठक जल्द होगी। इसके लिए सभासदों से वार्डों में कार्य कराने के लिए प्रस्ताव मांगे गए हैं।

### पुलिस ने भाजपा नेता के 67,069 रुपये वापस दिलाए

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइन पुलिस ने भाजपा नेता के 67,069 रुपये वापस करा दिए। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ज्वालानगर निवासी भाजपा नेता अवधेश शर्मा से 8 अगस्त को 67,069 रुपये की धोखाधड़ी हो गई थी। उन्होंने 9 अगस्त को साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर साइबर सेल ने कार्रवाई करते हुए पीड़ित की ठगी गई पूरी रकम शुक्रवार को उनके बैंक के खाते में वापस करा दी।

### पुलिस की गोली लगने से गो तस्कर घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार की रात अजीमनगर पुलिस जौहर यूनिवर्सिटी के पिछले गेट स्थित गेस्ट हाउस के पास रात चेकिंग कर रही थी। तभी बाइक सवार एक व्यक्ति पुल की तरफ से आता दिखा। पुलिस को देख वह सकपका गया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया लेकिन वह बाइक को मोड़कर भागने लगा। उसने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस की ओर से की गई जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। आरोपी ने अपना नाम मोहम्मद अली निवासी घेर मर्दान खां थाना कोतवाली बताया। उसके पास से तमंचा और प्लास्टिक के थैले में पशु वध के उपकरण मिले। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सांप के काटने से दो सगे भाइयों की मौत

## एक साथ दोनों भाइयों की अर्थी निकलने पर हर आंख हुई नम, परिजनों में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पिता के साथ सो रहे दो सगे भाइयों की सांप के काटने से मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी पाकर देर शाम शहर विधायक आकाश सक्सेना मृतकों के घर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। शुक्रवार की शाम को दोनों भाइयों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। दोनों भाइयों की अर्थी देख हर आंख नम हो गई।

शहजादनगर थाना क्षेत्र के ग्राम दीनपुर निवासी डालचंद्र के पुत्र धीरज (13) व शिवम (9) रोजाना की तरह गुरुवार की रात भी अपने पिता के साथ बरामदे में सो रहे थे। रात में किसी समय सांप ने दोनों भाइयों को डस लिया। दोनों बच्चे रोते हुए उठ बैठे और बताया कि किसी ने काट लिया है। दोनों बच्चों की हालत बिगड़ती देख परिजनों के होश उड़ गए।


परिजनों से मिलते शहर विधायक आकाश सक्सेना। ● अमृत विचार


शिवम।


धीरज।

परिजन उन्हें गांव में डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने शिवम को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन तत्काल धीरज को बरेली ले गए।

सुबह 5 बजे वहां उसने भी दम तोड़ दिया। दोनों बच्चों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। शुक्रवार को दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना की जानकारी पर शहर विधायक गांव पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी।

### धीरज 7 और शिवम था कक्षा 5 का छात्र

ग्रामीणों ने बताया कि धीरज मिलक के स्कूल में कक्षा 7 का छात्र था। जबकि शिवम धमोरा स्थित एक स्कूल में कक्षा 5 में पढ़ता था। उनकी चार बहनें हैं। दोनों भाइयों की मौत की खबर सुनते ही वह बेहोश हो गईं। मां और पिता का भी रो-रोकर बुरा हाल है।

### सर्पदंश से अधेड़ की हालत बिगड़ी, रेफर

**शाहबाद, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव भगवन्तपुर निवासी पीतांबर को सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे आनन-फानन में सीएचसी ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## घर ले जाकर युवती से किया दुष्कर्म, रिपोर्ट

**स्वार, अमृत विचार:** युवक बहला-फुसला कर युवती को अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शुक्रवार को युवती को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक गुरुवार की रात पड़ोसी युवती को बहला-फुसला कर अपने घर ले गया। वहां वह युवती से अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर युवक ने डरा धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर युवती को घर से भगा दिया। युवती रोती-बिलखती अपने घर पहुंची। परिजनों ने इतनी देर तक घर से बाहर रहने का कारण पूछ तो युवती ने परिजनों को सारी बात बता दी। इसके बाद परिजन युवती को लेकर रात में ही कोतवाली पहुंचे और धर्मेंद्र सैनी के खिलाफ तहरीर दी। कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि पीड़िता के भाई की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार सब्जी विक्रेता की जान गई

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** मंडी में सब्जी बेचकर घर लौट रहे सब्जी विक्रेता की सड़क हादसे में मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया।



क्षेत्र के नगला उदई गांव निवासी 40 वर्षीय देवेंद्र सब्जी बेचता था। शुक्रवार की तड़के 4 बजे वह मिलक की कृषि मंडी में सब्जी बेचने आया था। सब्जी बेचकर घर लौटते समय शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े 6 बजे हाईवे से गांव के संपर्क मार्ग की तरफ मोड़ते समय अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वह उछलकर सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन रोते-बिलखते अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतक के परिवार में पत्नी व तीन पुत्रियां हैं। दो बेटियां अभी अविवाहित हैं। कोतवाल धनंजय सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र के करनपुर गांव निवासी बब्लू की शादी दो वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ की अंजलि से हुई थी। गुरुवार की सुबह 25 वर्षीया अंजलि की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पति ने ससुराल वालों को बताया कि अंजलि की बीमारी से मौत हो गई है। मगर अंजलि के मायके वाले यह मानने को तैयार नहीं हुए और शव का पोस्टमार्टम कराने की जिद करने लगे। उनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने अंजलि के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अंजलि के मायके वाले उसकी ससुराल के लिए रवाना हो चुके हैं।

# ताले तोड़कर इंस्पेक्टर के घर से एक लाख की चोरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बीएसएसफ के इंस्पेक्टर के बंद घर को चोरों ने निशाना बना लिया। चोर यहां से नकदी और जेवर सहित करीब एक लाख रुपये कीमत का माल समेट कर ले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के शिवापुरम निवासी राजकुमार बीएसएफ में इंस्पेक्टर हैं। वर्तमान में वह मथुरा में तैनात हैं। पीड़ित की छोटी बहू और बेटा दिल्ली में रहते हैं। 20 अगस्त को उनके घर पोती का जन्म हुआ था। तब उनकी पत्नी भी पुत्रवधु के पास दिल्ली चली गई। इसके कारण घर में ताले लगे थे। इस दौरान चोर उनके घर में घुस गए और अलमारी के ताले तोड़कर करीब एक लाख रुपये का माल समेट कर ले गए। 21 अगस्त को पड़ोसियों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। इस पर राजकुमार का बड़ा बेटा घर पहुंचा। उसने 24 अगस्त को पुलिस को तहरीर दी। जांच के बाद पुलिस ने 29 अगस्त की रात रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पुलिस ने सोलर पैनल के तार चुराते दो आरोपी पकड़े

**स्वार, अमृत विचार :** पुलिस ने सूचना मिलने पर पानी की टंकी के सोलर पैनल के तार चुरा रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में पेश करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। कोतवाली के गांव बथुआ खेड़ा में पानी की टंकी पर सोलर पैनल लगा है। गुरुवार की रात चोरों ने टंकी पर चढ़कर सोलर पैनल का लगभग 25 मीटर तार काट लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख चोर काटा हुआ तार लेकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर दो चोरों को दबोच लिया। चोरों ने अपना नाम थाना गंज के गांव काशीपुर आगा निवासी रेहान व नसीम बताया है। पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया है।

## गर्भपात कराने वाली महिला गिरफ्तार

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म किया गया था। गर्भवती होने पर आरोपियों ने जबरदस्ती उसका गर्भपात करा दिया। पुलिस ने गर्भपात कराने वाली महिला को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के साथ पड़ोसी युवक ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया था। किशोरी के गर्भवती होने पर आरोपी ने अपनी मां के साथ मिलकर उसका गर्भपात करा दिया था। पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। आरोपी युवक को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी थी। जबकि उसका मां फरार थी। पुलिस अधीक्षक ने महिला को तुरंत गिरफ्तार करने के आदेश दिए थे। थाना अध्यक्ष अजय पाल सिंह ने बताया कि शुक्रवार की सुबह चौकी इंचार्ज रजनीश कुमार ने आरोपी महिला को परचई के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसे जेल भेज दिया गया है।

# ग्रामीण की तालाब में डूबकर मौत

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** मछली पकड़ने गए ग्रामीण की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने उसे तालाब से निकलवाकर जिला अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने ग्रामीण को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीण की मौत की सूचना पर पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया। ग्रामीण के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


शेर सिंह।

थाना क्षेत्र के पट्टी अशोकपुर का मझरा गांव निवासी शेर सिंह (45) शुक्रवार की सुबह थाना क्षेत्र के ही खूंटाखेड़ा गांव के पास हाईवे किनारे स्थित एक तालाब में मछली पकड़ने गया था। ग्राम प्रधान रमेश कुमार के बताया कि शेर सिंह तालाब में जाल डाल रहा था। तभी पैर फिसलने से वह गहरे पानी में गिर गया और डूबने लगा। यह देख आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण व राहगीर मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। लोगों की मदद से पुलिस ने ग्रामीण को तालाब से निकालकर जिला अस्पताल भेज दिया। वहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ज्योति सिंह ने बताया कि ग्रामीण के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीण। ● अमृत विचार

- भोट थाना क्षेत्र के गांव पट्टी अशोकपुर का मामला
- मछली पकड़ने गया था शेर सिंह अचानक फिसल गया पैर

परिजनों ने बताया कि शेर सिंह तीन भाइयों से बड़ा और दो बहनों से छोटा था। शेर सिंह की कई वर्ष पूर्व शादी हो चुकी थी, मगर उसकी कोई संतान नहीं है।

## पति ने रचा ली दूसरी शादी पहली पत्नी ने किया हंगामा

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में पति द्वारा दूसरी शादी करने पर पहली पत्नी ने हंगामा कर दिया। मामला थाने तक पहुंचा तो पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मामला थाना क्षेत्र के मुरसेना गांव का है। गांव निवासी एक युवक का विवाह 5 वर्ष पूर्व हुआ था। विवाह के बाद पति-पत्नी रामपुर में रहने लगे। 15 दिन पहले युवक ने दूसरी शादी कर ली। दूसरी पत्नी के साथ वह गांव में रहने लगा। पति द्वारा दूसरी शादी करने की जानकारी मिलने पर पहली पत्नी शुक्रवार को अपने परिजनों के साथ गांव पहुंची और हंगामा करने लगी।

पहली पत्नी की मांग थी कि दूसरी पत्नी को तुरंत घर से निकाला जाए। लेकिन पति किसी कीमत पर दूसरी पत्नी को निकालने के लिए तैयार नहीं हुआ। इस पर महिला थाने पहुंची और पुलिस से मामले की शिकायत की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।


अजीतपुर क्षेत्र में स्मार्ट मीटर दिखाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

# जिले में लगाए 800 स्मार्ट मीटर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बिजली चोरी और लाइनलॉस पर लगाम लगाने के लिए जिले में 3.5 लाख मीटर लगाए जाएंगे। इनमें से शहरी क्षेत्र में 82,000 स्मार्ट मीटर लगेंगे। लाइनलॉस वाले क्षेत्रों पहाड़ी गेट, रजा इंटर कॉलेज, सिविल लाइंस, अजीतपुर क्षेत्र में में 800 स्मार्ट मीटर लग चुके हैं।

विद्युत निगम के अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने से कम किलोवॉट पर भारी भरकम बिल, मीटर रीडिंग में दिक्कत, बकाया बिल पर ब्याज और किराएदार-मकान मालिक के विवाद से छुटकारा मिलेगा। बजट के अनुसार बिजली खर्च की जाएगी। लाइनलॉस में भी काफी गिरावट आएगी। मीटर टेस्ट एक्सईएन बेचाराम ने बताया कि शहरी क्षेत्र में 600 और स्वार-टांडा क्षेत्र में 200 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। बिलासपुर में सर्वे किया जा रहा है। 15 अक्टूबर तक जनपद में स्मार्ट मीटर लगने का कार्य पूरा किया जाना है।

# कानून सख्त करने से उद्योगपति तनाव में : श्रीष

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आईआईए रामपुर चैप्टर के चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने उद्योगों का विकास करने की नीयत तो बनाई है, लेकिन कानूनी बाध्यताएं एवं सरकारी औपचारिकताएं कम करने की आवश्यकता है। सरकार नई उद्योग नीति लाई है। नई सब्सिडी योजनाएं लाई जा रही हैं लेकिन, कानून सख्त किए जा रहे हैं। इससे उद्योगपति तनाव में है। शीघ्र ही रुद्रपुर में आईआईए का कार्यालय खुलेगा।

रुद्रपुर स्थित एक होटल में आईआईए (इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन) की बैठक गुरुवार की रात हुई। इसमें आईआईए चैप्टर के चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव मनोज कुमार सिंह के समक्ष उद्योगों की समस्याएं रखी गईं। प्रमुख सचिव ने समस्याओं के समाधान की प्रकिया शुरू कर दी है।



बैठक में बोलते आईआईए रामपुर चैप्टर के चेयरमैन श्रीष गुप्ता। ● अमृत विचार

- रुद्रपुर में खुलेगा आईआईए का कार्यालय

आईआईए के संरक्षक एसके गुप्ता ने कहा कि इस फोरम के माध्यम से काफी समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है। राम रक्षपाल यादव ने सदस्यों से अपनी बात शासन-प्रशासन के सामने निर्भीकता से रखने को कहा। अरविंद नंदा ने जीएसटी पर सेमिनार कराने का प्रस्ताव रखा। इस पर अगली बैठक में श्रीष गुप्ता ने सेमिनार कराने की घोषणा की। सचिव मनोज गर्ग ने सदस्यों से अपनी औद्योगिक समस्याएं बताने को कहा जिससे उद्योग बंधु की बैठक में उनका समाधान कराया जा सके। बैठक में 10 नए सदस्यों को सदस्यता भी दी गई।

वाइस चेयरमैन आदर्श अग्रवाल ने सदस्यों से संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। विपिन कुमार ने कहा कि उद्योगों के लिए यह समय चुनौतीपूर्ण है। बैठक में सदस्यों ने बिजली, जीएसटी, परिवहन, मंडी आदि विभागों की समस्याएं रखीं। बैठक में संरक्षक एसके गुप्ता ने आईआईए का एक कार्यालय रुद्रपुर में बनाने का प्रस्ताव रखा। इसका सभी सदस्यों ने स्वागत किया।

### बैठक में यह रहे मौजूद

अतुल गोयल, जयदीप ढिल्लो, संजय अग्रवाल, रोहित गोयल, मनोज गुप्ता, अजय अग्रवाल, विनय बंसल, हेमंत गर्ग, रमेश अग्रवाल, सचिन गर्ग, मुन्नन खान, नरेश सिंघल, शंकर केडिया, सरदार हरजिंदर सिंह, गार्गी सरदाना, अंकित अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, भास्कर, रामकुमार अग्रवाल, तुषार गुप्ता, नीलाभ अग्रवाल आदि उद्योगपति शामिल रहे।

## चंदौसी में हुए सड़क हादसे में सैफनी के वृद्ध की मौत

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** रिश्तेदार के चालीसवें में शामिल होकर घर लौट रहे वृद्ध की चंदौसी के पास सड़क हादसे में मौत हो गई।


बन्ने। (फाइल फोटो)

मोहल्ला भुर्जियान निवासी 75 वर्षीय बन्ने अली बुधवार को जनपद संभल के चंदौसी क्षेत्र के गांव खटेटा निवासी रिश्तेदार के चालीसवें में शामिल होने गए थे। शुक्रवार की दोपहर बाद वह टेंपो में सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान थाना बनियाठेर के निकट एक कार ने टेंपो में टक्कर मार दी। इसमें वह बुरी तरह घायल हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बन्ने अली को चंदौसी के अस्पताल पहुंचाया। डाक्टरों ने हालत गंभीर बताते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मगर जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही बन्ने अली ने दम तोड़ दिया।

### सौलत लाइब्रेरी के स्थापना दिवस पर होंगे कार्यक्रम

**रामपुर, अमृत विचार :** सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के 90वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम होंगे। एक सितंबर को नात और 8 को भाषण प्रतियोगिता होगी। इसके लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। लाइब्रेरी के प्रवक्ता जीशान मुराद ने बताया कि 15 सितंबर को आइडिया ऑफ इंडिया पर सेमिनार होगा। इसमें विद्वान विचार पेश करेंगे। पांडुलिपियों और अन्य दुलर्भ पुस्तकों की प्रदर्शनी 21 सितंबर को लगेगी। इसके बाद शाम 4 बजे पुरस्कार वितरण होगा। 22 सितंबर को महफिल ए मुशायरा होगा।

## 2700 आंगनबाड़ी केंद्रों पर लगेंगे आरओ

**रामपुर, अमृत विचार :** जनपद के आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को अब स्वच्छ पेयजल मिलेगा। जिले में 2700 आंगनबाड़ी केंद्र हैं। इनमें शून्य से 5 वर्ष तक के 3,23,052 बच्चे हैं। विभाग ने आंगनबाड़ी केंद्रों में आरओ लगाने की तैयारी शुरू कर दी है।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को ज्ञान के साथ पुष्टाहार भी दिया जाता है। सरकारी स्कूलों में प्रवेश से पहले आंगनबाड़ी केंद्रों की अहम भूमिका होती है। बाल विकास पुष्टाहार विभाग की ओर से जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में आरओ लगाने के निर्देश मिले हैं। इसे लेकर बाल विकास पुष्टाहार विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जल्द ही जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में आरओ लगाए जाएंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र जायसवाल ने बताया कि जिले के 2700 आंगनबाड़ी केंद्रों में आरओ लगाए जाएंगे।

सुविधा | अब ग्रामीणों को इलाज के लिए नहीं लगानी होगी जिला अस्पताल की दौड़

# पीएचसी व सीएचसी पर बनेंगी बीपीएचयू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** इलाज के लिए गांव में रहने वाले लोगों को अब जिला अस्पताल की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। मामूली बीमारियों का इलाज ग्रामीणों को गांव के निकट ही मिल जाएगा। जिले में मिलक और स्वार सीएचसी के साथ ही चमरौआ पीएचसी में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट (बीपीएचयू) खोली जाएंगी। एक यूनिट पर 65.67 लाख रुपये का खर्च आएगा। इससे लोगों बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन और 15वें वित्त आयोग के तहत ग्रामीण क्षेत्र में संचालित सीएचसी-पीएचसी में भी जांच और इलाज की सुविधाएं बढ़ाने की कवायद की गई है। इसके तहत जिले में सीएचसी मिलक व स्वार तथा पीएचसी चमरौआ में बीपीएचयू खोलने का निर्णय लिया गया है। यूनिट स्थापित करने के लिए शासन की टीम ने स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जमीन की नापजोख समेत अन्य औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं। यूनिट में विभिन्न जांचों के लिए एक लैब कम कंप्यूटर कक्ष व दो हॉल बनेंगे। बीपीएचयू युनिट में एक ही छत के नीचे मरीजों की सभी जांच हो सकेंगी।

### एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड व पैथोलॉजी की सुविधाएं मिलेंगी

स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम प्रबंधक अंकित शर्मा ने बताया कि ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट के साथ ही ब्लॉक पब्लिक हेल्थ लैब की स्थापना होने से एक्सरे, अल्ट्रासाउंड और ब्लॅड आदि की जांचों की सुविधा एक ही स्थान पर मिलेगी। इलाज तथा टीकाकरण के साथ नियमित चलने वाले स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी भी होगी। बीमारियों के नियंत्रण व रोकथाम के उपायों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

**कवायद**

- एक यूनिट पर 65.67 लाख रुपये की आएगी लागत
- मिलक, स्वार और चमरौआ में बनेगी ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट

"मिलक, स्वार और चमरौआ के स्वास्थ्य केंद्रों पर बीपीएचयू का निर्माण होगा। इसके लिए शासन के निर्देश पर भूमि की उपलब्धता एवं परीक्षण का कार्य पूरा हो चुका है। जल्द ही निर्माण शुरू हो जाएगा।"
-डॉ. एसपी सिंह, सीएमओ

## आकाशवाणी रामपुर में 21 सितंबर तक करें ऑनलाइन आवेदन

**रामपुर, अमृत विचार :** आकाशवाणी रामपुर के कार्यक्रम प्रमुख राजीव कुमार सक्सेना ने बताया कि आकाशवाणी में शास्त्रीय, सुगम एवं लोक संगीत गायन, वादन कलाकारों की स्वर परीक्षा एवं उनकी ग्रेडिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया चल रही है। इसकी अंतिम तिथि 21 सितंबर है।

उन्होंने बताया कि इच्छुक कलाकर आकाशवाणी के ऑडिशन पोर्टल पर श्रेणी उन्नयन और नवीन स्वर परीक्षा के लिए पंजीकरण एवं आवेदन कर सकते हैं। जो कलाकार बी ग्रेड में 5 वर्ष के अन्दर हैं और जो 5 वर्ष पूरे कर चुके हैं लेकिन अपग्रेडेशन (श्रेणी उन्नयन) के लिए आवेदन नहीं कर सके थे, वह भी आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण और आवेदन के लिए वेबसाइट आकाशवाणी में संगीत स्वर परीक्षा के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे।



टीकाकरण के बाद प्रमाण पत्र दिखाती छात्राएं। ● अमृत विचार

# 168 बच्चों का हुआ टीकाकरण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ब्लॉक सैदनगर के प्राथमिक विद्यालय लालपुर कलां में शुक्रवार को जापानी इन्सेफेलाइटिस से बचाव को टीकाकारण कराया गया।

शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला में 3 से 11 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण किया गया। इस दौरान स्कूल में मौजूद 168 बच्चों को टीका लगाया गया। टीका लगवाने वाले बच्चों को प्रधानाध्यापिका शबनम आरा ने बिस्कुट के पैकेट दिए। बच्चों को एनर्जी ड्रिंक भी पिलाया। उन्हें प्रमाण पत्र भी दिए गए।

प्रधानाध्यापिका ने अभिभावकों को भी बुला लिया था। टीकाकरण एएनएम आकांक्षा ने किया। उनके साथ आयशा, राबिया, भूरी, बीना, ओमवती, नाजमा, आजमी फैजी आदि मौजूद रहीं।

## एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 38,000 रुपये निकाले

**मिलक, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी विभाग में तैनात मथुरा प्रसाद गुरुवार को हाईवे स्थित पंजाब नेशनल बैंक परिसर में लगे एटीएम से रुपये निकालने गए थे। मशीन में उनका कार्ड नहीं लग पाया। तब पास में खड़े अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें मशीन में कार्ड लगाने की तरकीब बताई। इसके बाद एटीएम से रुपये भी निकलवा दिए।

इस बीच आरोपी ने उनका पिन नंबर देख लिया। इसके बाद आरोपी मथुरा प्रसाद का कार्ड बदलकर फरार हो गया। मथुरा प्रसाद अस्पताल के पास पहुंचे तो उनके मोबाइल पर मैसेज आया। जिसे पढ़कर उनके पैरों तले से जमीन खिसक गई। उन्होंने पास के सीएससी केंद्र पर बैंक बैलेंस चेक करवाया तो पता चला कि उनके खाते से 38,000 रुपये निकाल लिए गए थे। जेब में रखे कार्ड को देखा तो पता चला कि वह भी किसी महेश कुमार का था। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

## एक नजर

### 15वें शिव चालीसा का उद्यापन आज

**रामपुर, अमृत विचार** : 15वां शिव चालीसा उद्यापन का कार्यक्रम शनिवार को शाम 6 बजे से श्री शिव मंदिर पातालेश्वर मंदिर भमरौआ में होगा। शिव चालीसा उद्यापन सेवक अश्वनी त्यागी ने बताया कि कार्यक्रम पंडित मुन्ना हरि के सानिध्य में होंगे। इसमें सवा मन दूध से शिवलिंग का अभिषेक होगा। रात 8 बजे बाबा का श्रृंगार और सगाई का तिलक होगा। आरती और रुद्र लड्डू का भोग रात 9 बजे होगा। महाभोग प्रसाद रात 10 बजे होगा।

### एनपीसीआई की प्रक्रिया को तत्काल पूर्ण कराएं दिव्यांग

**रामपुर, अमृत विचार** : जिला दिव्यांग सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि आधार बेस्ड पेंमेंट प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों को अपने बैंक खाते में एनपीसीआई, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम की प्रक्रिया को पूर्ण करना होगा। क्योंकि आधार बेस्ड पेंमेट में भुगतान मात्र एनपीसीआई में ही आधार के माध्यम से किया जा सकता है। जनपद के सभी दिव्यांग अनुदान राशि समय से लेने के लिए आधार कार्ड, बैंक की पासबुक एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर के साथ अपने बैंक खाते में तत्काल एनपीसीआई की प्रक्रिया को पूर्ण कराएं। जिससे द्वितीय त्रैमासिक किश्त का भुगतान समय से बेस्ड पेंमेंट के स्थान पर आधार बेस्ड पेमेंट प्रणाली से किया जा सके।

### खेत की मेड़ तोड़ने में किसान पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहबाद, अमृत विचार** : पड़ोसी किसान के खेत की मेड़ तोड़कर अपने खेत में मिलाना किसान को भारी पड़ गया। लेखपाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। लेखपाल रेनू चंद्रा के मुताबिक शाहपुरदेव गांव निवासी पूरनलाल के खेत की मेड़ पड़ोसी किसान राधेश्याम ने तोड़कर अपने खेत में मिला ली। पूर्व में भी लेखपाल व पुलिस की उपस्थिति में खेत की पैमाइश की गई थी। इसके बाद भी वह खेत की मेड़ तोड़ने का प्रयास करता है।

### फेरी करके लौट रहे अधेड़ की हालत बिगड़ी

**शाहबाद, अमृत विचार** : मोहल्ला फर्राशान निवासी मल्लू कपड़ों की फेरी करता है। शुक्रवार को वह फेरी करके घर लौट रहा था। शाहबाद-बिलारी मार्ग पर अचानक उसे चक्कर आ गए। इससे उसकी बेकाबू होकर बाइक फिसल गई। हादसे में वह जख्मी हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

# चौथे दिन 1408 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

## कड़ी सुरक्षा के बीच 13 केंद्रों पर हुई पुलिस भर्ती परीक्षा, अधिकारी करते रहे निरीक्षण

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार** : पुलिस भर्ती परीक्षा के चौथे दिन दोनों पालियों में 7152 आवेदकों में से 5744 अभ्यर्थी ही परीक्षा देने पहुंचे थे। 1408 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे थे। परीक्षा शांतिपूर्वक निपटने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली। डीआईजी मुनिराज जी ने भी कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

जनपद में 13 केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा चल रही है। शुक्रवार को पहली पाली 10 से 12 और दूसरी पाली 3 से 5 बजे तक परीक्षा हुई। परीक्षा शुरू होने से पहले ही अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली गई। शुक्रवार को दोनों पालियों में पंजीकृत 7152 में से 5744 ही अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 1408 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे। सुरक्षा के लिए हाईवे और परीक्षा केंद्रों के आसपास पुलिस तैनात रही।



परीक्षा केंद्र के बाहर अभ्यर्थी का प्रवेश पत्र चेक करतीं महिला सिपाही। ● अमृत विचार

**प्रथम पाली परीक्षा**

| | |
|---|---|
| कुल अभ्यर्थी | 3576 |
| उपस्थित अभ्यर्थी | 2844 |
| अनुपस्थित अभ्यर्थी | 732 |
| उपस्थिति अभ्यर्थियों का प्रतिशत | 79 .53 |
| अनुपस्थित अभ्यर्थियों का प्रतिशत | 20 .47 |

**द्वितीय पाली परीक्षा**

| | |
|---|---|
| कुल अभ्यर्थी | 3576 |
| उपस्थित अभ्यर्थी | 2900 |
| अनुपस्थित अभ्यर्थी | 676 |
| उपस्थिति अभ्यर्थियों का प्रतिशत | 81 .10 |
| अनुपस्थित अभ्यर्थियों का प्रतिशत | 18 .90 |

### पहली पाली में 20.47 और दूसरी पाली में 18.90 प्रतिशत अभ्यर्थी रहे गैर हाजिर

यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा की पहली पाली में 20 .47 और दूसरी पाली में 18 .90 प्रतिशत अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे। परीक्षा के दौरान केंद्र व्यवस्थापकों के अलावा अधिकारी भी केंद्रों का निरीक्षण करते रहे।

### भाकियू टिकैत ने चलाया सदस्यता अभियान

**टांडा, अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) से जुड़े किसानों ने शुक्रवार को गांव-गांव जाकर सदस्यता अभियान चलाया।

भाकियू के जिला सचिव साबिर अली व नगर अध्यक्ष मजहर अली उर्फ हाजी लाला के नेतृव में मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद रफीक आदि ने क्षेत्र के लखमन नगला, परसूपुरा, अल्लेपुर, लाड़पुर, मूंडिया और नगलिया आदि गांवों में सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान दर्जनों किसानों को भाकियू की सदस्यता दिलाई गई। जिला सचिव ने कहा कि भाकियू ही किसानों का हितैषी संगठन है। नगर अध्यक्ष ने कहा कि किसान बड़ी संख्या में भाकियू की सदस्यता ग्रहण कर संगठन को मजबूत बनाएं।



सदस्यता अभियान के कार्ड दिखाते किसान।



नगर पंचायत अध्यक्ष को ज्ञापन देते ठेका कर्मचारी। ● अमृत विचार


# मृतक के परिवार को दी जाए आर्थिक सहायता

**संवाददाता, दढ़ियाल**

**अमृत विचार** : शुक्रवार को मजदूर संघ के अध्यक्ष रावत वाल्मीकि के नेतृव में ठेका कर्मचारी नगर पंचायत अध्यक्ष खुर्शीद अहमद से मिले। उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष को ज्ञापन देकर सड़क हादसे में जान गंवाने वाले दिलदार अली के परिजनों को आर्थिक सहायता देने की गुहार लगाई।

बुधवार को निसार अली का बेटा दिलदार अली नगर पंचायत में ठेका कर्मचारी था। वह मेले में लगने वाली दुकान के लिए खिलौने लेने उत्तराखंड के काशीपुर जा रहा था। दढ़ियाल-काशीपुर मार्ग पर गांव अकबराबाद के पास एक वाहन को ओवरटेक करते समय सड़क हादसे में दिलदार अली की मौत हो गई थी। इसी को लेकर शुक्रवार को

ठेका कर्मचारियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष खुर्शीद अहमद को ज्ञापन दिया। इसमें कहा है दिलदार अली के परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। उसके परिवार को आर्थिक सहायता की जरूरत है। इस दौरान अमन वाल्मीकि, राकेश वाल्मीकि, मदन लाल, सोनू वाल्मीकि, प्रदीप वाल्मीकि, सुदेश कुमार, शुभम कुमार, बबलू कुमार, रवि कुमार, कुंवर सिंह आदि मौजूद रहे।



सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यर्पण करते प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम वर्मा व अन्य।

# चकबंदी आयुक्त का घेराव करेगी भाकियू

**संवाददाता, मिलक**

**अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष अजय बाबू गंगवार के नेतृत्व में किसान पटेल पार्क में एकत्र हुए। इसके बाद वह क्योरार स्थित बाईपास पहुंचे। यहां प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम सिंह वर्मा का माला पहनाकर स्वागत किया। पटेल पार्क में प्रदेश अध्यक्ष ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसानों के ज्ञापनों पर अमल करके जिला प्रशासन समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारण करने का काम करें। ऐसा न हो की किसानों के ज्ञापन कूड़ेदान में डाल दिए जाएं। भाकियू अराजनैतिक इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि चकबंदी विभाग में भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश में चकबंदी विभाग के द्वारा किसानों के काम नहीं करने को लेकर 5 सितंबर को किसानों द्वारा चकबंदी आयुक्त का घेराव किया जायेगा। अलग-अलग गाटा संख्या वाली किसानों की जमीनों को एक बनाने का काम किया जाना चाहिए। इस अवसर पर वीरेंद्र गंगवार, महेश बाबू गंगवार, जाकिर हुसैन, दया राम, अमर सिंह आदि मौजूद रहे।

### दुकानों के आगे जीएसटी नंबर लिखवाएं

**बिलासपुर, अमृत विचार** : जीएसटी टीम ने चेकिंग अभियान चलाकर दुकानदारों से अपनी दुकानों के आगे जीएसटी नंबर लिखवाने का निर्देश दिया। उन्होंने व्यापारियों के साथ बैठक भी की।

मोहल्ला शिव बाग मंडी में एक प्रतिष्ठान की जांच के दौरान जीएसटी अधिकारी जेपी मौर्य ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के शिष्ट मंडल के साथ बैठक की। जीएसटी अधिकारी ने बताया कि यह जांच केवल उन व्यापारियों की है, जिनके जीएसटी में नए पंजीकरण हुए हैं या व्यापारिक स्थल का भौतिक सत्यापन नहीं हुआ है। अभी केवल उन्हीं की जांच की जा रही है। प्रतिष्ठान से संबधित पूरे अभिलेख व्यापारी अपने पास रखें, ताकि उन्हें कोई परेशानी न हो। दुकान के बोर्ड पर जीएसटी नंबर भी लिखवाएं। बैठक में धन्नूमल बंसल, राजीव अग्रवाल, जोगपाल सिंह, गिरिराज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# सीएचसी में प्रेरणा कैंटीन हटवाने को लेकर हंगामा

**संवाददाता, शाहबाद**

**अमृत विचार** : सीएचसी परिसर में संचालित प्रेरणा कैंटीन हटाने को लेकर सीएचसी अधीक्षक जिद पर अड़ गए। उन्होंने कैंटीन हटाने के लिए नगर पंचायत की जेसीबी भी बुला ली। वहीं, कैंटीन न हटाने को लेकर भाकियू टिकैत भी समर्थन में आ गई और हंगामा कर दिया। मौके की नजाकत को भांपते हुए पुलिस ने उच्चाधिकारियों के आदेश तक कार्रवाई को रोक दिया और कैंटीन में ताला लगवा दिया।

सीएचसी परिसर में डेढ़ वर्ष से प्रेरणा कैंटीन संचालित की जा रही है। इसे अवैध बताते हुते सीएचसी अधीक्षक मोहित रस्तोगी ने नगर पंचायत की जेसीबी बुला ली। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। नगर पंचायत की जेसीबी ने जैसे ही कैंटीन हटाने की कार्रवाई शुरू की तो भाकियू के प्रदेश सचिव दरियाव सिंह कैंटीन के आगे खड़े हो गए। चिकित्सा अधीक्षक पर 10 हजार रुपये महीना रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। कैंटीन गिराने की सूचना पर भाकियू नेता भी अपने साथियों के साथ सीएचसी पहुंच गए। कहा कि उनके पास कैंटीन संचालित करने का आदेश है, लेकिन वह रामपुर गया है। उन्होंने एक घंटा इंतजार करने को कहा। लेकिन ईओ और अधीक्षक नहीं माने। इसे लेकर नोकझोंक भी हुई। नगर पंचायत की टीम ने जेसीबी ले जाने का प्रयास किया तो भाकियू के लोगों ने हंगामा कर दिया। सीएचसी अधीक्षक पर गंभीर आरोप भी लगाए। सूचना पर कोतवाल प्रिंस शर्मा और कस्बा इंचार्ज आदेश कुमार भी मौके पर पहुंच गए। मौके की नजाकत को देखते हुए दोनों पक्षों को समझाया। कैंटीन खाली करने की मोहलत देते हुए कार्रवाई रुकवा दी। फिलहाल कैंटीन को बंद करा दिया गया है।



सीएचसी परिसर में हंगामा करते किसानों को समझाते कोतवाल प्रिंस शर्मा।

- **भाकियू टिकैत के प्रदेश सचिव कैंटीन के आगे खड़े हुए**
- **अधीक्षक पर लगाया 10 हजार रुपये महीना रिश्वत मांगने का आरोप**

> यह कैंटीन यहां बिना किसी आदेश के अवैध अतिक्रमण कर चलाई जा रही है। यह लोग प्राइवेट खाते में पैसा मांगते हैं, जो नियम विरुद्ध है। रिश्वत मांगने के आरोप निराधार हैं। इन्हें 14 दिन पहले नोटिस दे दिया था। लेकिन अभी तक कैंटीन बंद नहीं की। कैंटीन शुरू होने से लेकर सभी काम और भुगतान की भी जांच कराएंगे।
>
> **- डॉ. मोहित रस्तोगी, सीएचसी अधीक्षक**

> चिकित्सा अधीक्षक 10 हजार रुपये महीना रिश्वत की मांग करते हैं। मरीजों को खाना देने से भी मना करते हैं। इसका विरोध करने पर वह चिढ़ गए और कैंटीन हटवाने का प्रयास करने लगे। कैंटीन सीडीओ और बीडीओ के आदेश से संचालित होती है। उन्हें इसे हटाने का कोई अधिकार नहीं है।
>
> **- दरियाव सिंह यादव, प्रदेश सचिव, भाकियू टिकैत**



कार्यक्रम में बोलते जिला प्रचार प्रमुख राधेश्याम। ● अमृत विचार

# 60 साल पूरे होने पर मनाया स्थापना दिवस

**संवाददाता, बिलासपुर**

**अमृत विचार** : विश्व हिंदू परिषद के स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने पर प्रखण्ड के कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस मनाया।

शुक्रवार को थाना खजुरिया क्षेत्र के गांव पिपलिया विजयनगर स्थित श्री सिद्ध बाबा मन्दिर पर कार्यकर्ता एकत्र हुए। संगठन के जिला प्रचार प्रमुख राधेश्याम ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होने का आह्वान किया।

इस मौके पर प्रखण्ड संयोजक विजय कोली, अशोक कुमार, नरेंद्र, अंकित, कुंवरपाल, जितेन्द्र, संजीव, हरीश कुमार, मनोज, शिवम, सुभाष, रामबाबू, भूपेन्द्र, संतोष, राहुल आदि मौजूद रहे।

# 3 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार** : भाजपा के जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू ने कहा कि शनिवार से जनपद के सभी 1789 बूथों पर सदस्यता अभियान शुरू होगा। प्रत्येक बूथ पर कम से कम 150 से 200 सदस्य अवश्य बनाए जाएं।

शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की बैठक निरीक्षण भवन में हुई। इसमें जिला अध्यक्ष ने कहा कि सदस्यता अभियान शुरू करने के लिए वरिष्ठ पदाधिकारी को विभिन्न बूथों पर लगाया गया है। वह अपने बूथ पर पहुंचकर बूथ अध्यक्ष और वहां मौजूद कार्यकर्ता को सदस्यता का मंत्र देंगे। प्रदेश संगठन द्वारा 3 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। इसके अनुसार प्रत्येक बूथ पर कम से कम 150 से 200 सदस्य बनाए जाएं और लक्ष्य को प्राप्त किया जाए। इसीलिए जिले के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों को तीन-तीन, चार-चार बूथ आवंटित किए गए हैं। कार्यशाला के बाद 2 सितंबर से सभी लोग सदस्य बनाने में जुट जाएंगे।

बैठक में जिला महामंत्री अशोक विश्नोई, रविंद्र सिंह रवि, सतनाम सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रेम शंकर पांडे, मोहन लोधी, अनुज सक्सेना, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, शिवा शर्मा, दिनेश शर्मा, राजू शर्मा, राहुल गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में बोलते भाजपा के जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू। ● अमृत विचार

**बैठक**

- **जिले में आज से चलाया जाएगा सदस्यता अभियान**
- **प्रत्येक बूथ पर काम से कम 150 से 200 सदस्य बनाएं : हंसराज**

### पीड़ित परिवारों से मिले जिला पंचायत सदस्य

**रामपुर, अमृत विचार** : थाना भोट के गांव खौदपुरा में दो दिन पूर्व चोरों ने चार घरों में कूमल लगाकर लाखों रुपये की नकदी, चांदी के जेवरात और बर्तन चुरा लिए थे। जानकारी पर जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने पीड़ित शकील अंसारी, शमशाद, इमदाद व महिपाल के परिवार वालों से मुलाकात की और चोरी का जल्द खुलासा करने की मांग की। जहांगीर पाशा, मोहम्मद इशहाक, यासीन पाशा, तसव्वुर अली, हाफिज राशिद, पाशा, भूरा, पूर्व प्रधान नूर हसन, उस्मान अली आदि मौजूद रहे।



पीड़ित परिवारों से मिलते जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन। ● अमृत विचार



बरेली में सम्मानित किए गए कवि राम किशोर वर्मा। ● अमृत विचार

# कवि राम किशोर वर्मा के सम्मानित होने पर हर्ष

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार** : विशिष्ट बचपन पत्रिका, बरेली और अखिल भारतीय काव्यधारा के संयुक्त तत्वावधान में कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह जितेन्द्र कमल आनंद की अध्यक्षता में बरेली में हुआ।

मुख्य अतिथि बिथरी चैनपुर (बरेली) के विधायक डॉ. राघवेन्द्र शर्मा ने रामपुर के कवि राम किशोर वर्मा को विशिष्ट धैर्य साहित्य सम्मान से सम्मानित किया। बरेली में सम्मानित होने पर डॉ. प्रीति अग्रवाल, पुष्पा शर्मा, रश्मि लहर, बेजार अहमदाबादी, रवि रश्मि अनुभूति, राजवीर सिंह, पुष्पा जोशी, सत्य रूपा, ललिता सिंह, राकेश, भावना मिश्रा और कुलदीप सिंह आदि ने हर्ष जताया।

**प्रतियोगिता** — फुटबाल में स्टेडियम इलेविन ने व्हाइट हॉल स्कूल को 4-0 से मात देकर ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

# सिम्स स्कूल की टीम सनवे को 1-0 से हराकर बनी चैंपियन

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार** : हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच सनवे और सिम्स स्कूल की टीमों के बीच खेला गया। सिम्स स्कूल की टीम ने सनवे को संघर्षपूर्ण मुकाबले में शिकस्त देकर 1-0 से फाइनल मैच जीत लिया। इस वर्ष का चैंपियन सिम्स स्कूल बना। मुख्य अतिथि आकाश सक्सेना ने विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके अलावा फुटबाल प्रतियोगिता में स्टेडियम इलेविन ने व्हाइट हॉल स्कूल की टीम को 4-0 शिकस्त देकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया।

जिला खेल कार्यालय एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में खेल सप्ताह मनाया गया। शुक्रवार को फिजीकल कालेज स्टेडियम पर हुई हॉकी प्रतियोगिता में आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। उद्घाटन विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंद किशोर कलाल ने किया। पहला मैच में सिम्स स्कूल ने सेंट एंथोनी को 1-0 से हराया। दूसरे मैच में सिम्स क्लब ने अर्बन स्कूल को 2-1 गोल से पराजित किया। इसके बाद आईडेंटिटी एवं दयावती मोदी एकेडमी की टीमों के बीच मैच खेला गया। इसमें दयावती अकादमी ने आइडेंटिटी स्कूल को 1 -0 से पराजित किया। चौथे मैच में सनवे स्कूल ने फिजिकल कॉलेज को 2-1 से हराया। पहले सेमीफाइनल में सिम्स स्कूल ने सिम्स क्लब को 1-0 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में सनवे स्कूल ने दयावती मोदी स्कूल को 1-0 से पराजित किया।

फाइनल मुकाबले में सिम्स स्कूल की टीम सनवे स्कूल की टीम को कड़े मुकाबले में 1-0 मात देकर इस वर्ष की चैंपियन बनी। फाइनल मैच स्टेडियम इलेवन एवं व्हाइट हॉल स्कूल के बीच खेला गया। इसमें स्टेडियम इलेविन ने व्हाइट हॉल स्कूल को 4-0 शिकस्त देकर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया।



विजयी टीम के साथ मौजूद मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना।

### टांडा ने स्टार एकेडमी को 3-1 से हराया

**रामपुर, अमृत विचार** : जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में महात्मा गांधी स्टेडियम में चल रही रामपुर चैंपियंस लीग का तीसरा मैच शुक्रवार को स्टार एकेडमी और यंग मैन फुटबॉल क्लब टांडा के मध्य खेला गया। मैच शुरू होते ही दोनों ही टीमों ने एक दूसरे पर जोरदार हमले किए लेकिन सफलता यंग में टांडा को मिली। जब उनके खिलाड़ी मोहम्मद फैजान ने मैच के 21 मिनट में शानदार गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी। मैच के मध्यांतर तक टांडा की टीम 1 गोल की बढ़त कायम रही। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने एक-दूसरे पर छोटे-छोटे पास बना कर लगातार हमले किए। यंग मैन टांडा के डिफेंडर द्वारा गलत टकल करने पर स्टार एकेडमी को रेफरी द्वारा पेनल्टी दे दी गई। इसे स्टार एकेडमी के खिलाड़ी आकाश ने गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद यंग मैन टांडा के खिलाड़ी मोहम्मद फैज ने गोल करके स्कोर 2-1 किया। मैच के 54वें मिनट में यंग मैन टांडा के खिलाड़ी वसीम ने एक और गोल करके बढ़त को 3 -1 कर दिया। यंग मैन टांडा ने यह मैच 3-1 से जीत लिया। मुख्य अतिथि अमर आदिवासी रहे। जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव अनीस अहमद ने आभार जताया।

# कंस ने वासुदेव-देवकी को जेल में डाला

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार** : देवकी-वासुदेव विवाह के बाद नगर भ्रमण को निकले कंस को आकाशवाणी ने चौंका दिया। इसके बाद कंस ने वसुदेव और देवकी को कारागार डाल दिया। यह मंचन 17वें श्री कृष्ण छठी महोत्सव के अवसर पर किया जा रहा है।

रजा टैक्सटाइल बाकर स्कूल के मैदान पर चल रहे 17वें श्री कृष्ण छठी महोत्सव के दूसरे दिन भगवान श्री बांके बिहारी की अतिथियों ने आरती कर तिलक किया। छठी महोत्सव में श्री कृष्ण की लीलाओं का मंचन हुआ। कंस द्वारा वासुदेव और देवकी को नगर भ्रमण पर ले जाया गया। आकाशवाणी सुनकर कंस क्रोधित हो गया। उसने वासुदेव और देवकी को कारागार में डाल दिया। आठवीं संतान के रूप में श्री हरि विष्णु ने कृष्ण रूप में पृथ्वी पर देवकी की कोख जन्म से लिया। छठी महोत्सव में भगवान श्री कृष्ण के जयकारों का उद्घोष हुआ। भगवान श्री कृष्ण को मथुरा से गोकुल लाया गया। जहां लोगों ने नंद बाबा को बधाइयां दीं। भगवान श्री कृष्ण के जन्म की सूचना मिलने पर कंस ने पूतना को उनका वध करने के लिए भेजा। लेकिन भगवान श्री कृष्ण ने ही पूतना का वध कर दिया। लीलाओं का मंचन वैष्णवी कला मंच के कलाकारों ने किया। सरदार सनी गिल, शेखर माली, सुरेंद्र सैनी, समीर सक्सेना, अभय कुमार, राज यादव, इमरान खान, अभिषेक कुमार, अभिनव कुमार, सचिन कुमार आदि मौजूद रहे। मंच का संचालन छठी महोत्सव और शिव महादेव मंदिर जीर्णोद्धार कमेटी के संरक्षक रवि किशन सक्सेना ने किया।



भगवान श्री कृष्ण के छठी महोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

- **वासुदेव-देवकी की आठवीं संतान के रूप में श्री कृष्ण ने लिया जन्म**

अमृत विचार
www.amritvichar.com

दुर्जन :स्वस्वभावेन परकार्ये विनश्यति।
नोदर तृप्तिमायाती मूषक :वस्त्रभक्षक : ॥

दुष्ट व्यक्ति का स्वभाव ही दूसरे के कार्य बिगाड़ने का होता है। वस्त्रों को काटने वाला चूहा पेट भरने के लिए कपड़े नहीं कटता।

## संपादकीय

# अंगदान के लिए जागरूकता

देश में अंगों के प्रत्यारोपण से अनेक जिंदगियों को बचाया जा रहा है। इसलिए अंगदान का महत्व बहुत बढ़ गया है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि मृत्यु के बाद अंगदान करने वाला एक व्यक्ति आठ ऐसे रोगियों को नया जीवन दे सकता है जो अलग-अलग प्रकार की अंग विफलताओं से पीड़ित हैं। वास्तव में अंगदान को हमें जीवन जीने का तरीका बनाना होगा। ताकि हम ऐसे मरीजों को नया जीवन दे सकें जिनके किन्हीं अंगों ने काम करना बंद कर दिया है, लेकिन भारत में अंगदान करने वालों की संख्या बहुत कम है। प्रति दस लाख जनसंख्या पर अंगदान की दर बहुत ही निराशाजनक 0.65 है जबकि अन्य देशों में यह दर प्रति दस लाख आबादी पर 30 या उससे ज्यादा है। पारिवारिक आशंकाएं, भय, अंगों के सही इस्तेमाल पर संदेह, धार्मिक और सामाजिक परंपराएं आदि कुछ ऐसे कारण है, जिनके कारण लोग अंगदान करने से बचना चाहते हैं। गौरतलब है कि समाज को दान किया गया अंग मुफ्त मिलता है लेकिन इसके प्रत्यारोपण की लागत लाखों रुपये होती है। अंगों की अनुपलब्धता के कारण भारत में प्रतिवर्ष लगभग पांच लाख लोग मर जाते हैं। एक अध्ययन में पाया गया है कि भारत में अगर घातक दुर्घटनाओं के शिकार लोगों में से 5-10 प्रतिशत भी अंगदान का निर्णय ले लें, तो इस कमी को पूरा किया जा सकता है।

सरकार को अंगदान से जुड़े नियमों में कुछ परिवर्तन करने चाहिए। अंगदाताओं में वृद्धि के बिना बढ़ी हुई मांग से अंगों के अवैध व्यापार को बढ़ावा मिलता है। सरकार को चाहिए कि व्यवस्था में फैली इन कमियों का दूर करने के लिए एक सार्थक योजना बनाएं। मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम 1994 में पारित किया गया था। यह मानव अंगों के निष्कासन और उसके भंडारण के लिए विभिन्न नियम प्रदान करता है। यह चिकित्सीय प्रयोजनों के लिए मानव अंगों के प्रत्यारोपण और मानव अंगों के वाणिज्यिक लेन-देन की रोकथाम को भी नियंत्रित करता है। अब केंद्र सरकार ने अंगदान के लिए डोमिसाइल प्रतिबंध को हटा दिया है। देश के किसी भी राज्य में ऑर्गन लेने के लिए रजिस्टर किया जा सकता है और ट्रांसप्लांट कराया जा सकता है। अंगदान के बारे में गलत धारणाओं और मिथकों को दूर करना देश में अंग की कमी को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। अंगदान को बढ़ाने के लिए समाज में जागरूकता की जरूरत है। इसके लिए बड़े स्तर पर अभियान चलाया जाना चाहिए।

# बुलडोजर संस्कृति उचित या अनुचित




डॉ .मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

मेरा ऐसा मानना है कि बुलडोजर संस्कृति का सहारा लेने से पहले कानूनी प्रक्रिया, पारदर्शिता और न्याय का पालन करना चाहिए। साथ ही समानता और मानवाधिकारों का सम्मान भी हो ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए।

पिछले कुछ वर्षों से भारत में "बुलडोजर संस्कृति" की चर्चा जोरों पर है। उत्तर प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री को तो कुछ लोगों ने बुलडोजर बाबा की संज्ञा दे रखी है,जबकि उत्तर प्रदेश सहित कई अन्य राज्यों में भी इस संस्कृति का उपयोग होता रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को यह संज्ञा देना कितना सही है और कितना गलत है यह कहना मुश्किल है। किंतु इतना जरूर दिखाई देता है कि हालिया माहौल में यह राजनीतिक शब्द ज्यादा और सामाजिक/प्रशासनिक शब्द कम नजर आता है। जहां तक मैं समझ सका हूं बुलडोजर शब्द का उपयोग अवैध निर्माण के विरुद्ध सरकारी कार्रवाइयों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है अर्थात सरकारी बुलडोजर का उपयोग अवैध निर्माण, अतिक्रमण या अनधिकृत संरचनाओं को गिराने के लिए किया जाता है।

इस कार्यवाही का मुख्य उद्देश्य सरकारी संपत्ति को सुरक्षित रखना,निर्माण कार्य को नियमों के दायरे में लाना अर्थात शहरी विकास आदि का नियमन करना है। कुछ राजनैतिक दल इसे कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम के रूप में देखते हैं,जबकि कुछ राजनैतिक दल इसे राजनीतिक प्रतिशोध और विशेष समुदायों को लक्षित करने का तरीका मानते हैं। बुलडोजर के उपयोग को लेकर राजनैतिक दलों में मतभेद दिखाई देते हैं। विपक्षी/आलोचक दलों का ऐसा मानना है कि बुलडोजर की कार्यवाही कई बार बिना किसी पूर्व सूचना या कानूनी प्रक्रिया के की जाती है, जिससे प्रभावित लोगों के अधिकारों का हनन होता है वहीं इस कार्रवाई से इंफ्रास्ट्रक्चर में लगने वाली सामग्री, श्रम और धन का अपव्यय होता है। जबकि सरकार में बैठे दलों का पक्ष है कि इस तरह की कार्रवाई से कानून के शासन को लागू करने में मदद मिलती है। आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों में भय पैदा होता, सरकारी संपत्ति को अतिक्रमण से मुक्ति मिलती है। "बुलडोजर संस्कृति" का उपयोग कब होगा?, किस पर होगा?, कैसे होगा?, यह राज्य और स्थानीय सरकार की नीतियों और नियत पर निर्भर करता है। आजकल




कई बार अवैध संरचनाओं को हटाने के निर्देश न्यायालय से प्राप्त होते हैं। किंतु जब बुलडोजर संस्कृति का उपयोग विशेष व्यक्तियों को चिन्हित या लक्षित करके किया जाता है तो विवाद का विषय बन जाता है, सामाजिक तनाव और असमानता को जन्म दे सकता है। वैसे भी बुलडोजर संस्कृति अतिक्रमण और अवैध निर्माण की समस्याओं के समाधान की दिशा में केवल अस्थाई और तात्कालिक उपाय हो सकता है,किंतु कभी भी स्थायी समाधान नहीं हो सकता है। अत: स्थाई समाधान की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से सभी सरकारों को राजनीति से ऊपर उठकर तथा सभी अधिकारी-कर्मचारियों को लोभ, लालच, भयमुक्त होकर कार्य करने की आवश्यकता है।

बुलडोजर संस्कृति का सहारा लेना एक जटिल और विवादास्पद विषय बनता जा रहा है। अतः इसका उपयोग करने से पूर्व कई पहलुओं पर विचार आवश्यक है। जैसे- कानूनी प्रक्रिया, निष्पक्षता, पारदर्शिता, समाज पर प्रभाव और विकासात्मक पहलू आदि। अर्थात यदि अतिक्रमण या अवैध निर्माण सार्वजनिक सुरक्षा, यातायात या नागरिकों के अधिकारों में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं, नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं तो इन्हें बिना किसी भेदभाव के हटाना ही चाहिए।

कई बार अवैध संरचनाओं को हटाने के निर्देश न्यायालय से प्राप्त होते हैं। किंतु जब बुलडोजर संस्कृति का उपयोग विशेष व्यक्तियों को चिन्हित या लक्षित करके किया जाता है तो विवाद का विषय बन जाता है, सामाजिक तनाव और असमानता को जन्म दे सकता है। वैसे भी बुलडोजर संस्कृति अतिक्रमण और अवैध निर्माण की समस्याओं के समाधान की दिशा में केवल अस्थाई और तात्कालिक उपाय हो सकता है,किंतु कभी भी स्थायी समाधान नहीं हो सकता है। अतः स्थाई समाधान की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से सभी सरकारों को राजनीति से ऊपर उठकर तथा सभी अधिकारी-कर्मचारियों को लोभ, लालच, भयमुक्त होकर कार्य करने की आवश्यकता है। नियोजित तरीके से शहरीकरण हो,वैधानिक तरीके से शासकीय नियमों तथा प्रक्रिया का पालन हो,ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए ताकि बुलडोजर संस्कृति का उपयोग ही न करना पड़े। एक प्रश्न हमेशा सबके मन में उठता है कि अवैध कब्जा/ निर्माण हो कैसे जाते हैं? निमार्णाधीन अवधि में जांच और निगरानी करने वाली एजेंसियां क्या करती रहती हैं? इन्हें अवैध कब्जा और निर्माण दिखाई क्यों नहीं देता है? इस तरह के निमार्ण कौन कराता है? अधिकतर जघन्य अपराध करने के बाद ही अपराधी की संपत्ति पर बुलडोजर क्यों चलता है? क्या इस तरह की समस्या को जनसुनवाई और सामुदायिक संवाद जैसे अन्य उपायों से हल नहीं किया जा सकता? क्या उन लोगों पर कठोर कार्यवाही होती है,जो इस तरह के कब्जे/निर्माण होने देने के लिए जिम्मेदार है? क्या सरकारों को अतिक्रमण/ अवैध निर्माण को रोकने के लिए और अधिक प्रभावी नियम-कानून-योजनाएं बनाने पर, नियामक तंत्र विकसित करने पर विचार करने की आवश्यकता है?

मेरा ऐसा मानना है कि बुलडोजर संस्कृति का सहारा लेने से पहले कानूनी प्रक्रिया, पारदर्शिता और न्याय का पालन करना चाहिए। साथ ही समानता और मानवाधिकारों का सम्मान भी हो ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए। यदि ऐसी व्यवस्था बन सके कि न तो कोई अतिक्रमण करने की सोच सके और न ही कोई अवैध निर्माण कर सके तो बहुत ही अच्छी बात है। बुलडोजर का उपयोग केवल अंतिम उपाय के रूप में किया जाना उचित होगा। ऐसा देखने और सुनने में आता है कि अवैध निर्माण और अतिक्रमण का सहारा वे लोग ही लेते हैं,जो या तो रसूखदार होते हैं या अपराधी प्रवृत्ति के होते हैं या जिन्हें राजनैतिक संरक्षण प्राप्त होता है।

अतः जनता से लेकर जन प्रतिनिधियों तक सरकारी कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों तक को अतिक्रमण/अवैध निर्माण का विरोध करना चाहिए। वास्तव में इस तरह का तंत्र विकसित करने की आवश्यकता है, जिससे गैर-कानूनी कृत्य की सूचना अविलंब प्राप्त हो सकें,उस पर कानून सम्मत कार्यवाही निष्पक्ष और बिना भेदभाव के अविलंब हो सके। यदि ऐसा हो जाता है तो बुलडोजर संस्कृति की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

## प्रसंगवश

# मनुष्य की आत्मा का भोजन

हिन्दुत्व के प्रबल समर्थक होने पर भी स्वामी विवेकानंद में इस्लाम के प्रति कोई द्वेष नहीं था। उनके गुरु परमहंस रामकृष्ण ने तो छह महीनों तक विधिवत मुसलमान होकर इस्लाम की साधना भी की थी। इस संस्कार के कारण इस्लाम के प्रति उनका दृष्टिकोण यथेष्ट रूप से उदार था।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हिन्दू नास्तिक भी रहा है और आस्तिक भी, साकारवादी भी रहा है और निराकारवादी भी, उसने महावीर का भी आदर किया है और बुद्ध का भी। उसने वेदों को अपौरुषेय भी माना है और पौरुषय भी। विश्वासों में यह जो प्रचंड भिन्नता है,उससे हिन्दू का हिन्दुत्व दूषित नहीं होता। हिन्दू जन्म से ही उदार होता है एवं किसी एक विचार पर सभी को लाठी से हांककर पहुंचाने में वह विश्वास नहीं करता। जब थियोसोफिस्ट लोग हिन्दुत्व का प्रचार करने लगे, तब हिन्दुत्व का यह सार्वभौम पक्ष कुछ और विकसित हो गया और रामकृष्ण ने तो बारी-बारी से मुसलमान और क्रिस्तान होकर इस सत्य पर अपनी अनुभूति की मुहर ही लगा दी कि संसार के सभी धर्म एक हैं,उनके बीच किसी प्रकार का भेद-भाव मानना नितांत अज्ञानता की बात है। स्वामी जी के अनुसार धर्म मनुष्य की आत्मा का भोजन है एवं देश-देश में उसके भी अनेक रूप हैं।

भारत में जितने भी धर्म प्रचलित हैं,ये सभी धर्म हमारे अपने धर्म हैं, इस भाव से, उन सब को हमें अपना लेना है। शिकागो में जो विश्व धर्म सम्मेलन हुआ था, उसका एक आशय यह था कि संसार में सर्वोत्तम धर्म कौन-सा है, इसका निर्णय कर लिया जाए। उस सम्मेलन में स्वामीजी ने कहा कि " यदि कोई व्यक्ति यह समझता है कि धार्मिक एकता का मार्ग एक धर्म को विजय और बाकी धर्मों का विनाश है तो मैं उससे निवेदन करूंगा कि ईसाई को हिन्दू बौद्ध अथवा हिन्दू और बौद्ध को ईसाई नहीं होना है, किंतु इनमें से प्रत्येक का कर्तव्य है कि वह अन्य धर्मों का सार अपने भीतर पचा ले। उन्होंने कहा है, "आत्मा की भाषा एक है,किंतु जातियों की भाषाएं अनेक होती हैं। धर्म आत्मा की वाणी है। वही वाणी अनेक जातियों की विविध भाषाओं और रीति-रिवाजों में अभिव्यक्ति हो रही है।"

# हिकमत अमली अर्थात टेक्टफुलनेस



महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

हिकमत अमली और टेक्टफुलनेस में एक सूक्ष्म अंतर भी है,जिसे समझने के लिए एक घटना का उल्लेख प्रासंगिक होगा। वर्ष 1971 में मैं जब पीलीभीत का एसपी था तब संयुक्त विधायक दल की सरकार थी।

यद्यपि हिकमत अमली का अर्थ ऐसे बुद्धिचातुर्य से है,जिससे दुरूह समस्या का समाधान निकलता है। प्रशासन में प्रायः हिकमत अमली का अर्थ होता है, झूठ-सच बोलकर और सिद्धांत अथवा स्वाभिमान को ताक पर रखकर किसी विकट स्थिति को ऐसे निपटा देना कि सबल संतुष्ट हो जाए और निर्बल चुप हो जाए। जब से प्रशासन में उर्दूदां की जगह अंग्रेजीदां व्यक्ति अधिक आने लगे हैं। इसकी जगह टैक्टफुलनेस शब्द का प्रयोग होने लगा है। भारतीय परिस्थितियों में प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों को सफलतापूर्वक प्रशासन चलाने के लिए इस गुण में पारंगत होना अपरिहार्य होता है। शासन एवं जनता दोनों उन अधिकारियों को तरजीह देते हैं,जो टैक्टफुल होते हैं और किसी का काम चाहे करें या न करें, पर बातों की मीठी चाशनी सबके सामने परोस देते हैं। इसका कारण यह है कि अधिकतर भारतवासियों का असत्य और छल-कपट को पचाने का हाजमा बड़ा तगड़ा है,परंतु जरा से अप्रिय सत्य को भी हम पचा नहीं पाते हैं।

हिकमत अमली और टेक्टफुलनेस में एक सूक्ष्म अंतर भी है,जिसे समझने के लिए एक घटना का उल्लेख प्रासंगिक होगा। वर्ष 1971 में मैं जब पीलीभीत का एसपी था तब संयुक्त विधायक दल की सरकार थी। वहां स्वास्थ्य मंत्री,जो बीकेडी के थे,आने वाले थे। उनकी पार्टी के नेता मुझसे यह कहने आए थे कि आयुर्वेद कॉलेज के छात्र हड़ताल पर हैं और पब्लिक मीटिंग में मंत्री जी को काले झंडे दिखा सकते हैं या अन्य कोई बखेड़ा खड़ा कर सकते हैं। मैं जब उन्हें आवश्यक प्रबंध किए जाने हेतु आश्वस्त कर रहा था,तभी उनमें से एक नेता बोल पड़ा था," मंत्री जी के प्रथम आगमन पर हम उनका अच्छा स्वागत करना चाहते हैं और यह सुनिश्चित होना चाहिए कि मंत्री जी को काले झंडे न दिखाए जाएं।" उसके आदेशात्मक स्वर पर मैं अपने को जप्त न कर सका था और बोल पड़ा,"अगर कोई छात्र जेब में काला झंडा लेकर आ जाता है और निकाल कर दिखा देता है तो क्या हर्ज है? यह तो डेमोक्रेसी है।"

यद्यपि मेरी बात नियमतः सही थी, परंतु स्पष्टतः टेक्टलेस थी और मेरे टेक्टलेस कमेंट पर नेतागण उखड़ कर चले गए थे। मंत्री जी के आने पर उन्होंने उनको यह कहकर मेरे खिलाफ खूब भर दिया था कि मैं कांग्रेसी हूं। मंत्री जी की पब्लिक मीटिंग तो शांतिपूर्वक गुजर गई,परंतु रात में जब वह एक मकान पर अपने खास लोगों से मिल रहे थे, तब आयुर्वेद कॉलेज के लड़कों ने उस मकान के बाहर धावा बोलकर हंगामा प्रारंभ कर दिया और कुछ पत्थर भी मकान की ओर फेंक दिए।

मुझे सूचना मिलने पर मैं अपने घर पर लगी गार्ड में तीन सिपाहियों को जीप पर बिठाकर तुरंत वहां के लिए चल दिया। वहां कुछ दूर से मैंने देखा कि लड़के बहुत थे और पुलिस जन बहुत कम। तभी मेरी समझ में एक योजना आई और मैंने ड्राइवर से कहा की जीप को कुछ पहले ही अंधेरे में खड़ी कर लो और उसकी लाइट जलाकर लड़कों की भीड़ पर फोकस करो। फिर मैं और तीनों सिपाही जीप से उतरकर बड़े जोर से 'मारो-मारो' चिल्लाते हुए लड़कों की तरफ दौड़े। लड़के समझे की बहुत फोर्स आ गया है और घबराकर जिधर सींग समाया, उधर भाग लिए। जब तक लड़के वास्तविकता समझ पाते मैंने उपलब्ध फोर्स को उस मकान की तरफ आने वाली सभी गलियों पर लगा दिया और तब तक पुलिस लाइन से अतिरिक्त फोर्स आ गई,जिससे स्थिति को नियंत्रण में कर लिया गया। परंतु मंत्री जी संतुष्ट न हुए और मेरे द्वारा पहले दिन किया गया टेक्टलेस कमेंट मेरी इस हिकमत अमली पर भारी पड़ा और मुझे शीघ्र ही जनपद के चार्ज से हटा दिया गया।

अपराधियों से अपना जुर्म कबूलवा लेने में हिकमत अमली की बड़ी आवश्यकता होती है। संभवतः इतना तो मानवाधिकार आयोग वाले भी जानते होंगे कि कोई अपराधी यदि इमोशनली एब्नॉर्मल नहीं है तो साधारण पूछताछ पर अपना जुर्म कबूल नहीं करता है। असाधारण पूछताछ का एक तरीका मारपीट और भूखा-प्यासा रखना है और एक वह जिसके द्वारा संदिग्ध को इमोशनली एब्नॉर्मल कर दिया जाए, जैसे पियक्कड़ हो तो अद्धा पिलाकर या झुठी सहानुभूति से प्लावितकर। प्रायः पहला तरीका कम समय में कारगर हो जाता है और दूसरा तरीका लंबा समय लेता है।

पुलिस को किसी संदिग्ध अपराधी को 24 घंटे के अंदर मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करना होता है, अतः अपराध कबुलवाने और लूटी संपत्ति अथवा अपहृत व्यक्ति को बरामद करने की जल्दी रहती है। इस कारण पुलिस वाले अधिकतर पहला तरीका अपनाते हैं और कभी-कभी मानवाधिकार हनन के आरोप में फंस जाते हैं। ऐसे पुलिस वाले जो अपराधी को बिना कोई प्रत्यक्ष चोट पहुंचाए जुर्म को जल्दी कबूल करवा लेते हैं,की हिकमत अमली काबिलेतारीफ होती है।

## सोशल फोरम

# संघर्ष

जब तक जीवन है, तब तक संघर्ष है। संघर्ष जीवन का आधार है। संघर्ष के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। संघर्ष अनिवार्य है। किसी के जीवन में कम, किसी के जीवन में अधिक,लेकिन इससे पिंड नहीं छुड़ाया जा सकता। क्योंकि संघर्ष विकास की बुनियाद है। जितना संघर्ष,उतना विकास। मगर अगर संघर्ष करना न आया तो जीवन बर्बाद ही समझिए।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

संघर्ष करते हुए अक्सर हम तनाव में चले जाते हैं। तनाव संघर्ष का दूसरा नाम हो जाता है। संघर्ष यानी, पीड़ा, संघर्ष यानी दुख, संघर्ष यानी अग्नि-स्नान। ऐसा हो जाए तो समझना चाहिए कि हमें कुशलता से जीना नहीं आया। ढंग से संघर्ष करना नहीं आया। संघर्ष से दूर भागने में जीवन नहीं है, साक्षी भाव से संघर्ष करने में जीवन है। मोहासक्त होकर संघर्ष केवल दुख को जन्म देता है। मोह दुख का मूल कारण है। बाबा तुलसीदास भी लिखते हैं- मोह सकल ब्याधिन्ह कर मूला।/ तिन्ह ते पुनि उपजहिं बहु सूला।। मोह संपूर्ण मानसिक बीमारियों की जड़ है। मोह यानी अज्ञान। अज्ञान का मतलब है कि जो है,वह नहीं दिखाई पड़ता है और जो नहीं है,वही सत्य मालूम पड़ता है। संसार में कोई ऐसी वस्तु नहीं है,जिसे पाकर चैन आ जाए,लेकिन प्रेमी कहता है, "जरा पास आओ तो चैन आ जाए।" निश्चित ही प्रेमिका के जरा पास आने से जरा चैन आ जाता है, परंतु जल्द ही नई मांग जन्म ले लेती है। फिर उसके पीछे दौड़िए और यह सिलसिला कभी खत्म नहीं होता है। नई-नई मन की मांगों की पूर्ति के लिए संघर्ष करते रहिए। यह चीज ठीक से दिखाई पड़ जाए तो मांग के प्रति अरुचि पैदा होने लगती है। यहीं पर बहुत लोग हताश हो जाते हैं। डिप्रेशन के शिकार हो जाते हैं। पागल जैसा करने लगते हैं। भाई,जरा संतों की वाणी पर भी प्रयोग करके देखो न! कौन जाने असली आनंद उधर ही हो। शायद चाह से मुक्ति में ही आनंद का राज छिपा हो। चाहकर हमने बहुत देख लिया। अचाह होकर भी देख लेते हैं। दौड़कर बहुत देखा,अब थोड़ा स्थिर होकर देख लेते हैं। भोक्ता होकर बहुत देखा अब द्रष्टा होकर देख लेते हैं। जिस दिन समझ में आ जायेगा न कि जीवन में कुछ भी अपना नहीं है,उसी दिन उसके पाने की बेचैनी कम हो जाएगी। पाने की बेचैनी कम हुई कि दुख कम हुआ। इसका मतलब यह नहीं कि संघर्ष खत्म हो जाएगा। वह रहेगा,सिर्फ बेचैनी नहीं रहेगी।

-फेसबुक वॉल से

# ओरछा कैसे पहुंचे राम



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

राजा इस शुभ समाचार से सूचित हुए। पूरा राज्य गद्‌गद हुआ और फिर तत्काल ओरछा में राम जी के लिए एक भव्य मंदिर का निर्माण होना प्रारंभ हुआ। चूंकि यात्रा पुष्य नक्षत्र में ही होनी थी,इसलिए अयोध्या से ओरछा पहुंचने में महीनों लगे।

अयोध्या में राम,रामलला हैं। वो यहां नन्हें बच्चे के रूप में पूजे जाते हैं। ओरछा में राम राजा हैं। राजकाज चलाने के लिए राम दिन भर ओरछा में रहते हैं। सोने भर के लिए देर रात अयोध्या पहुंचते हैं और अगले दिन सुबह फिर ओरछा चले आते हैं। जनश्रुति है कि हनुमानजी अपने कंधे पर बिठाकर लाते ले जाते हैं उन्हें। ओरछा रोज सुबह अपने राजा का गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत करता है। रामराजा नित्य ही अपने भव्य दरबार में सम्मान सहित विराजते हैं। याचकों का मान रखते हैं। फरियादियों की गुहार सुनते हैं और यथेष्ट न्याय करते हैं।

रामजी ओरछा कैसे पहुंचे? कैसे राजा हुए उसके? संवत सौलह सौ के आसपास का समय की बात है। ओरछा के राजा मधुकर शाह थे कृष्णभक्त और उनकी रानी गनेशी कुंवर थी राम की पुजारिन। एक बार देवदर्शन का विचार बना तो राजा ने वृंदावन जाने की बात कही तो रानी ने अयोध्या जाने की इच्छा जताई। बात बढ़ी,दोनों अपनी-अपनी पर अड़े रहे तो अनमने राजा ने कहा रानी से कि जाओ अकेली अयोध्या,पर अपने आराध्य के साथ ही लौटना। रानी अयोध्या पहुंची। महीनों मनाती रही रामलला को, जब एक दिन निराश हो शरीर त्यागने के विचार से सरयू में कूद पड़ी तो प्रेमबद्ध रामलला गोद में चले आए। रानी को मां कहकर आंसू पोछें उनके। राम ठहरे अंतर्यामी। रानी के मन की बात जानते थे। लिहाजा ओरछा चलने के लिए नन्हें रामलला ने अपनी शर्तें बताईं। पहली,पुष्य नक्षत्र में ही यात्रा हों। दूसरी ,ओरछा का राजा बनकर रहूंगा मैं और तीसरी यह कि आप मुझे जहां सर्वप्रथम स्थापित कर देंगी, वहीं बना रहूंगा। भावविभोर रानी को हां कहना ही था। वे मानी तो रामलला भी मानें।

राजा इस शुभ समाचार से सूचित हुए। पूरा राज्य गद्‌गद हुआ और फिर तत्काल ओरछा में राम जी के लिए एक भव्य मंदिर का निर्माण होना प्रारंभ हुआ। चूंकि यात्रा पुष्य नक्षत्र में ही होनी थी,इसलिए अयोध्या से ओरछा पहुंचने में महीनों लगे। इस पूरी अवधि में रानी ने रामलला को गोदी से नहीं उतारा और जब वे ओरछा पहुंची तो ओरछा के नतमस्तक राजा ने आनंदित प्रजा सहित उनका पलक पांवड़े बिछाकर स्वागत किया। पर होनी ने अपनी चलाई। रानी प्रसन्नता के आवेग मे रामलला की आखरी शर्त विस्मृत कर बैठी। रामलला उनकी गोद से उतरे राजमहल के रनिवास में। रानी के कमरे में और जब उनके लिए प्रतीक्षारत मंदिर में उनकी प्राण प्रतिष्ठा का अवसर आया तब वे अपनी मां का कक्ष छोड़कर,मंदिर जाने के लिए राजी ही नहीं हुए। तब से लेकर अब तक उनके लिए बना विशाल और सुंदर चतुर्भुज मंदिर खाली पड़ा है और ओरछा के राजा बनकर राम अब भी राजमहल में ही विराजित हैं।

अब एक म्यान में दो तलवारें कैसे रहें? एक राज में दो राजा तो हो नहीं सकते,इस बात पर सोच-विचार कर बुंदेली राजाओं ने ओरछा छोड़ा और टीकमगढ़ से राजकाज चलाना शुरू किया। इस तरह ओरछा राम का हुआ। ओरछा वासी उन्हें रामजी नहीं कहते। वे उन्हें आदरपूर्वक रामराजा संबोधित करते हैं। ओरछा ही क्यों? राम से प्रेम करने वाले हजारों, लाखों श्रद्धालु देश भर से निरंतर ओरछा आते हैं और इस विश्वास के साथ आते हैं कि रामलला की मूल मूर्ति अयोध्या में न होकर ओरछा में ही है। यह कथा बताती है कि आदमी चाह लें तो क्या नहीं कर सकता। यह मनुष्य के सामर्थ्य का गान है यह प्रेम की प्रशस्ति है। बताती है कि प्रेम वह ताकत, जो भगवान को भी बस में कर लेती है। इसलिए यह मान लेने में कोई हर्ज नहीं है कि राम ओरछा में रहते हैं और राम राजा सरकार हैं।

# अंतरिक्ष अभियानों पर शामत



डॉ . अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

लगता है कि इन दिनों अंतरिक्ष अभियानों पर शामत आई हुई है। अभी बोईंग स्टारलाइनर से अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर गए और वहां से नियत दिनों में वापस न आ पाने का अंतरिक्ष यात्रियों का मामला चल ही रहा था कि एलन मस्क का एक फाल्कन 9 पुनरुपयोगी राकेट वापसी में अटलांटिक के ड्रोनशिप लैंडिंग साईट पर क्रैश हो गया। यह घटना 28 अगस्त 2024 को घटी है। यह स्पेस एक्स राकेट अंतरिक्ष में इंटरनेट संचार के लिए छोड़े जाने वाले नन्हें स्टारलिंक उपग्रहों जो आसमान में चलती रेल सा नजारा पेश करते हैं,को तेईंसवी बार उनकी नियत कक्षा में पहुंचाने गया था। मगर लौटते वक्त वह लैंडिंग साईट पर लड़खड़ाया और इसके स्टेज वन बूस्टर राकेट में विस्फोट हो गया। यह अब बेकार हो गया है,क्योंकि यही पहले स्टेज का बूस्टर राकेट उसे अंतरिक्ष तक पहुंचाता है। यानी इसका आम राकेट जो उड़ान के दौरान ही नष्ट हो जाते हैं के विपरीत कई बार उपयोग किया जा सकता है।

स्पेस एक्स कंपनी ने ऐसे पुनः उपयोग में लाए जाने वाले राकेट का निर्माण कर अंतरिक्ष युग की प्रतिस्पर्धा में अपनी धाक जमा ली है। स्टारलिंक सैटेलाइट लांचिंग के साथ ही यह स्पेस एक्स 9 फाल्कन राकेट दूसरे मिशनों के लिए भी इस्तेमाल होता है। जैसे इससे ही निजी खर्चे पर अंतरिक्ष की सैर पर जाने वाले कुछ सैलानी पोलैरिस डान मिशन पर निकलने वाले थे। दरअसल अभी तक तो इस राकेट को बहुत भरोसेमंद माना जाता रहा है। मगर स्पेस एक्स का ही एक और राकेट विगत 11 जुलाई 2024 को भी दुर्घटनाग्रस्त हुआ था जब वह स्टारलिंक संचार सैटेलाइट की ही एक खेप लेकर उड़ा था। तब राकेट के ऊपरी स्टेज से तरल आक्सीजन का रिसाव शुरू हुआ और वह ले जा रहे स्टारलिंक उपग्रहों को नियत कक्ष तक नहीं पहुंचा पाया। हालांकि अपने 27 जुलाई 2024 की उड़ान को इसने सफलतापूर्वक पूरा किया और 23 स्टारलिंक सैटेलाइट नियत कक्षा में स्थापित कर दिए।

अब चार सैलानियों के अंतरिक्ष सैर सपाटा और चहलकदमी का पोलैरिस डान मिशन भी अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है और फाल्कन 9 राकेट की असफलता की गहन समीक्षा चल रही है। एक और असहज स्थिति है। इसी प्रकार के रॉकेट, फाल्कन 9 का उपयोग आईएसएस के लिए क्रू रेस्क्यू मिशन के लिए किया जाना है। नासा ने स्पेस एक्स को फाल्कन 9 रॉकेट पर क्रू मिशन लॉन्च करने के लिए अनुबंधित किया है, ताकि आईएसएस पर फंसे अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाया जा सके। स्पेस एक्स इस बचाव मिशन को शुरू करने के लिए फाल्कन 9 रॉकेट पर लॉन्च किए गए क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान को तैयार कर रहा है। हालांकि लैंडिंग दुर्घटना और निष्क्रिय हो गए फाल्कन 9 राकेट के चलते हुए आईएएस रेस्क्यू के महत्वपूर्ण मिशन की समय सीमा भी प्रभावित हो सकती है। बस हम इन असहज करती अंतरिक्ष दुर्घटनाओं के त्वरित समाधान की आशा ही कर सकते हैं,जिससे दोनों अंतरिक्ष यात्रियों का सुरक्षित बचाव सुनिश्चित हो सके।

## एक नजर

### श्री नानक दरबार में की निशान साहिब की सेवा

संभल, अमृत विचार : संभल विकासखंड क्षेत्र के गांव भड़वाड़ा में स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार में गुरुवार को आसपास के सिख धर्म को मानने वाले लोग एकत्र हुए और अरदास कर गुरुद्वारा में लगे निशान साहिब की सेवा की। अमृतसर कमेटी के द्वारा बंसती पीले रंग की पोशाक निशान साहिब पर चढ़ाई गई है। उसी को ध्यान में रखते हुए गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार में पैरावनी चढ़ाई गई। निशान साहिब की सेवा सरदार घासी सिंह निवासी भदरौला ने की।

### पेड़ से लटका मिला ग्रामीण का शव

संभल,अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के गांव में ग्रामीण का शव बाग में पेड़ पर लटका मिला है। पुलिस घरेलू विवाद में आत्महत्या करने की बात कह रही है।

सैदपुर जसकोली निवासी 50 वर्षीय जयवीर शाम को खेत पर गया था। वह शाम तक वापस नहीं आया तो परिजनों ने तलाश शुरू की। ग्रामीण जंगल में तलाशने पहुंचे तो जयवीर का शव बाग में पेड़ से लटका दिखाई दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### छत पर खेलते समय बच्चा करंट से झुलसा

बबराला,अमृत विचार :धनारी थाना क्षेत्र के गांव में छत पर खेलते समय चार साल का बच्चा हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर करंट से झुलस गया। भिरावटी के मझरा भुजिया के घेर में सतीश का चार साल का बेटा सचिन खेलते समय घर की छत पर चला गया था। छत पर खेलते समय बच्चा वहां से गुजर रही हाइटेंशन लाइन के पास गया तो अचानक करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। बच्चे को परिजन पहले निजी डॉक्टर के पास ले गये उसके बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### तीन कार सीज और 55 वाहनों का चालान

संभल अमृत विचार : यातायात पुलिस ने शुक्रवार को संभल के चौधरी सराय में चेकिंग अभियान चलाया। यातायात प्रभारी अनुज कुमार मलिक ने बताया कि तीन कारों को सीज किया गया। इन निजी कारों का व्यावसायिक प्रयोग किया जा रहा था। इनमें दो ईको और एक स्विफ्ट कार रही। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर चले चेकिंग अभियान में 55 वाहनों का चालान किया गया।

# पुलिस भर्ती परीक्षा से 1981 अभ्यर्थी रहे गैरहाजिर

## संभल में नौ केंद्रों पर दो पालियों में 5987 अभ्यर्थी हुए शामिल,उत्साह का माहौल नजर आया

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार :संभल में नौ केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा एवं निगरानी के बीच पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा हुई। परीक्षा देने के लिए अभ्यर्थियों में उत्साह का माहौल नजर आया। परीक्षा देकर केंद्रों से बाहर आए अभ्यर्थियों के चेहरों पर रौनक दिखाई दी। दो पालियों में 5987 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी जबकि 1981 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे।

पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के लिए आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इंटर कॉलेज, बीआरएस कन्या इंटर कॉलेज, हिंद इंटर कॉलेज, जेएलएम इंटर कॉलेज सिरसी, एमजीएम कॉलेज, राजकीय डिग्री कॉलेज, शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज, जेडयू इंटर कॉलेज केंद्र रहे। शुक्रवार को सुबह आठ बजे से ही केंद्रों पर अभ्यर्थियों की कतारें लग गईं। चेकिंग के बाद अभ्यर्थियों को केंद्रों में प्रवेश दिया गया। पहली पाली में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक परीक्षा हुई। जिसमें अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। जबकि दूसरी पाली में दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक परीक्षा हुई। परीक्षा देने के बाद केंद्रों से बाहर आए अभ्यर्थियों के चेहरे खिले दिखे।



एमजीएम कॉलेज परीक्षा केंद्र पर कतार में लगीं महिला परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

- केंद्रों पर रही एंटी रोमियो दल सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती
- परीक्षा देने के बाद केंद्रों से बाहर आए अभ्यर्थियों के चेहरे खिले दिखे

परीक्षा के दौरान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और निगरानी के इंतजाम रहे। केंद्रों पर एंटी रोमियो दल के अलावा सेक्टर मजिस्ट्रेट और जोनल मजिस्ट्रेट भी तैनात रहे। एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने बताया कि पहली पाली में पंजीकृत 3984 में से 2957 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 1027 गैरहाजिर रहे। दूसरी पाली में पंजीकृत 3984 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 3030 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी जबकि 954 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे।



बीडी इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर जानकारी लेते एसपी कुलदीप सिंह गुनावत।

### परीक्षा के बाद शहर में लगा जाम

संभल अमृत विचार : शहर के शंकर इंटर कॉलेज केंद्र पर शाम के वक्त जब परीक्षा हो गई तो अभ्यर्थी बाहर आने लगे। अभ्यर्थियों की भीड़ की वजह से चौराहा पर जाम लग गया। तमाम वाहन जाम में फंस गए। उस वक्त पुलिस कर्मियों को भी जाम खुलवाने के लिए जूझते देखा गया। करीब 15 मिनट के बाद जाकर यातायात व्यवस्था सुचारू हो सकी। ऐसे में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# मालगाड़ी की चपेट में आने से वृद्ध की मौत, नहीं सुनी आवाज

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: बदायूं रोड स्थित भैतरी रेलवे फाटक के पास वृद्ध की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस, जीआरपी व आरपीएफ मौके पर पहुंची

शुक्रवार की दोपहर 12.30 बजे बरेली की ओर से आ रही मालगाड़ी से की आवाज रेलवे ट्रैक पार कर रहे वृद्ध ने नहीं सुनी, गेट मैन ने आवाज दी। मगर वृद्ध ने नहीं सुनी और उसकी मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान लाल मस्जिद निवासी इनाम अहमद 60 वर्ष पुत्र छुट्टन के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मृतक के पुत्र ने बताया कि उनकी लाल मस्जिद के पास परचून की दुकान व पास में ही मकान है। सुबह 11.30 बजे उनके पिता नमाज पढ़ने की बात कहकर दुकान से गए थे। वह रेलवे ट्रैक पर कैसे पहुंचे। इसकी जानकारी नहीं है। बताया कि उनके पिता को सुनने में दिक्कत होती थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### रेलवे स्टेशन परिसर में बेहोश मिला व्यक्ति

चन्दौसी, अमृत विचार : रेलवे स्टेशन परिसर में मजदूरी करने जा रहा व्यक्ति बेहोशी की हालत में मिला। जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। होश आने पर व्यक्ति ने बताया कि उसका बैग गायब है, जिसमें पांच हजार रुपये व अन्य सामान था। बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव प्रहलादपुर निवासी सरबन पुत्र केसे शुक्रवार की सुबह रेलवे स्टेशन पहुंचा। उसे मजदूरी करने ट्रेन से चंडीगढ़ जाना था। सुबह नौ बजे सरबन बेहोशी की हालत में रेलवे स्टेशन परिसर में मिला। किसी यात्री ने घटना की सूचना जीआरपी को दी। मौके पर पहुंची जीआरपी ने सरबन को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।

# विहिप व बजरंग दल ने षष्टिपूर्ति पर मनाया स्थापना दिवस

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- सीता रोड स्थित साहू झुन्नीलाल धर्मशाला में हुआ कार्यक्रम

अमृत विचार: विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने विहिप के षष्टिपूर्ति पर स्थापना दिवस कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया। जिसमें हिंदू संगठनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम का आरंभ पूर्व जिला सत्संग प्रमुख ऋतुपर्ण शर्मा के गीत, मां भारती, भगवान राम, श्री कृष्ण के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उसके बाद आचार पद्धति की गई। मुख्य वक्ता गौरव प्रताप ने विश्व हिंदू परिषद की पृष्ठ भूमि,संगठन के कार्यों के विवरण के साथ भगवान राम व भगवान कृष्ण के जीवन का विस्तार से वर्णन किया। कथा वाचक शिव शंकर शर्मा ने हिन्दू एकता के बारे में अनेक उदाहरण पेश किए। इसके अलावा राजकुमार गुप्ता, पूनम अरोरा, मुकेश जाटव ने सामाजिक समरसता व नारी शक्ति पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में पवन गुप्ता रहे।

जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की। इस दौरान सी पी गुप्ता,अरुण विपिन शर्मा, सुभाष भोलेनाथ,राजू बनर्जी, शशांक वार्ष्णेय, नितिन शर्मा, राजेश गुप्ता, प्रियंका अग्रवाल,केजी गुप्ता, हरीश कठेरिया,ब्रजगोपाल गुप्ता, विवेक मिश्रा, माधव मिश्रा, कपिल गुप्ता, अतुल गुप्ता,डॉ. वीरेश, कृष्ण गोपाल मंगलम आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक हरद्वारी लाल मिश्रा व संचालन अश्विनी शर्मा ने किया।

# हिंदुओं से संगठित होने का आह्वान

संवाददाता, गुन्नौर

अमृत विचार:विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस/षष्टिपूर्ति वर्ष समापन में हिंदू एकत्रीकरण सम्मेलन का आयोजन गुन्नौर प्रखंड के दीनानाथ इंटर कॉलेज में हुआ। मुख्य वक्ता प्रांत बलोपासना केंद्र प्रमुख हेमंत सारस्वत ने संगठन की स्थापना से लेकर और संगठन के समस्त कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। बांग्लादेश, पाकिस्तान व भारत में हिंदुओ पर हो रहे अत्याचार को रोकने हेतु हिंदुओं को संगठित होकर रहने व आपस में समरसता का भाव जागृत करने को प्रेरित किया।

मुख्य वक्ता हेमंत सारस्वत ने संगठित होकर सनातन और सभी सनातनियों को राष्ट्र विरोधी ताकतों को समय पर जवाब देने को तैयार रहने के लिए कहा। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश ने समाज में सामाजिक समरसता तथा संगठन के बारे में जानकारी दी। मातृ शक्ति संगीता उपाध्याय ने युवा शक्ति को समाज में आई विकृतियों से सावधान रहने को प्रेरित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने भी विचार रखे। इससे पूर्व जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता ने विश्व हिंदू परिषद की स्थापना तथा कार्यक्रमों के बारे में बताया। जिला संगठन मंत्री ललित कुमार ने भारत माता की आरती कराकर कार्यक्रम का समापन कराया। इस दौरान आचार्य केशव, मनोज यादव, महेन्द्र वर्मा, मोहलाल शर्मा, मनोहर सिंह, तपेन्द्र, रामकुमार, प्रेमपाल, नेम सिंह, रामप्रकाश, प्रमोद, ललतेश आदि रहे। संचालन जिला मंत्री कृष्ण अवतार ने किया।



विश्व हिंदू परिषद के कार्यक्रम में बोलते वक्ता व मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

- विश्व हिंदू परिषद ने किया हिंदू एकत्रीकरण सम्मेलन का आयोजन

## सार संक्षेप



संभल में एसडीएम को ज्ञापन सौंपतीं संगठन से जुड़ी महिलाएं। ● अमृत विचार

### चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाने की मांग

संभल, अमृत विचार : महिला शक्ति संगठन हयातनगर की महिलाओं ने एसडीएम विनय कुमार मिश्र को ज्ञापन सौंपकर चाइनीज मांझे के निर्माण व बिक्री पर पाबंदी लगाने की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में पतंग उड़ाने में चाइनीज मांझे का प्रयोग किया जा रहा है। इससे कई हादसे हो चुके हैं। राहगीरों के अलावा दोपहिया वाहन सवार चाइनीज मांझे की चपेट में आकर घायल हो चुके हैं। कहा कि लोगों की सुरक्षा और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चाइनीज मांझे के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री पर रोक लगाई जाए। इस मामले में त्वरित और कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई। इस दौरान अध्यक्ष दीपा वार्ष्णेय, कविता गुप्ता, साधना गुप्ता, निशी वार्ष्णेय, शशि गंभीर, ममता आदि रहीं।



अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रखते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### ग्राम चौपाल में अधिकारियों ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

संभल/सौंधन, अमृत विचार : विकासखंड पंवासा के गांव सौधन मोहम्मदपुर में शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत ग्राम चौपाल लगी। जिसमें ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देकर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। गांव सौधन मोहम्मदपुर में लगी ग्राम चौपाल में विकास विभाग, स्वास्थ्य , कृषि , शिक्षा , पशु चिकित्सा , राजस्व, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ग्रामीण सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। जिसमें ग्रामीणों ने गांव में जलभराव, राशन कार्ड एवं आवास योजना से संबंधित समस्याओं को रखा। खंड विकास अधिकारी पंवासा अजीत सिंह ने अधिकारियों को समस्याओं का समाधान कराने के निर्देश दिए। इस दौरान डॉ. चंद्रशेखर त्यागी, सुभाष चंद्र, अंजू रस्तोगी, पवन कुमार शर्मा, आयुष कुमार, अरविंद यादव, नीता सैनी, प्रमोद कुमार आदि रहे।



संभल में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### अधिवक्ताओं के अधिकारों को प्रभावित करने के न हों प्रयास

संभल, अमृत विचार : बार एसोसिएशन संभल के अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार रवि सोनकर को सौंपा। जिसमें कहा है कि पिछले दिनों अधिवक्ताओं का मनोबल तोड़ने के तमाम निर्देश आए हैं। अधिवक्ता के भाई की मृत्यु पर शोक संवेदना प्रकट करना, अंत्येष्टि में जाना अधिवक्ताओं का मौलिक अधिकार है। इस पर किसी तरह की टिप्पणी किया जाना उचित नहीं है। अधिवक्ता देश के जिम्मेदार नागरिक हैं। तथ्यों को गंभीरता से लेते हुए ऐसी व्यवस्था लागू की जाए जिससे कोई भी संस्था चाहें वह कितनी भी स्वतंत्र एवं ताकतवर क्यों न हो, वह अधिवक्ताओं के अधिकारों एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को किसी तरह से प्रभावित करने का प्रयास न करे। जिससे अधिवक्ता विधि व्यवसाय स्वतंत्र रूप से कर सकें। इस दौरान अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, सचिव डॉ .अमित कुमार उठवाल समेत कई अधिवक्ता रहे।

### शिक्षा निदेशालय पर 5 सितंबर को होगा धरना प्रदर्शन

संभल, अमृत विचार : आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक प्राथमिक विद्यालय सरथल चौकी में हुई। जिलाध्यक्ष श्रीराम सैनी ने कहा कि प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर 5 सितंबर को शिक्षा निदेशालय में धरना प्रदर्शन होगा। जिसकी तैयारी के लिए ब्लॉक से लेकर न्याय पंचायत स्तर तक कार्य योजना बना ली जाए ताकि लखनऊ में जनसैलाब दिखाई दे। जिला महामंत्री उमेश कुमार शौली ने कहा कि शिक्षामित्र परिवार के साथ लखनऊ चलें। राशन की पूरी व्यवस्था बना ली जाए क्योंकि आंदोलन लंबा चलेगा। जब तक सरकार शासनादेश जारी नहीं करेगी तब तक लखनऊ नहीं छोड़ेंगे। बैठक में नेपाल सिंह यादव, महीलाल यादव, भगवानदास, अंकित सक्सेना, अमित कुमार, विवेक कुमार, गोविंद कुमार सैनी, चंद्रप्रकाश सिंह, रामचंद्र सिंह, राधा देवी, विवेका देवी, सरिता सैनी, उमा रानी रहे। अध्यक्षता शफीक अहमद ने तथा संचालन रिंकी कपूर ने किया।



फूलडोल का पूजन करते भाजपा नेता राजेश सिंघल व अन्य श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# फूलडोल के जुलूस में लगाए जयकारे

संवाददाता, संभल/सिरसी

अमृत विचारःहजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में फूलडोल का जुलूस नगर पंचायत सिरसी के अलग अलग मुहल्लों से होकर निकाला गया। फूलडोल जुलूस का शुभारंभ भाजपा नेता पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने किया। फूलडोल जुलूस में राम भक्त हनुमान की झांकी, राधा कृष्ण का डोला आकर्षण का केंद्र रहा।

नगर पंचायत सिरसी में शुक्रवार को निकले फूलडोल जुलूस का शुभारंभ भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने किया। फूलडोल का जुलूस मुहल्ला शर्की में स्टेशन मार्ग पर स्थित शिव मंदिर से शुरु होकर साहू यशपाल सरन के मकान पर होता हुआ मुहल्ला कश्यपों , मुहल्ला बाजार, पुलिस चौकी, बुध बाजार से निकलते हुए मुहल्ला चौधरियान में स्थित दुर्गा मंदिर पर पहुंचा। इसके बाद जुलूस वापस शिव मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुआ। जुलूस में डीजे पर बज रहे भजनों व भक्तों के हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। फूलडोल जुलूस में सुरक्षा के लिए पुलिस बल मौजूद रहा। इस दौरान शिव मंदिर के प्रबंधक आदित्य वीर सागर रस्तोगी, महेंद्र पाल, भीष्म कुमार शर्मा, उदयपाल, सोमवीर सिंह, मंगलम रस्तोगी, हर्षित कुमार रस्तोगी, बुध सिंह कश्यप, शांति रस्तोगी, हजारी लाल कश्यप, सौरभ, विमल सैनी, चरन सिंह, सूरज ठाकुर, संजीव कुमार, अमन वर्मा, वीर रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

### सड़क नेटवर्क को बेहतर बनाने को उठाएंगे कदम

बबराला, अमृत विचार :उत्तर प्रदेश राज्य सड़क निधि प्रबंधन समिति के सदस्य मनोनीत होने के बाद नगर में पहुंचे दादरी के विधायक तेजपाल नागर का भाजपाइयों ने स्वागत किया।

शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित अभिनंदन समारोह में बोलते हुए विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि प्रदेश में सड़क मार्गों के विकास और सुधार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। आवश्यकताओं और मुद्दों को समझते हुए राज्य के सड़क नेटवर्क को बेहतर बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने गुन्नौर क्षेत्र में सड़क विकास कार्यों पर ध्यान देने की मांग की। इससे पहले तेजपाल नागर के नगर आगमन पर भाजपाइयों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। नगर पंचायत में उन्हें स्वामी विवेकानंद का चित्र भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान वेद प्रकाश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विनय वार्ष्णेय, दिनेश कौशल, रामावतार सभासद, सोवरन सिंह जाटव, राजीव कौशल, अरविंद कुमार, प्रशांत वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।



अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

# हड़ताल पर रहे अधिवक्ता कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार: जिला कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं ने उच्च न्यायालय द्वारा न्यायिक कार्य से विरत रहने पर रोक लगाने के विरोध में कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया।

अध्यक्ष हितेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य से विरत रहने व किसी भी साथी अधिवक्ता की मृत्यु होने पर शोक प्रस्ताव कर कार्य से विरत कर रहने पर रोक लगाए जाने का विरोध किया। अधिवक्ताओं ने कहा उच्च न्यायालय द्वारा रोक लगाया जाना अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता छीने जाने का प्रयास है।

अधिवक्ताओं ने पैदल मार्च कर कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान संरक्षक अर्जुन सिंह , देवेश कुमार , अमर सिंह , नीरज यादव , अमरीश यादव , संजीव , चरण सिंह , राजू , अखिलेश , निजामुद्दीन आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### धारदार हथियार से ली गाय की जान, पिता पुत्र पर रिपोर्ट

संभल/सौंधन, अमृत विचारः धारदार हथियार से हमला कर निराश्रित गाय की जान ले ली गई। पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफ गाय की हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज की गई है

कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव सौंधन मोहम्मदपुर निवासी अशोक ने शुक्रवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि गांव के ही पिता पुत्र ने मिलकर गुरुवार को निराश्रित घूम रही गाय पर किसी धारदार हथियार से हमला कर दिया था। जिससे गाय की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस की सूचना पर पशु चिकित्सक डॉ. प्रमोद कुमार मौके पर पहुंचे। देर रात गाय का पोस्टमार्टम किया। इसके बाद जमीन में गड्ढा खोदकर दफना दिया। अशोक की तहरीर पर पुलिस ने गांव सौंधन निवासी चरन सिंह व उसके बेटे रोहित के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

अनदेखी — दो चौराहों पर लगी ट्रैफिक लाइट लेकिन लागू नहीं हो सकी व्यवस्था

# डिवाइडर न बनने से अधर में लटका ट्रैफिक लाइट सिस्टम

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : जिला प्रशासन के प्रयास से संभल में दो चौराहों पर ट्रैफिक लाइट लगवा दी गईं, लेकिन यह प्रोजेक्ट अभी पूरा नहीं हो सका। इसकी वजह चौराहों का चौड़ीकरण और डिवाइडर नहीं बनना है। वहीं सिस्टम के लागू नहीं होने के कारण वाहन सवार नियमों की अनदेखी कर फर्राटा भर रहे हैं।

शहर में जाम की समस्या को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक लाइट सिस्टम का प्लान बनाया गया था। जिला प्रशासन के प्रयास से इस प्रोजेक्ट को लेकर नगर पालिका परिषद ने काम शुरू कराया। संभल के चंदौसी चौराहा और चौधरी सराय चौराहा पर पहले पोल लगवाए गए और फिर लाइटें लगवा दी गईं लेकिन सिस्टम लागू नहीं हो सका क्योंकि चौराहों का न तो चौड़ीकरण हुआ है और न ही डिवाइडर बने हैं। इस संबंध में यातायात पुलिस की ओर से एसडीएम को पत्राचार किया गया था।

जिसमें चौराहों के चौड़ीकरण के साथ ही डिवाइडर बनने की बात कही गई थी लेकिन एक महीने से अधिक समय बीतने के बावजूद कोई गतिविधि नजर नहीं आ रही। ऐसे हालात में दोनों चौराहों से दिन में तमाम वाहन नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए फर्राटा भर रहे हैं।

टीएसआई अनुज मलिक ने कहा कि सीओ ट्रैफिक की ओर से एसडीएम संभल को पत्राचार किया गया था। जिसमें चौराहों के चौड़ीकरण और डिवाइडर बनवाने की बात कही गई थी।

वहीं ईओ नगर पालिका डॉ.मणिभूषण तिवारी ने कहा कि ट्रैफिक लाइट सिस्टम से संबंधित फाइल देखेंगे। अगर चौराहों का चौड़ीकरण और डिवाइडर बनवाने की बात होगी तो इसे पूरा कराया जाएगा।



संभल के चंदौसी चौराहा पर शोपीस बने ट्रैफिक लाइट पोल। ● अमृत विचार

### घर में घुसकर मारपीट के आरोपी चार भाई गिरफ्तार

संभल, अमृत विचारः हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में मामूली बात पर घर में घुसकर मां बेटी सहित तीन लोगों के साथ मारपीट करने वाले चार सगे भाइयों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया।

थाना क्षेत्र के गांव पोटा निवासी कुछ लोग जमीन बेचकर पंजाब में जाकर रहने लगे हैं। जमीन बिकवाने का आरोप लगाकर आकाश, प्रदीप, राजू और अक्षय ने 18 अगस्त को घर में घुसकर लाठी डंडों व लोहे के सरिये से हमला करते हुए महावीर की पत्नी रेखा, बेटी निशा व बेटे शिवम को घायल कर दिया था। शुक्रवार को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन लाठी डंडे व लोहे के सरिये बरामद कर राजू, प्रदीप, आकाश व अक्षय को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हमले में इस्तेमाल सरिया भी बरामद कर लिया।

### एक नजर

**आज छह घंटे ठप रहेगी विद्युत आपूर्ति**

**चन्दौसी, अमृत विचार :** विद्युत विभाग की ओर से गणेश चतुर्थी मेले को लेकर शनिवार की सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक तहसील उपकेंद्र की विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी। एसडीओ प्रथम अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि गणेश चतुर्थी मेले के दृष्टिगत विद्युत तारों को ऊंचा किया जा रहा है। साथ ही नए तार व पोल लगाए जा रहे हैं। शनिवार को तहसील उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्र सीकरी गेट, मोहल्ला कुरैशियान, लक्ष्मण गंज, जाट कॉलोनी, मोहल्ला साहूकारा, मोहल्ला पजाया आदि की विद्युत आपूर्ति सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक पूरी तरह बंद रहेगी।

**मुकदमे की गवाह पर खेत में घेरकर हमला**

**बदायूं, अमृत विचार :** मुकदमे के चश्मदीद गवाह एक महिला को कुछ लोगों ने खेत में घेर लिया। उसके साथ मारपीट की। लाठी-डंडे से हमला किया। महिला के परिजन पहुंचे तो हमलावरों ने महिला की दो बेटियों को भी पीटकर घायल कर दिया। महिला ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की। रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# ज्वैलर्स की दुकान के ताले तोड़कर तीन लाख के आभूषण ले गए चोर

## असालतपुर जारई मार्ग पर तहसील के सामने हुई घटना, मौके पर पहुंची पुलिस

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



चोरी के बाद खुली हुई तिजोरी दिखाता दुकानदार। ● अमृत विचार

- लगातार हो रही चोरियों की वारदातों से लोगों में रोष

> चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।
> -अतर सिंह, प्रभारी निरीक्षक

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के असालतपुर जारई मार्ग पर चोरों ने ज्वैलर्स की दुकान के ताले तोड़ लिए। चोर दुकान से सोने के आभूषण चोरी कर ले गए। घटना की सूचना मिलने पर दुकान स्वामी व पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है।

महाजन मोहल्ला निवासी नगर पालिका के पूर्व सभासद आजीव गुप्ता पुत्र राधे लाल गुप्ता की गांव असालतपुर जारई पर तहसील से आगे श्री राधे ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। साथ ही दुकान के पीछे उनकी दूध की डेयरी है। प्रतिदिन की भांति गुरुवार की शाम पांच बजे दुकानदार बंद करके आजीव गुप्ता पीछे डेयरी में चले गए। वहां से करीब साढ़े आठ बजे वह अपने घर आ गए। शुक्रवार की सुबह पांच बजे असालतपुर जारई निवासी जिम मालिक नितिश गौड़ ने आजीव गुप्ता को मोबाइल से सूचना दी कि दुकान के ताले टूटे हैं। कुछ ही देर में आजीव गुप्ता अपने परिजनों के साथ मौके पर पहुंच गए और घटना की सूचना पर साढ़े पांच बजे पुलिस भी आ गई।

पीड़ित दुकानदार ने बताया कि चोरों ने दुकान के ताले तोड़कर दराज में रखे सोने के 15 ग्राम के आभूषण व पास रखी तिजोरी खोल ली और उसमें रखे तीन किलो चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। । वहीं चोरों ने बराबर में चल रहे जिम के गेट तोड़ने का प्रयास किया। उन्होंने एक ताला तो तोड़ लिया, लेकिन गेट के नीचे का ताला तोड़ने में असफल रहे। घटना की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए पास की दुकान पर पहुंच सीसीटीवी कैमरे देखे। शहर व आसपास क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों की घटना से लोगों में रोष व्याप्त है।

## घर में घुसकर चोरी, महिला के कुंडल खींचने का प्रयास

**संभल/ओबारी, अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र के गांव रचेटा में घर में घुसकर दो लोगों ने नकदी चोरी कर ली। जाते समय महिला के कुंडल भी खींचने का प्रयास किया लेकिन महिला के चीखने पर चोर भाग निकले।

राजपाल की पत्नी सुनहरी गांव ओबारी में चेहल्लुम देखने के बाद घर आकर बरामदे में सो गई थी। आरोप है कि चोर घर में घुस आए और कमरे में रखे में रखी 22 हजार 500 रुपये की नकदी चोरी कर ली। जाते जाते चोर सुनहरी के कानों के कुंडल खींचने लगे। जिससे उसकी चीख निकल गई। चीख पुकार को सुनकर चोर भागने लगे, लेकिन हिम्मत दिखाते हुए, महिला ने एक चोर को पकड़ लिया।

दूसरे चोर ने धक्का देकर महिला से अपने साथी को छुड़ा लिया और भाग गए। महिला का कहना है कि भागते समय चोरों को बिजली की रोशनी में पहचान लिया। पुलिस को दी तहरीर में सुनहरी ने मुहल्ला के ही दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# गंगा एक्सप्रेस वे पर मिले शव की 24 घंटे बाद भी नहीं हुई शिनाख्त

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** गंगा एक्सप्रेस वे पर मिट्टी के नीचे मिले शव की 24 घंटे बाद भी शिनाख्त नहीं हो पाई। अज्ञात शव होने के कारण 72 घंटे बाद पोस्टमार्टम होगा।

बृहस्पतिवार को निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे पर गांव राजपुर के रकबे में मिट्टी के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव दबा हुआ मिला था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आधा घंटे की खुदाई के बाद शव को बाहर निकाला था। आसपास के ग्रामीणों से अज्ञात शव की शिनाख्त करने की कोशिश की थी, लेकिन मौके पर शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। पोस्टमार्टम हाउस पर अज्ञात व्यक्ति का शव होने के कारण 72 घंटे तक पोस्टमार्टम नहीं हो पाएगा। पहले पुलिस उसे व्यक्ति के शव की शिनाख्त करने की कोशिश कर रही है। 24 घंटे बीत जाने के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। शरीर पर चोटों के निशान होने के कारण मामला हत्या का माना जा रहा है। कोतवाल योगेश कुमार ने बताया कि अभी तक शव की कोई शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### तालाब में मिले शव की नहीं हुई पहचान

**संभल, अमृत विचार :** हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र बुधवार की रात तालाब में मिले अर्धनग्न अवस्था में 35 वर्षीय व्यक्ति के शव की 48 घंटे बाद भी पहचान नहीं पाई है। बुधवार की रात थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर के गैर आबाद मजरा फर्रुखपुर के पास संभल मुरादाबाद मार्ग के किनारे स्थित तुर्की कोल्ड स्टोर के पीछे तालाब में व्यक्ति का शव पड़ा हुआ मिला था। जिसके शरीर पर किसी भगवान व ओम और टी के टैटू गुदा था।

# तीन वाहनों की टक्कर में 15 गंभीर अस्पताल में भर्ती

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के ढकनगला चौराहा पर तीन वाहनों की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई और 15 गंभीर रुप से घायल हो गए।

हादसे में टेंपो में सवार अंजुम पत्नी अशरफ निवासी मोहम्मद इब्राहिमपुर थाना बिलारी, नेम चंद्र पुत्र एकराम निवासी गांव धर्मपुर थाना उघैती, जनपद बदायूं, हरि शंकर पुत्र रंजीत निवासी गांव खानपुर थाना बिलारी, लक्ष्मी देवी पत्नी आशाराम निवासी मौजमपुर चन्दौसी व उनकी पोती अंजलि पुत्री महीपाल, हुसन बानो पत्नी आले हसन, इनकी पुत्री इरन, पुत्र उमर, समीर, बन्ने पुत्र जमाल निवासी थाना सैफनी, आलम निवासी गांव सहसपुर थाना बिलारी, सुभान पुत्र इरफान निवासी मोहल्ला हाता, धर्म चंद्र पुत्र हेतराम निवासी धर्मपुर थाना उघैती, जनपद बदायूं, बाइक चालक सुनील पाल पुत्र आनंद निवासी ढकनगला, कार सवार शिक्षक अमित कुमार पुत्र राजेंद्र प्रसाद निवासी सीता रोड, शिक्षिका अनुराधा पत्नी महेंद्र पाल निवासी वैशाली नगर, शिक्षक हुकुम सिंह निवासी प्रेम नगर कॉलोनी आदि घायल हो गए।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।

### घटना के बाद मची अफरा-तफरी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के ढकनगला चौराहा पर हादसे के बाद चीख-पुकार व अफरा-तफरी मच गई। हादसे में टेंपो के परखच्चे उड़ गए। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंच टेंपो में सवार घायलों को बाहर निकाला। घटना के बाद आसपास गांव से भी लोग पहुंच गए। घायलों में लोग अपने बच्चों की हालत जानने के उत्सुक नजर आए। वहीं कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### डीएम-एसपी ने घायलों का जाना हाल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र ढकनगला चौराहा पर हादसे की जानकारी पुलिस ने अपने उच्चाधिकारियों को दी। सूचना मिलने पर डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया व एसपी कुलदीप सिंह गुनावत सीएचसी पहुंच गए। सीएचसी में भर्ती घायलों के पास पहुंच हालचाल जाना। दोनों अधिकारियों ने शिक्षक अमित कुमार से भी घटना की जानकारी की।

### कार सवार तीनों शिक्षक भी हुए घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** हादसे में कार सवार तीनों घायल शिक्षक हो गए। नगर निवासी अमित कुमार, हुकुम सिंह व अनुराधा थाना सैंफनी के गाव धनौरा स्थित प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालय में शिक्षक के पद पर तैनात है। घटना की सूचना मिलने पर उनके परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। जिसमें अमित कुमार मामूली रूप से घायल हुए हैं। जबकि अनुराधा व हुकुम सिंह की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**टेंपो में सवार थे 14 लोग :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के ढकनगला पर हुए हादसे में टेंपो में सवार 14 लोग घायल हुए हैं। जबकि टेंपो सीएनजी था और अगली व पिछली सीटें थी। टेंपो सवारियों को ठूंस-ठूंस कर बैठाया गया था। मुरादाबाद मार्ग पर थाना बनियाठेर है। यहां सवारियों से भरे ओवरलोड टेंपो व अन्य वाहन रोजाना थाने के सामने से गुजरते हैं। मगर पुलिस द्वारा ऐसे वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। इन डग्गामार वाहन चालकों के हौसले बुलंद बने हैं।

# किसान संघ के कार्यकर्ता सड़क पर उतरे

संवाददाता,बहजोई




कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते भारतीय किसान संघ कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन करते हुए हाईवे किया जाम
- ज्ञापन सौंप कर समस्याओं के समाधान की उठाई मांग

**अमृत विचार:** भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। वहां ज्ञापन लेने कोई अधिकारी नहीं आया तो प्रदर्शन कर हाईवे पर जाम लगाकर जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आधा घंटे बाद एडीएम ने मौके पर पहुंचकर ज्ञापन लिया।

डीआर रिसोर्ट में भारतीय किसान संघ के सम्मेलन में प्रांतीय संगठन मंत्री सुनील कुमार ने संगठन के बारे में जानकारी दी। वहीं प्रांतीय उपाध्यक्ष ने संगठन की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। इसके बाद जिलाध्यक्ष के लिए महिपाल सिंह, जिला मंत्री भूपेंद्र सिंह कुमार सारस्वत के नाम पर सहमति बनी। जिनका निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इसके बाद पैदल मार्च करते हुए ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्ट्रेट में जब कोई भी अधिकारी उन्हें ज्ञापन देने के लिए नहीं मिला। तो विरोध में कलेक्ट्रेट के बाहर मुरादाबाद आगरा हाइवे पर धरना देते हुए जाम लगा दिया। किसानों का कहना था कि कलेक्ट्रेट पर कोई अधिकारी किसानों की समस्या सुनते तक को नहीं है तो फिर आमजन की समस्या कैसे सुनेंगे। इसको लेकर किसान मुरादाबाद आगरा हाईवे पर डटे रहे। आधा घंटे बाद एडीएम प्रदीप वर्मा धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से वार्ता कर उनके गुस्से को शांत किया। किसानों ने तीन सूत्रीय ज्ञापन एडीएम को सौंपा। जिसमें कहा गया है कि प्रदेश भर में कृषकों के निजी नलकूप का बिना शर्त बिल माफ किया जाए। गोवंश द्वारा जो किसानों की फसलों का नुकसान हो रहा है किसका तत्काल समाधान किया जाए। कृषकों को सरकारी मूल्य पर उर्वरक प्राप्त नहीं हो रहे हैं। अधिक मूल्य पर उर्वरक बेचे जा रहे हैं। इस पर लगाम लगाई जाए।

## घायलों को बेहतर इलाज के लिए सीएमओ पहुंचीं

**संभल, अमृत विचार:** चंदौसी बिलारी मार्ग पर कार व ऑटो की टक्कर के बाद पुलिस ने गंभीर घायल लोगों को जिला अस्पताल भिजवाया। सड़क हादसे में घायलों को बेहतर इलाज के लिए सीएमओ भी जिला अस्पताल पहुंच गईं।

चंदौसी कोतवाली क्षेत्र में बिलारी चंदौसी मार्ग पर शुक्रवार को कार व ऑटो की टक्कर के बाद पुलिस ने गंभीर मुरादाबाद जिले के गांव खानपुर निवासी शंकर, बदायूं जिले के गांव धर्मपुर निवासी नेमचंद वजीरगंज निवासी आले हसन की पत्नी हुस्न बेगम और इरम व अमन को उपचार के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया।

हादसे की सूचना मिलने पर सीएमओ तरन्नुम रजा जिला अस्पताल पहुंची और घायलों का हालचाल जाना। सीएमओ ने डॉक्टरों को घायलों का बेहतर उपचार करने के निर्देश दिए।

# एआरटीओ कार्यालय में दूसरे दिन भी पटरी पर नहीं लौटा कामकाज

कार्यालय संवाददाता, संभल

- बीएसएनएल की टीम ने सिस्टम चेक करने का काम किया शुरू
- ड्राइविंग लाइसेंस के अलावा वाहनों से संबंधित कार्य नहीं हो सके

**अमृत विचार :** बीएसएनएल के टावर पर बिजली गिरने से कंप्यूटर और अन्य उपकरण खराब हो गए। इससे एआरटीओ कार्यालय में दूसरे दिन भी कामकाज बाधित रहा। ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य कार्यों के लिए पहुंचे आवेदक भटकते रहे। बीएसएनएल की टीम ने पहुंचकर सिस्टम को चेक करने का काम शुरू किया। हालांकि व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो सकी।

बुधवार को देर रात एआरटीओ कार्यालय के बीएसएनएल टावर पर बिजली गिरी थी। टावर का फाउंडेशन चटकने के साथ ही लिंटर का प्लास्टर टूट गया था और कार्यालय से आधा दर्जन कम्प्यूटर, प्रिंटर आदि उपकरण खराब हो गए थे। सर्वर में भी खराबी आई थी। जिस कारण गुरुवार को कार्यालय में काम नहीं हो सका तो शुक्रवार को भी ऐसे ही हालात बने रहे। सर्वर की दिक्कत देखने के लिए बीएसएनएल से दो कर्मचारियों की टीम पहुंची। कर्मचारियों ने टावर के हालात देखने के बाद फाल्ट को दूर करने का प्रयास शुरू कर दिए। इस बीच कार्यालय में कामकाज बाधित रहा तो आवेदकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ड्राइविंग लाइसेंस के अलावा वाहनों से संबंधित कार्य नहीं हो सके। एआरटीओ प्रशासन डॉ.पीके सरोज ने कहा कि कार्यालय में कामकाज बाधित है। बीएसएनएल के कर्मचारी मरम्मत के कार्य में जुटे हैं।

# भगवान श्री गणेश के गोद में खेलते श्री कृष्ण की झांकी रहेगी आकर्षण का केंद्र

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- कार्यशाला में दर्जनभर से अधिक कलाकार दे रहे हैं झांकी को अंतिम रूप



कार्यशाला में झांकी तैयार करते कलाकार।

**अमृत विचार:** गणेश चतुर्थी शोभायात्रा में भगवान गणेश की गोदी में खेलते भगवान श्री कृष्ण के बालरूप की झांकी विशेष आकर्षण कर केन्द्र रहेगी। कलाकार पिछले दो माह से झांकी तैयार करने में जुटे है।

उत्तर भारत की प्रसिद्ध श्री गणेश चतुर्थी शोभायात्रा सात सितंबर को धूमधाम से निकाली जायेगी। जिसको लेकर सीता रोड़ स्थित श्री गणेश मंदिर के सामने स्थित कार्यशाला में झांकियां बनाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस बार झांकियों में करीब 16 फीट ऊंची भगवान गणेश की झांकी तैयार की जा रही है। जिसमें भगवान गणेश की गोदी में भगवान श्री कृष्ण बाल रुप खेलते दिखेंगे। झांकी के डायरेक्टर आशीष दत्त दुवे ने बताया कि झांकी पर दो माह से कार्य किया जा रहा है। झांकी बनाने में मुख्य रुप से सुमित वार्ष्णेय, अनंत वार्ष्णेय, हरिओम, दीपू, प्रदीप सक्सेना, कपिल, लोकेश, रोहित, राहुल, अनंत, तोषू, सिद्धार्थ आदि जुटे हुए है। उन्होंने बताया कि झांकी लगभग 60 प्रतिशत तैयार हो चुकी है। समय कम है, इसलिए कार्य को तेज कर दिया है। एक सितंबर से दिन-रात झांकी पर काम होगा।

**व्यवस्था** | सफाई, सुरक्षा और निगरानी के इंतजाम देखे, वेयर हाउस के पीछे गंदगी मिलने पर जताई नाराजगी

# डीएम ने ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस की व्यवस्था देखी

कार्यालय संवाददाता, संभल



ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण कर निर्देश देते डीएम राजेंद्र पैंसिया। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने संभल में ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया। उन्होंने वेयर हाउस की साफ सफाई, सुरक्षा तथा सीसीटीवी कैमरे आदि व्यवस्थाओं को देखा। व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जाहिर करते हुए जरूरी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया ने निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधिकारी वेयर हाउस से कहा कि अग्निशमन के कितने यंत्र उपलब्ध हैं। उनकी आग बुझाने की कितनी क्षमता है। अग्निशमन के यंत्रों की एक्सपायरी डेट को भी यंत्रों पर अंकित किया करने के निर्देश दिए। कहा कि अग्निशमन विभाग से एक प्रमाण पत्र भी लिया जाए कि वेयर हाउस के लिए कितने यंत्र पर्याप्त हैं। अग्निशमन के कितने यंत्र वेयर हाउस में हैं और उनकी क्या एक्सपायरी डेट है एवं आग बुझाने की कितनी क्षमता है उसे वेयर हाउस के मुख्य गेट पर अंकित किया जाए।

जिलाधिकारी को वेयर हाउस की बिल्डिंग के पीछे बहुत गंदगी पाई गई। जिस पर नाराजगी व्यक्त की और गार्ड से जानकारी ली। गार्ड द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं देने पर नाराजगी जताई। कहा कि प्रतिदिन गार्ड वेयर हाउस के पीछे निरीक्षण करेंगे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेंगे। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को वेयर हाउस परिसर में पौधरोपण कराने के निर्देश दिए। प्रभारी अधिकारी वेयर हाउस से कहा कि प्रत्येक शनिवार को 2 घंटे सभी कर्मचारियों के साथ वेयर हाउस का निरीक्षण करेंगे। साफ सफाई एवं स्वच्छता से संबंधित शपथ ग्रहण कराएंगे। उसकी फोटोग्राफी करते हुए टीम संभल व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर करेंगे। इस दौरान एसडीएम विनय कुमार मिश्रा, प्रभारी अधिकारी वेयर हाउस आदि मौजूद रहे।

### सार संक्षेप



गोशाला के लिए चारा व दवा देती समिति की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**गोशाला पहुंच कर समिति ने की गोवंश की सेवा**

**अमृत विचार, चन्दौसी:** जन कल्याण सेवा समिति ने बहेड़ी वाले ताल स्थित गोशाला में गायों को चारा, पशु आहार व बीमार गायों के लिए दवा दी। अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय ने कहा कि गाय में 33 कोटि देवताओं का वास होता है। हम सभी को गो सेवा अवश्य करनी चाहिए। सचिव भावना गुप्ता ने कहा कि हमें गो सेवा के लिए प्रतिदिन यही भाव रखना चाहिए जैसा कि हम गोपाष्टमी को रखते हैं। कोषाध्यक्ष आशा गोस्वामी ने बताया कि हम प्रतिवर्ष कम से कम तीन बार विभिन्न गोशाला में गो सेवा करते हैं। उपाध्यक्ष रेखा रस्तोगी ने कहा कि समिति समाज सेवा के विभिन्न कार्य करती है, उनमें से एक कार्य गो सेवा का भी है। इस मौके पर समिति के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।



व्यापार मंडल की बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर व मौजूद पदाधिकारी।

**स्थापना दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा**

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक जवाहर रोड़ स्थित शिविर कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें आगामी 3 सितंबर को स्थापना दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा की गई। शुक्रवार को आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर ने कहा कि जिले के सभी नगर युवा विधानसभा तहसील अध्यक्ष अपनी कमेटी की सूची 15 सितंबर तक शिविर कार्यालय में जमा कराएं। जिससे यह सूची प्रदेश कार्यालय को भेजी जा सके। वहीं 3 सितंबर से सदस्यता अभियान चलाकर नए व्यापारियों को जोड़ा जाएगा। इसकी तैयारी के लिए दो या तीन टीमों का गठन किया जाना है। जिला महामंत्री प्रभात कृष्णा ने कहा कि 3 सितंबर को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के 31 साल पूर्ण हो रहे हैं। इस बार स्थापना वर्ष धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में उच्च अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर वसीम अख्तर, उमेश वार्ष्णेय, सुशील अग्रवाल, राजू चड्ढा, संजीव अग्रवाल, विकास मिश्रा, सुभाष पाल, जयशंकर दुबे, श्याम सुंदर दुबे, चिंटू शर्मा आदि व्यापारी मौजूद रहे।




तहसील में प्रदर्शन करते किसान संगठन के लोग। ● अमृत विचार

**किसानों ने तहसील गेट पर किया प्रदर्शन**

**चन्दौसी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील गेट पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इसके उपरांत एसडीएम को ज्ञापन सौंप समस्या के समाधान की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि वीनस शुगर मिल मझावली पर किसानों का वर्ष 2006- 7 का कुछ गन्ना भुगतान बकाया है। शीघ्र भुगतान कराया जाए। किसानों को शेड्यूल के अनुसार विद्युत सप्लाई नहीं मिल नहीं रही है। जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। छुट्टा पशुओं को गोशाला में संरक्षित कराया जाए। सरकार द्वारा कुसुम योजना के तहत सिंचाई को सोलर पंप को दुरुस्त कराया जाए आदि मांगें शामिल रहीं। कहा कि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो किसान आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर कुलदीप चौधरी, विजय सिंह, चंद्रपाल, हेमराज, विजय पाल, रतन सिंह, शिव नंदन, गोरी शंकर, सतपाल सिंह, बसंत सिंह आदि मौजूद रहे।



छठी संस्कार में भगवान श्री कृष्ण की आरती करते पुजारी। ● अमृत विचार

**छठी संस्कार महोत्सव में भजन संध्या, झूमे श्रद्धालु**

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के बाद श्रीकृष्ण का दो दिवसीय छठी संस्कार महोत्सव का आयोजन शुक्रवार को साहू झुन्नी लाल धर्मशाला में किया गया। जिसमें शुक्रवार की सुबह सीता रोड स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्रीकृष्ण का महाभिषेक किया गया। इसके बाद रात आठ बजे से नौका विहार, महारास व भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में वृंदावन से आए कलाकारों ने भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद कलाकारों द्वारा नौका विहार व महारास का आयोजन किया। जिसे देखने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। देर रात तक कार्यक्रम जारी रहा। वहीं शनिवार की शाम पांच बजे श्रीकृष्ण की भव्य फूलडोल यात्रा निकाली जाएगी।

**सांड़ों की लड़ाई से मची अफरा-तफरी**

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एसएम कॉलेज के सामने स्टेशन रोड पर दो सांड़ भिड़ गए। जिससे कपड़ों की स्टॉल व सड़क किनारे खड़े चाट पकोड़ी के ठेलों को पलट दिया। जिससे अफरा-तफरी का माहौल हो गया। करीब 15 मिनट सांड़ों की लड़ाई चलती रही। लोगों ने हिम्मत कर सांड़ों को अलग किया। एसएम कॉलेज के सामने स्टेशन रोड सड़क किनारे कपड़ों की स्टॉल लगने के साथ चाट पकोड़ी के ठेले लगे थे। शुक्रवार की सुबह साढ़े बारह बजे दो सांड़ घूमते हुए आए और अचानक भिड़ गए। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। सड़क पर लड़ रहे सांड़ों ने कपड़ों को स्टॉल तथा चाट को ठेले भी गिरा दिए। जिससे सड़क के दोनों ओर से यातायात रुक गया।

**दो घंटे हड़ताल से मेडिकल कॉलेज में ठप रहा इलाज**

**बदायूं, अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को पांच महीने से वेतन नहीं मिला है। जिससे कर्मचारी कई दिन से धरना प्रदर्शन कर रहे थे। आज सुबह दो घंटे तक आउटसोर्सिंग कर्मचारी हड़ताल पर रहे। बाद में कंपनी द्वारा पन्द्रह दिन में वेतन भुगतान का आश्वासन दिया गया जिसके बाद कर्मचारियों ने हड़ताल खत्म कर काम शुरू कर दिया। राजकीय मेडिकल कॉलेज में करीब साढ़े तीन सौ आउटसोर्सिंग कर्मचारी हैं। जो विभिन्न पदों पर काम कर रहे हैं। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को पांच महीने से वेतन नहीं मिला है। जिससे उनके परिवार आर्थिक तंगी का शिकार हो रहे हैं। आर्थिक तंगी झेल रहे आउटसोर्सिंग कर्मचारी पिछले पंद्रह दिन से वेतन दिलाने की मांग कर रहे हैं।

# सिपाही भर्ती परीक्षा : 4209 ने छोड़ा पेपर

## पहली पाली में 2159, दूसरी में 2176 परीक्षार्थी रहे शामिल, कंट्रोल रूम से परीक्षा पर रखी नजर

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


केंद्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार


केंद्र के बाहर बायोमेट्रिक जांच कराते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा में करीब आधे परीक्षार्थियों ने परीक्षा से किनारा किया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दो पालियों में परीक्षा हुई। परीक्षार्थियों का कहना था कि गणित और सामान्य ज्ञान (जीके) ने उलझा दिया। परीक्षा के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। केंद्रों के बाहर लोगों की आवाजाही नहीं रही। जिले में नौ केंद्रों पर आज भी परीक्षा होगी।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा जिले शुक्रवार को भी शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। जिले में नौ परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा हुई। दोनों पालियों में 8544 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें पहली पाली में 2159 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 2113 परीक्षा से गैरहाजिर रहे। जबकि दूसरी पाली में 2176 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 2096 ने परीक्षा छोड़ी। पहली और दूसरी पाली को मिलाकर

**कड़ी सुरक्षा**
- लगभग आधे परीक्षार्थियों ने शुक्रवार को नहीं दी परीक्षा
- आज भी जिले में नौ केंद्रों पर होगी भर्ती परीक्षा

कुल 4209 परीक्षार्थियों ने शुक्रवार को परीक्षा छोड़ दी। शुक्रवार को परीक्षार्थी सुबह से ही अपने केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गए। दूरदराज से परीक्षार्थी परीक्षा देने आए थे। केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों की लंबी कतार लग गई। परीक्षार्थियों की चेकिंग व बायोमेट्रिक के बाद उन्हें केंद्र के अंदर जाने दिया। परीक्षा की पहली पाली सुबह 10 शुरू हुई जो 12 बजे तक चली। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी रही।

परीक्षार्थियों को मोबाइल फोन और किसी भी तरह की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर जाने पर पूरी तरह पाबंदी रही। अधिकारियों ने लगातार परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर स्थिति पर नजर बनाए रहे। वरिष्ठ अधिकारियों ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर सम्बंधित को निर्देश दिए। नगर कोतवाली में बने मुख्य कंट्रोल रूम से जिलेभर की परीक्षा पर नजर रखी गई। परीक्षा केंद्र पर कई तरह की वस्तुएं प्रतिबंध की गईं। जिसमें पेपर, पेंसिल, बॉक्स, कैलकुलेटर, पर्स, चश्मा, टोपी, ज्वेलरी, फूड आइटम शामिल हैं। परीक्षा केन्द्रों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा।

**पहली पाली**

| | |
|---|---|
| कुल अभ्यर्थी | 4272 |
| उपस्थित | 2159 |
| अनुपस्थित | 2113 |

**दूसरी पाली**

| | |
|---|---|
| कुल अभ्यर्थी | 4272 |
| उपस्थित | 2176 |
| अनुपस्थित | 2096 |

**एक नजर**

### बाइक फिसलने से होमगार्ड घायल, रेफर

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव गंगाचोली निवासी होमगार्ड दिलीप कुमार की ड्यूटी नगर के ब्लॉक परिसर स्थित पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर चल रही थी। शुक्रवार सुबह वह ड्यूटी कर बाइक से घर लौट रहा था। इस दौरान लाल मस्जिद के नजदीक अचानक उनकी बाइक फिसल गई। हादसा देखकर राहगीरों ने 112 डायल को सूचना दी। पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। घायल के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए घायल को मेरठ रेफर कर दिया। परिजनों द्वारा घायल होमगार्ड को मेरठ ले जाया गया। होमगार्ड की हालत नाजुक बताई जा रही है।

### छत से उतर रहे युवक को सांप ने डसा

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव अल्लीपुर मिलक निवासी अमित पुत्र हेतराम गुरुवार रात छत से उतर रहा था। इस दौरान उसे सांप ने डस लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ती देख परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख मेरठ रेफर कर दिया। यहां भी चिकित्सकों ने उसकी हालत में सुधार नहीं होने पर रेफर कर दिया। वहीं, परिजन युवक का झाड़ फूंक वालों से इलाज करा रहे हैं। परिजनों के मुताबिक युवक की हालत गंभीर है।

### मां-बेटे को मारपीट कर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव करमल्लीपुर निवासी कश्मीरी की गांव के ही चंद्रपाल से किसी बात को लेकर रंजिश है। आरोप है कि गुरुवार सुबह चंद्रपाल अपने साथियों के साथ कश्मीरी के घर में घुस आया व गाली-गलौज की। विरोध करने पर पर चंद्रपाल ने कश्मीरी को मारपीट कर घायल कर दिया। बचाव के लिए दौड़े कश्मीरी के बेटे बंटी को भी आरोपी ने मारपीट कर घायल कर दिया। जिसके बाद दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर आरोपी चंद्रपाल व उसके भाई उमेश समेत विशाल और अरुण के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली नहीं मिली तो आंदोलन : नरेश

संवाददाता, गजरौला

- कूबी में हुई भाकियू संयुक्त मोर्चा की पंचायत
- दो सितंबर को मुरादाबाद में सीएम को ज्ञापन देगा संगठन

**अमृत विचार :** भाकियू संयुक्त मोर्चा की पंचायत शुक्रवार को रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव कूबी में हुई। पंचायत में मुख्यमंत्री के मुरादाबाद आगमन को लेकर चर्चा की गई। पंचायत में किसानों ने कहा कि सिंचाई के लिए अब तक बिजली मुफ्त न देने को लेकर 2 सितम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश का किसान हरियाणा, पंजाब आदि प्रदेशों के किसानों के मुकाबले बहुत पीछे है। प्रदेश की सरकार किसानों की मदद करने के बजाय धोखा देती है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान सिंचाई के लिए बिजली मुफ्त देने की घोषणा करके चुनाव तो जीत लिया लेकिन किसानों को मुफ्त बिजली अब तक नहीं दी गई। सरकार किसानों के साथ बार-बार धोखेबाजी कर रही है। लेकिन अब उत्तर प्रदेश का किसान चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने कहा कि एमएसपी गारंटी कानून बनाने की लड़ाई के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के किसानों को सिंचाई के लिए बिजली मुफ्त दिलाने की लड़ाई भी लड़ी जाएगी। कहा कि दो सितंबर को मुख्यमंत्री मुरादाबाद आ रहे हैं। संगठन ने निर्णय लिया है कि मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा और यदि किसानों को बिजली फ्री देने की मांग पूरी नहीं की तो इसके लिए संगठन आंदोलन करने को मजबूर होगा। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव दलजीत सिंह, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश प्रजापति, गुरु बरन सिंह, महिपाल सिंह गुर्जर, देवेंद्र सिंह, रवि चौधरी, हाजी अब्दुल सत्तार, बिजनौर जिला अध्यक्ष चौधरी भंवर सिंह, जिला अध्यक्ष अमरोहा यशवीर सिंह, मुरादाबाद जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र धारीवाल, पिंटू चौधरी, अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष कामिल चौधरी आदि मौजूद रहे।


निरीक्षण के दौरान जानकारी करतीं राज्य स्तरीय निगरानी समिति की सदस्य।

# समय से हो सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण : पूजा

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** राज्य स्तरीय निगरानी समिति की सदस्य पूजा वाल्मीकि ने नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई व्यवस्था देखी और समय से कर्मचारियों को वेतन देने के निर्देश दिए।

शुक्रवार को राज्य स्तरीय निगरानी समिति की सदस्य पूजा वाल्मीकि ने हसनपुर नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने सफाई नायकों की समस्याओं को सुनकर जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की सुरक्षा उपकरण पहनकर ही सफाई कर्मचारी कार्य करें।

ईओ विजय पाल सिंह ने कहा नगर को साफ सुथरा रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही। सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन दिया जा रहा है। सफाई कर्मचारियों की जो भी समस्याएं हैं उनको सुनकर तत्काल निस्तारण कर दिया जाता है। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका का स्टाफ मौजूद रहा।

# 12 थानेदार नहीं खोल पाए हत्या की गुत्थी

संवाददाता, रहरा

- 5 जनवरी 2021 को दिनदहाड़े गोली मारकर की गई थी आदमपुर में तांत्रिक की हत्या

**अमृत विचार :** समय बीतता गया और थानेदार बदलते रहे। लेकिन 3 वर्ष 8 माह दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस एक तांत्रिक के हत्यारों का सुराग तक नहीं लगा सकी।

मामला 5 जनवरी 2021 मंगलवार दोपहर करीब दो बजे का था। आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव रहरई निवासी 50 वर्षीय जयप्रकाश सैनी पुत्र गंगा सहाय अपनी पत्नी कश्मीरी के साथ साप्ताहिक बाजार से बाइक से घर लौट रहा था। वह पेशे से तांत्रिक था। आदमपुर से निकलते ही चकफेरी मार्ग पर समाधि के निकट पीछे से आ रहे दो बाइक सवारों ने ओवरटेक कर जयप्रकाश की बाइक को रोक लिया तथा कनपटी से तमंचा सटाकर तांत्रिक को गोली मार दी। तांत्रिक जयप्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई थी तथा बाइक सवार वहां से भाग निकले थे। सूचना मिलने पर तत्कालीन थाना प्रभारी रकम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने साप्ताहिक बाजार के नजदीक लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले थे। जिसके बाद पुलिस ने तांत्रिक की पत्नी कश्मीरी की तहरीर पर हत्या की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। घटना के बाद तत्कालीन पुलिस अधीक्षक सुनीति ने भी घटनास्थल का मुआयना किया था। प्रथम दृष्टता पुलिस तांत्रिक की हत्या को रंजिशन हत्या से जोड़कर जांच कर रही थी। तांत्रिक की गोली मारकर हत्या की घटना को 3 वर्ष 8 माह दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस हत्यारों तक नहीं पहुंच सकी है। तांत्रिक की हत्या किसने और क्यों की? यह सवाल अब भी आदमपुर पुलिस के लिए पहेली बना हुआ है।

**12 लोग संभाल चुके हैं थाने की कमान**

पांच जनवरी वर्ष 2021 के बाद से तत्कालीन थानेदार रकम सिंह के अलावा राजकुमार सरोज, जयवीर सिंह, सतीश कुमार आर्य, विनय कुमार, सुशील कुमार वर्मा, कृपाल सिंह, राम प्रकाश शर्मा, वरुण कुमार, निशांत राठी, राजीव कुमार पर थाने का चार्ज रह चुका है तथा फिलहाल शौकेंद्र सिंह थाना अध्यक्ष के रूप में तैनात हैं।

> 5 जनवरी 2021 को आदमपुर से लौटते समय जयप्रकाश सैनी की गोली मारकर हत्या हुई थी। जिसमें तत्कालीन थाना प्रभारी द्वारा अंतिम रिपोर्ट माननीय न्यायालय में भेज दी गई थी। अब न्यायालय से पुन: विवेचना के आदेश आए हैं। जिसकी विवेचना कर जरूरी कार्रवाई की जाएगी।
> -**शौकेंद्र सिंह,** थाना अध्यक्ष, आदमपुर

**सार संक्षेप**


बैठक में उपस्थित संगठन के पदाधिकारी व सीमा यादव। ● अमृत विचार

### सीमा बनीं महिला व्यापारी सुरक्षा संस्थान की नगर अध्यक्ष

**हसनपुर, अमृत विचार :** गुरुवार रात व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान की बैठक संगठन के प्रदेश महासचिव मुकेश गुप्ता के आवास पर हुई। बैठक में नगर निवासी सीमा यादव को महिला व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया। मुकेश गुप्ता ने कहा कि व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान व्यापारी हितों की लड़ाई लड़ने वाला एकमात्र संगठन है। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश महासचिव ने की तथा संचालन नगर अध्यक्ष तरुण अग्रवाल ने किया। बैठक में सचिन गुप्ता, लोकेश अग्रवाल, प्रशांत शर्मा, पंकज भटनागर, रानू रस्तोगी, दिनेश अग्रवाल, जैनुल उद्दीन, द्रवीश अहमद आदि शामिल रहे।


गांव में प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

### विद्युत लाइन हटवाने की मांग को किया प्रदर्शन

**हसनपुर, अमृत विचार :** ईसापुर विद्युत फीडर के गांव झुंडी माफी के निवासियों ने शुक्रवार को गांव में विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। गांव निवासी वीर सिंह के घर के बराबर से हाईटेंशन विद्युत लाइन गुजर रही है। गुरुवार सुबह विद्युत लाइन का तार टूटकर घर के पास बंधी गाय के ऊपर गिर गया था। जिससे गाय की मौत हो गई थी। शुक्रवार को ग्रामीणों ने विद्युत लाइन को हटवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। वीर सिंह ने बताया कि घरों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। पहले भी कई बार इसका तार टूटकर गिर चुका है। इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। प्रदर्शन करने वालों में वीर सिंह, राजपाल, जसवंत सिंह, कुंवर पाल, वीरपाल, सतीश, मनोज, हरप्रसाद, लोकेन्द्र सिंह, जितेंद्र, भोपाल, कुंवर सैन, धनीराम, रामकिशन, मोहर सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# आवास योजना के मानकों का प्रचार करें

संवाददाता, हसनपुर


बैठक को संबोधित करते विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रधानों की बैठक को संबोधित करते हुए विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों को ही मिले। किसी भी अपात्र को लाभ नहीं मिलना चाहिए।

शुक्रवार को ब्लाक कार्यालय स्थित सभागार में ब्लॉक के समस्त प्रधानों की बैठक हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को लेकर प्रत्येक ग्राम पंचायत में सर्वे को लेकर जागरूक करना था। बैठक में मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी एवं ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर शामिल हुईं। बैठक में अतिथियों का स्वागत खंड विकास अधिकारी नीरज गर्ग ने किया। बैठक में मौजूद प्रधानों को बताया कि प्रधानमंत्री

- पीएम आवास योजना की बैठक में विधायक ने दिए निर्देश

आवास योजना के लाभार्थियों के चयन के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में दो सितंबर से नौ सितंबर तक खुली बैठक में समीक्षा की जाएगी। किसी भी गांव में कोई भी लाभार्थी योजना से वंचित न रह जाए। प्रधानों एवं सचिवों को निर्देश किया कि वह प्रत्येक गांव एवं मजरे में वॉल पेंटिंग से योजना का प्रचार करें। बैठक में विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि प्रत्येक परिवार के सिर पर छत होनी चाहिए, जिसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से आवास देने का कार्य किया है। इसलिए योजना से कोई भी लाभार्थी वंचित नहीं रहना चाहिए। बैठक में खंड विकास अधिकारी नीरज गर्ग, मुदित गुर्जर, यशपाल सिंह, हेमराज गुर्जर नूर मोहम्मद, शहरोज चौधरी, सतीश खड़गवंशी, लता सागर, देशपाल, नसीम, भानु प्रताप सहित कई प्रधान मौजूद रहे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सक ने एक घायल की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

मोहल्ला सुल्तान नगर निवासी मुनेंद्र शुक्रवार सुबह अपने पड़ोसी संजय के साथ बाइक से हापुड़ जा रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर गांव शहवाजपुर डोर के पास पीछे से आ रही तेज गति कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। राहगीरों ने दोनों घायलों को पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने एक की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बाइक सवार बदमाशों ने गांव में की फायरिंग, दहशत

संवाददाता, नौगांवा सादात

**अमृत विचार :** गुरुवार रात दो बदमाश बाइक से ग्राम तखतपुर में आए और उन्होंने विजयपाल सिंह पुत्र लाल सिंह के गेट पर दो गोलियां चलाईं। जो गेट को पार करती हुईं दीवार में घुस गई।

इसके बाद आरोपियों ने गांव में परचून की दुकान के सामने हवाई फायर किया। उसके बाद बीच गांव में फायरिंग करते हुए फरार हो गए। गोलियों की आवाज से सभी ग्रामीण दहशत में आ गए और घरों से बाहर निकल आए। तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। सूचना के बाद डायल 112 और नौगांवा पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को मौके से खोके मिले हैं।

इस घटना से पूरा गांव दहशत में है। दिन निकलते ही यह खबर आसपास के गांवों में भी फैल गई।


मौके से पुलिस को मिले खोखे।

ग्रामीणों ने शुक्रवार दोपहर थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान विजयपाल सिंह, मुकेश कुमार, कृष्ण पाल सिंह, अजय पाल सिंह, विपिन चौहान, शूरवीर सिंह रहे। सीओ अभिषेक यादव ने बताया घटना की जानकारी प्राप्त हुई है और बदमाशों के खिलाफ तहरीर भी प्राप्त हुई है। पुलिस जांच में जुटी हुई है, जल्द ही बदमाशों का पता लगाकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।


संकीर्तन में खाटू श्याम बाबा की पूजा करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### खाटू श्याम बाबा का संकीर्तन किया

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** धनौरा में मोहल्ला टीचर कालोनी स्थित श्री नवदुर्गा शिव मंदिर में श्री खाटू श्याम मित्र मंडल ने खाटू श्याम बाबा का संकीर्तन किया। संकीर्तन में दीपक शर्मा, अर्पित कौशिक, मीनू शर्मा, लक्की अग्रवाल, कृष वर्मा, देव शर्मा, नमन रस्तोगी ने भजन सुनाए। इस दौरान बाबा के जयकारों से परिसर गूंज उठा। संकीर्तन में सर्वेश शर्मा, मनोज, सुमन, सचिन, नीरज रस्तौगी, विनीत राठी, सौरभ शर्मा, ज्योति, पीतम सिंह, विशाल मौजूद रहे।

# दो पक्षों में हुई मारपीट में 11 नामजद समेत 41 पर रिपोर्ट

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** गुरुवार शाम मोहल्ला चौहानपुरी में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट को शांत करवाने पहुंची पुलिस टीम पर भी आरोपी हमलावर हो गए थे। एसआई की तहरीर पर 11 नामजदों समेत 41 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मोहल्ला चौहानपुरी निवासी संदीप गुरुवार रात बाइक से मोहल्ले में ही जा रहे थे। रास्ते में दूसरा युवक लक्की अपनी बाइक लेकर खड़ा था। बताया जाता है कि संदीप की बाइक तेज होने के चलते लक्की की बाइक से टकरा गई। इसको लेकर दोनों के बीच विवाद के बाद मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के आमने-सामने आने के बाद लाठी-डंडे चले। मोहल्ले में अफरातफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाठी फटकाते हुए भीड़ को खदेड़ कर विवाद शांत कराया था। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने एसआई अरुण गिरि की तहरीर पर मोहल्ला आंबेडकर नगर निवासी संदीप, अजय, मोहल्ला चौहानपुरी निवासी अरुण, दिनेश, राजा व जीशू एवं दूसरे पक्ष के सौरभ, गौरव, रिंकू, गणेश व अश्वनी को नामजद कर 30 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### युवक को पीटा, रिपोर्ट

**गजरौला, अमृत विचार :** आंबेडकर नगर निवासी प्रिंस कुमार फर्म में काम करता है। शुक्रवार सुबह वह ड्यूटी पर जा रहा था। आरोप है कि मोहल्ला चौहानपुरी के सभासद जोन उर्फ योगेश ने साथियों के साथ प्रिंस को सरेराह पीट दिया। प्रिंस को सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने उपचार के बाद रेफर किया। मारपीट की वजह गुरुवार रात चौहानपुरी में हुए झगड़े को बताया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने जोन उर्फ योगेश, गौरव, सौरभ व रिंकू पर रिपोर्ट दर्ज की है।

**आयोजन** महिलाओं ने दिनभर किया भजन-कीर्तन, श्रद्धालुओं को कढ़ी-चावल का प्रसाद बांटा

# श्रीराम जानकी मंदिर में धूमधाम से मनी कान्हा की छठी

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** शुक्रवार को कंचन बाजार स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में भगवान कृष्ण का छठी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। छठी उत्सव में महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण के मंगल गीत गाए गए और कई व्यंजनों से भगवान को भोग लगाया। छठी में सभी भक्त अपने-अपने ठाकुर जी को सजा कर लाए एवं बच्चे कृष्ण के बाल रूप में सज कर मंदिर पहुंचे।

कार्यक्रम के अंत में आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। छठी उत्सव में सजकर पहुंचे बच्चों को कुसुम लता व मीना आर्य ने पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर मीना आर्य, कुसुम अग्रवाल, किरन रानी, रजनी अग्रवाल, सोनिया अग्रवाल, सरिता शर्मा, शिल्पी रानी, रैनू शर्मा, स्वाति वर्मा, सीमा त्रिवेदी, कंचन अग्रवाल, दिव्या शर्मा, शीतू अग्रवाल, हैम अग्रवाल आदि महिलाएं मौजूद रहीं।


श्रीराम जानकी मंदिर में छठी उत्सव में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

### राधा रानी मंदिर में हर्षोल्लास से मनाया छठी महोत्सव

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** महादेव चुंगी स्थित प्राचीन नवदुर्गा मंदिर में बने राधाकृष्ण भवन में मंगल गीत गाकर भगवान श्रीकृष्ण का छठी उत्सव मनाई। इस दौरान भक्तों को कढ़ी-चावल का प्रसाद बांटा। शुक्रवार को श्रीराधा कृष्ण भवन में भगवान कृष्ण का छठी महोत्सव के दौरान पुरोहित हरिओम त्रिवेदी ने भगवान कृष्ण को पवित्र गंगाजल से स्नान कराने के बाद सुंदर अंगवस्त्र धारण कराए। भक्तों के गाए गए मंगल गीतों से प्रांगण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने कन्हैया की छठी महोत्सव पर मंदिर को सजाया। श्रद्धालुओं ने मंगल गीत गाते हुए जयकारे लगाए। श्रद्धालुओं ने माथा टेककर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कल्पना त्रिवेदी, मंजुला त्रिवेदी, सीमा त्रिवेदी, कंचन शर्मा, मीरा, शोभा वर्मा, अनीता वर्मा, रोजी त्रिवेदी, ममता अग्रवाल आदि रहे।


बसता नेता जाफर मलिक का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### बसपा ने जाफर मलिक को बनाया तीन मंडलों का प्रभारी

**गजरौला, अमृत विचार :** बसपा नेता जाफर मलिक का पार्टी में कद बढ़ाते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने उन्हें तीन मंडलों का प्रभारी बनाया है। शुक्रवार को गजरौला लौटे जाफर मलिक का बसपा कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। शहर के मोहल्ला जलालनगर निवासी जाफर मलिक विधानसभा समेत कई चुनाव लड़ चुके हैं। उन्हें पश्चिमी यूपी के सहारनपुर, बरेली व मुरादाबाद मंडल का प्रभारी बनाया गया है। शुक्रवार को शहर के इंदिरा चौक पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक हरपाल सिंह, पूर्व आरिफ मसूदी, केपी सिंघानिया, फय्यूम अली, असलम सैफी, संजय सागर, चंद्रपाल सिंह, आदि पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### किशोरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार** : किशोरी को दूसरे गांव का निवासी युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। क्षेत्र के गांव निवासी किशोरी के घर दूसरे गांव के निवासी युवक का आना-जाना था। आरोप है कि 25 अगस्त को युवक किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। किशोरी के परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका। परेशान होकर परिजनों ने घटना की जानकारी थाने पहुंचकर पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में किशोरी के पिता की तहरीर पर हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव निवासी आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू कर दी गई है।

### अकबरपुर पट्टी में दिखा तेंदुआ, वीडियो वायरल

**नौगांवा सादात, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र में आएदिन तेंदुआ दिखाई देने की सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं। कभी गजस्थल के जंगल में तो कभी बांस खेड़ी के जंगल में, कभी अलीपुर कलां के जंगल में तेंदुआ दिखाई देता है। अब शुक्रवार को अकबरपुर पट्टी के जंगल में तेंदुए की दस्तक दिखाई दे रही है। उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कार सवारों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड किया है।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### इनवर्टर, बैटरियां बरामद दो आरोपी गिरफ्तार

**आदमपुर, अमृत विचार** : पुलिस ने दो युवकों को चोरी के इनवर्टर व बैटरियों के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों को न्यायलय में पेश किया। जहां से दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष शौकेंद्र सिंह ने बताया कि दीपक पुत्र कल्यान सिंह निवासी गांव चकफेरी, कल्यान पुत्र गजराम सिंह निवासी गांव बहादुरपुर मजरा उर्फ बड़ा माजरा आदमपुर को इनवर्टर व दो बैटरियों के साथ गिरफ्तार किया गया है। दोनों को जेल भेज दिया गया है।

# दोहरे हत्याकांड में 6 दोषियों को उम्रकैद, 6.60 लाख जुर्माना

## मेले में दो युवकों को जहरीली शराब पिलाकर की थी हत्या

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- 2012 का है मामला, कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार** : तिगरी में गंगा मेले में नहाने आए दो युवकों की शराब में जहर पिलाकर 6 लोगों ने उनकी हत्या कर दी थी। दोनों शवों को तिगरी में ही गंगा में बहा दिया गया था। अगले दिन दोनों के शव मिले थे। कोर्ट के आदेश पर 6 आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज हुई थी। कोर्ट ने 6 आरोपियों को दोषी करार देते हुए उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही सभी पर 6 लाख 60 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।

दोहरे हत्याकांड की घटना 27 नवंबर 2012 की तिगरी में गंगा मेले की है। मुरादाबाद जिले के छजलैट थाना क्षेत्र के गांव मघी निवासी शीशपाल सिंह अपने परिवार के साथ कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले तिगरी गंगा मेले में आए थे। यहां इनके डेरों के पास रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव घंसूरपुर के रहने वाले गुरदेव, अमरजीत सिंह, कमल सिंह, वीरेंद्र सिंह व अरविंद तथा गांव चकमजदीपुर निवासी जयवृत सिंह के भी डेरे थे। सभी लोग शीशपाल सिंह के बेटे प्रिंस और रिश्तेदार नवनीत को नहाने के बहाने से डेरे से अपने साथ ले गए थे। उन्होंने प्रिंस व नवनीत को शराब में जहर देकर मार दिया था और बाद में दोनों के शव गंगा में बहा दिए थे। जिसके बाद शीशपाल सिंह ने मेला कोतवाली में प्रिंस और नवनीत की गुमशुदगी रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। तलाश के बीच अगले दिन दोनों के शव गंगा से बरामद हुए थे। पोस्टमार्टम व एफएसएल रिपोर्ट में शराब में जहर के सेवन से दोनों की मौत की पुष्टि की गई थी। तब मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। घटना के करीब आठ महीने बाद कोर्ट के आदेश पर कमल, वीरेंद्र, गुरुदेव, अमरजीत सिंह, अरविंद व जयवृत सिंह के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। तब पुलिस ने इन सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। फिलहाल सभी जमानत पर थे। इस मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट द्वितीय अरविंद कुमार शुक्ला की कोर्ट में विचाराधीन थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता नितिन बंसल कर रहे थे। मंगलवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दोहरे हत्याकांड में सभी छह लोगों को दोषी करार दिया था। शुक्रवार को कोर्ट ने सभी छह दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही इन दोषियों पर 6.60 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

## आवास योजना बैठक का प्रधानों ने किया बहिष्कार

**गजरौला, अमृत विचार** : प्रधानमंत्री आवासीय योजना में संशोधन की मांग को लेकर ग्राम प्रधानों ने शुक्रवार को बैठक का बहिष्कार किया। साथ ही योजना की पात्रता में संशोधन करने की मांग की। हालांकि कुछ प्रधान बैठक में शामिल भी हुए।

शुक्रवार को ब्लाक सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को लेकर ग्राम प्रधानों की बैठक हुई। बताया जा रहा है कि कुछ ग्राम प्रधान बैठक में शामिल हो गए लेकिन ज्यादातर ग्राम प्रधानों ने राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के बैनर तले बैठक का बहिष्कार किया। ग्राम प्रधानों ने कहा कि आवास योजना में पात्रता को लेकर कई बदलाव किए गए हैं। योजना के नियमों में एक बार फिर से बदलाव किए जाएं। इसे लेकर ग्राम प्रधानों ने बीडीओ अरुण कुमार व ब्लाक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें सतेंद्र सिंह, होमपाल सिंह, कुलदीप सिंह, धनवती, देवानंद, धर्मवती, रोहताश, कबीर खां आदि मौजूद रहे।

# मेले में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे बेल्ट, फायरिंग से मची भगदड़

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : छड़ी मेले में कहासुनी के बाद दो पक्षों के बीच लाठी-डंडे और बेल्ट चलीं। सूचना पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में भी दोनों पक्ष आपस में झगड़ते रहे। जिसमें कई लोग घायल हो गए। जबकि एक युवक हाथ में तमंचा लेकर घूमता रहा। इस दौरान फायरिंग भी की गई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सहसपुर अलीनगर की है। यहां पर मोहम्मद शमी तथा खुर्शीद अहमद का परिवार रहता है। इन दोनों परिवारों के बीच एक महिला को भगाकर ले जाने को लेकर रंजिश चल रही है। गुरुवार को गांव में छड़ी मेला लगा हुआ था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार शाम करीब छह बजे मोहम्मद शमी का बेटा इरफान व रिश्तेदार अरकान, इंतकाम तथा खुर्शीद अहमद पक्ष से आसिफ, बिलाल, अजमल, अतीक व कुछ अन्य लोग इसी बात को लेकर मेले में आमने-सामने आ गए। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे और बेल्ट चलीं।


बेल्ट से मारपीट करते लोग।


युवक के हाथ में तमंचा।

झगड़े की सूचना मिलते ही पुलिस मेले में पहुंच गई। दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन, आरोपी पुलिस की मौजूदगी में भी एक-दूसरे पर हमलावार रहे। इसी बीच एक युवक के हाथ में तमंचा भी दिखा। मौके पर हवाई फायरिंग भी की गई। घटना से मेले में अफरातफरी मच गई। माहौल बिगड़ता देख कोतवाली से और पुलिस बल बुलाना पड़ा। बमुश्किल बिगड़ती स्थिति पर काबू पाया गया। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मारपीट में घायल इरफान, अरकान, आसिफ, बिलाल, अजमल, अतीक को जोया सीएचसी में भर्ती कराया गया है। इस मामले में दारोगा की तहरीर पर एक पक्ष से इरफान, अरकान, इंतखाब तथा दूसरे पक्ष से आसिफ, बिलाल, अजमल, अतीक समेत 10-10 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। बताया कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

# होमगार्ड से रुपये लेने पर सिपाही पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, अमरोहा/रहरा

- मुकदमे में धाराएं कम कराने के नाम पर लिए थे 50 हजार

**अमृत विचार** : रहरा थाने में तैनात दो सिपाहियों ने विभाग के ही होमगार्ड से एक मुकदमे में धारा कम करने को लेकर 50 हजार रुपए ऐंठ लिए। मुकदमे में जब धाराएं कम नहीं हुईं, तो होमगार्ड ने अपने रुपये वापस मांगे। जिसके बाद दोनों सिपाहियों ने उसे इनकार कर दिया। होमगार्ड ने पुलिस अधीक्षक से गुरुवार को इसकी शिकायत की थी। इस पर पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने तत्काल प्रभाव से रहरा थाने में तैनात सिपाही रवि बालियान पर रिपोर्ट दर्ज करा दी। पुलिस ने उसे न्यायालय पेश किया है।

बताते चलें कि 5 मार्च 2024 को थाना क्षेत्र के गांव ढेंकला में दो पक्षों में किसी बात को लेकर मारपीट हुई थी। जिसमें पीड़ित पक्ष ने गांव निवासी होमगार्ड देशराज सिंह व उसके बेटों के खिलाफ थाना क्षेत्र के गांव खनौरा की घटना दिखाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद थाने में तैनात दोनों सिपाहियों ने आरोपी होमगार्ड से मुकदमे में धाराएं कम करने के नाम पर 50 हजार रुपए ले लिए। मामले में धाराएं कम नहीं होने पर करीब महीने भर से होमगार्ड अपने दिए हुए रुपयों की वापसी की मांग रहा था, जबकि दोनों सिपाही उसे इनकार कर रहे थे। होमगार्ड देशराज के मुताबिक उसने अपनी पत्नी के जेवरात गिरवी रखकर उन्हें रुपये दिए थे। जिसकी शिकायत होमगार्ड देशराज ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक से की। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने सीओ से जांच कराई थी। जांच सही पाए जाने पर आरोपी सिपाही रवि बालियान पर रिपोर्ट दर्ज उसे जेल भिजवा दिया है।

## 35 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**रुद्रपुर, अमृत विचार** : थाना ट्रांजिट कैंप इलाके से एएनटीएफ की टीम ने स्मैक के तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से स्मैक भी बरामद की है।

सीओ सदर निहारिका तोमर ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स प्रभारी कौशल भाकुनी को सूचना मिली थी कि ट्रांजिट कैंप इलाके में युवक स्मैक बेच रहा है। पुलिस टीम ने कृष्णा कॉलोनी में दबिश दी तो एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ग्राम मालन खेड़ा कैमरी रामपुर व हाल निवासी कृष्णा कॉलोनी ट्रांजिट कैंप निवासी आकाश पाल उर्फ कलुआ उर्फ दुर्लभ बताया। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसकी जेब से 35 ग्राम स्मैक बरामद की। पूछताछ में बताया कि ट्रांजिट कैंप का रहने वाला महादेव स्मैक को बेचता है। पुलिस ने आरोपी पर रिपोट दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

# बीयर बार बंद कराने को किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : जिला सैनी सभा ने अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव इमली वाली मढैया में अंशुमन बीयर बार को बंद कराने के लिए प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में विरोध-प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी को ज्ञापन सौंपकर बीयर बार को तत्काल बंद कराने की मांग की।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि बीयर बार आबादी के बीच संचालित की जा रही है, यहां कुछ ही दूरी पर मंदिर भी है। बीयर बार के कारण इलाके का माहौल बिगड़ रहा है और कई गंभीर घटनाएं हो चुकी है। बार से निकलने वाले लोग महिलाओं को घूरते है और टिप्पणियों करते हैं। हाल ही में बीयर बार के सामने हादसे में युवक (सोनू) घायल हुआ था, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पहले भी कई घटनाएं हो चुकी हैं। पदाधिकारियों ने बीयर बार का संचालन बंद नहीं होने पर आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी। इस दौरान अध्यक्ष जगदीश सिंह सैनी, नरेश कुमार, मंगतराम सैनी के अलावा भाजपा नगराध्यक्ष प्रेम सिंह सैनी, डॉ. केएस सैनी, आदेश सैनी, विनोद कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते संगठन के पदाधिकारी व महिलाएं। ● अमृत विचार

- नशे में महिलाओं पर की जा रही अश्लील टिप्पणियां
- संगठन के पदाधिकारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

### मयंक बने रामलीला कमेटी अध्यक्ष

**अमरोहा,** : जोया में रामलीला कमेटी के चुनाव में मयंक कुमार मोनू को अध्यक्ष चुना गया। दो अक्तूबर से शुरू होने वाली रामलीला 13 अक्टूबर तक चलेगी।

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम FARAH ATHAR KHAN से बदलकर FARHA ATHAR KHAN W/o ATHAR PARVEZ KHAN R/o 57 चौक मोहम्मद सईद खां, रामपुर, रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम I N S H A AHMAD से बदलकर SYEDA INSHA AHMAD रख लिया है। सय्यदा इन्शा अहमद पुत्री श्री सय्यद जैद महमूद निवासी शाहबाद गेट, अट्टा अल्लानूर रामपुर।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा पुत्र शहजाद व पुत्रवधु महरू निशा गलत संगत में पड़ गए हैं। जो मेरे परिवार के सदस्यों से आए दिन झगड़ा व मारपीट करते रहते हैं। मैं स्वेच्छा से अपने पुत्र शहजाद व पुत्रवधू महरु निशा को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए अपने व परिवार के सदस्यों से संबंध विच्छेद करता हूं। दोनों के द्वारा किसी प्रकार के लेन-देन व कुकृत्यों के वह स्वयं उत्तरदाई होंगें। यह दोनों किसी भी संगीन वारदात को अंजाम दे सकते हैं। बाबू खां पुत्र उजिरा निवासी ग्राम बैरमपुर तहसील, कांठ थाना -छजलैट जनपद मुरादाबाद (उ०प्र०)

## आसपास-उत्तराखंड

# दहेज की वजह से धर्मांतरण के जाल में फंस रही हैं मुस्लिम लड़कियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- उर्स-ए-रजवी में हुई कॉन्फ्रेंस में बोले उलमा
- युवाओं पर सोशल मीडिया के असर पर की चर्चा

**अमृत विचार** : दहेज की वजह से हमारी बेटियों के कदम बहक रहे है। यही एक ऐसी सामाजिक बुराई है जिसकी वजह से हाल के दिनों में हमारी न जाने कितनी बेटियां गैरों के साथ चली गईं। इसलिए मुसलमानों को चाहिए कि बेटियों को दहेज के बजाय विरासत में हिस्सा दें। मां-बाप के साथ भाई भी उनका खास ख्याल रखें। सही उम्र में उनकी शादी करें और शादियों में फिजूलखर्ची और गैर शरई रस्मों से भी दूरी बनाएं।

उर्स-ए-रजवी के दूसरे दिन शुक्रवार को इस्लामिया ग्राउंड पर आयोजित कॉन्फ्रेंस में उलमा ने यह बात कही। दरगाह प्रमुख मौलाना सुब्हान रजा खान सुब्हानी मियां की सरपरस्ती और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी अहसन मियां की सदारत में हुई इस कॉन्फ्रेंस में नबी की शान औ अजमत, दहेज हटाओ बेटी बचाओ, मुसलमानों में फैली सामाजिक बुराइयों और मुस्लिम नौजवानों पर सोशल मीडिया के असर जैसे मुद्दों पर देश भर से आए उलमा ने बात रखी। कहा, मरकज-ए-अहले सुन्नत और दरगाह प्रमुख सुब्हानी मियां के पैगाम के मुताबिक वक्त की जरूरत है कि निकाह को आसान किया जाए। सय्यद आसिफ मियां की निगरानी में हुई कॉन्फ्रेंस की निजामत कारी यूसुफ रजा संभली ने की। कॉन्फ्रेंस में मदरसा मंजर ए इस्लाम के सदर मुफ्ती आकिल रजवी, दक्षिण अफ्रीका के सूफी कैसर गुमान, मॉरिशस के सूफी मोइनुद्दीन अल्लाह बख्श, अफ्रीका के पीर नेहाल खोची, नेपाल के मौलाना फूल नेमत रजवी, अंडमान निकोबार के मौलाना अब्दुल जलील, मुफ्ती कफील हाशमी, मुफ्ती अफरोज आलम, मौलाना अख्तर, कारी अब्दुर्रहमान कादरी, मुफ्ती इब्राहीम, कारी सखावत हुसैन, कारी इकबाल मुरादाबादी समेत कई उलमा ने हिस्सा लिया।

मुख्य वक्ता मुफ्ती सलीम नूरी ने कॉन्फ्रेंस को खिताब करते हुए कहा कि आज देश में कोई भी सस्ती शोहरत के लिए नबी की शान में गुस्ताखी कर देता है। ये लोग समाज और देश की एकता के लिए खतरा है। उन्होंने भारत सरकार से मांग की कि देश में किसी भी धर्म पर गलत बयानबाजी रोकने के लिए सख्त कानून बनाया जाए। उलमा ने कहा कि मुस्लिम नौजवान नशे का आदी हो रहा है। मां-बाप को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। सोशल मीडिया का भी सही इस्तेमाल करना होगा, सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल के कारण कितने नौजवान जेलों में बंद है।

### आज दोपहर होगा कुल शरीफ

**बरेली, अमृत विचार** : उर्स-ए-रजवी के आखिरी दिन शनिवार को इस्लामिया ग्राउंड पर सुबह 8 बजे महफिल का आगाज होगा। दोपहर 2 :38 बजे आला हजरत के कुल शरीफ के साथ तीन रोजा उर्स पूरा हो जाएगा। इस्लामिया ग्राउंड के साथ दरगाह आला हजरत, दरगाह ताजुशशरिया और मथुरापुर के मदरसा जमियतुर्रजा में भी आला हजरत के कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी।

### बुलडोजर के खिलाफ आवाज उठाएं राहुल गांधी

**बरेली, अमृत विचार** : उर्स-ए-रजवी के मौके पर चादर लेकर दरगाह आला हजरत पहुंचे कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रतिनिधिमंडल को रजा एक्शन कमेटी की ओर से पांच सूत्री ज्ञापन दिया। इसमें नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से बुलडोजर के खिलाफ आवाज उठाने समेत कई मांगें की गई हैं। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने रजा एक्शन कमेटी के अध्यक्ष मौलाना अदनान रजा कादरी से मुलाकात की। इसी दौरान आरएसी ने ज्ञापन सौंपा। इसमें पैगंबर मोहम्मद साहब पर टिप्पणी करने वालों पर कार्रवाई, जेल में बंद उलमा की रिहाई में सहयोग करने, सरकार के बुलडोजर एक्शन के खिलाफ आवाज उठाने और फलस्तीनी लोगों की मदद करने की अपील की गई है। इस मौके पर मौलाना हम्माद रजा कादरी, मुफ्ती उमर रजा, हाफिज इमरान बरकाती, मुशाहिद रफत, हनीफ अजहरी, अब्दुल लतीफ कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे।

## दुष्कर्म के आरोप में दो किशोर गिरफ्तार

**बरेली/भोजीपुरा, अमृत विचार** : सामूहिक दुष्कर्म से आहत छात्रा के आत्मदाह के मामले में पुलिस ने दोनों किशोरों को गिरफ्तार कर बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया।

26 अगस्त को कक्षा नौ की छात्रा के साथ गांव के ही दो किशोरों ने दुष्कर्म किया था। 27 अगस्त को किशोरी ने आग लगाकर आत्मदाह कर लिया था। छात्रा के पिता ने गांव के दो किशोरों पर थाना भोजीपुरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना भोजीपुरा पुलिस ने दोनों किशोरों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि किशोरी और उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। दूसरे दिन किशोरी ने क्यों आत्महत्या की, इसकी जानकारी नहीं है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को सामूहिक दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर बाल संप्रेक्षण गृह भेजा है।

### मेडिकल इमरजेंसी बता ठगे 35 हजार

**हल्द्वानी** : मोटाहल्दू निवासी महेश पांडे ने पुलिस को बताया कि 29 अगस्त को उन्हें फोन करने वाले ने खुद को रिश्तेदार बताकर 35 हजार रुपये ठग लिए।

**कार्यालय उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

पत्रांकः- C-197 / उप०नि०/ भवन/प्रेस विज्ञप्ति/2024-25 दिनांक 06/08/2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद का कार्यालय स्थापित किये जाने हेतु एक भवन की आवश्यकता है जिसमें 03 बडे कमरे, 2-टायलेट, 1-बडा हॉल, भवन में रैम्प की सुविधा हो एवं सुलभ यातायात हेतु रास्ते पर कुल भवन की लम्बाई-चौड़ाई 150 वर्ग मी0 से 200 वर्ग मी० के मध्य होनी चाहिए। जिसका किराया वित्तीय एवं लेखा विभाग के शासनादेश (संख्या-ए-2-1092/दस-2011-24 (7)-95 दिनांक 25 नवम्बर, 2011) में निहित मकान किराया रू. 10/- वर्ग फुट एवं जिलाधिकारी द्वारा किराये के औचित्य प्रमाण पत्र के आधार पर विभागाध्यक्ष द्वारा निर्धारित किया जायेगा। इच्छुक भवन स्वामी कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, मुरादाबाद, कांठ रोड, विकास भवन, कक्ष संख्या-जी 14 में भवन किराए पर देने हेतु सहमति प्रार्थना पत्र 07 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते है।

(संतोष कुमार)
उपनिदेशक,
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग,
मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मलकपुर विकास खण्ड कुन्दरकी (मुरादाबाद)**

पत्रांक : मीमो/ग्राम पं. एस.वी.एम.(जी) फेज-2/ओ.डी.एफ. मॉडल ग्राम/2024-25 दिनांक: 31.08.2024

**अल्पकालीन निविदा सामग्री आपूर्ति**

स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) फेज-02 योजनान्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)/15वॉ वित/मनरेगा की धनराशि के सापेक्ष, सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा, सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट, सामुदायिक कचरा पात्र,सिल्ट केचर, फिल्टर चैम्बर, दीवार चित्रण, साइकिल रिक्शा/ई-रिक्शा क्रय, इन्सीनेटर/भस्मक क्रय, RRC कूड़ा कलेक्शन,सामुदायिक सोकपिट,सामुदायिक लीचपिट,हैण्डपम्प सौकपिट,किचन गार्डन आदि हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रस्तावित है।

| क्र.सं. | कार्य का प्रकार | कार्य की मात्रा/नग | वित्त पोषक योजना | प्रति नग लागत | अनुमानित धनराशि | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | व्यक्तिगत खाद गड्ढा (कम्पोस्ट पिट) | 3 | मनरेगा | 4500 | 13500 | – | – | 3 माह |
| 2 | सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट | 7 | SBM(G) | 14500 | 101500 | 2% | 200/- | 3 माह |
| 3 | सामुदायिक नाडेप (कम्पोस्ट पिट) | 1 | 15वॉ वित्त | 18000 | 18000 | – | – | 3 माह |
| 4 | सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र | 1 | SBM(G) | 17500 | 17500 | – | – | 3 माह |
| 5 | सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र | 4 | 15वॉ वित्त | 17500 | 70000 | – | – | 3 माह |
| 6 | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट | 1 | SBM(G) | 65000 | 65000 | – | – | 3 माह |
| 7 | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट | 1 | 15वॉ वित्त | 65000 | 65000 | – | – | 3 माह |
| 8 | कचरा वाहन (साईकिल रिक्शा/ई-रिक्शा) | 1 | SBM(G) | 165850 | 165850 | 2% | 200/- | 3 माह |
| 9 | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र | 1 | SBM(G) | 250000 | 250000 | 2% | 500/- | 3 माह |
| 10 | सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिनेटर (भस्मक) | 1 | 15वॉ वित्त | 10000 | 10000 | – | – | 3 माह |
| 11 | सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोकपिट | 1 | 15वॉ वित्त | 15000 | 15000 | – | – | 3 माह |
| 12 | सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोकपिट | 1 | मनरेगा | 15000 | 15000 | – | – | 3 माह |
| 13 | सिल्ट कैचर (नालियों पर) | 16 | 15वॉ वित्त | 3000 | 48000 | – | – | 3 माह |
| 14 | फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाशय पर) | 1 | 15वॉ वित्त | 45000 | 45000 | – | – | 3 माह |
| 15 | किचन गार्डन | 1 | मनरेगा | 3500 | 3500 | – | – | 3 माह |
| 16 | हैण्डपम्प पर सोकपिट/सेनेटरी इम्पुवमेंट | 4 | 15वॉ वित्त | 8500 | 34000 | – | – | 3 माह |
| 17 | सेप्टिक टैंक ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट | 1 | 15वीं वित्त | 22650 | 22650 | – | – | 3 माह |
| 18 | सेप्टिक टैंक ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट | 2 | मनरेगा | 22650 | 45300 | – | – | 3 माह |
| 19 | दीवार चित्रण | 16 | 15वॉ वित्त | 850 | 13600 | – | – | 3 माह |

उपरोक्त कार्य ग्राम पंचायत में कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था या फर्म के चयन हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की नियम व शर्तें विस्तृत निविदा पत्र में अंकित है, जिसे ग्राम पंचायत के कार्यालय (ग्राम सचिवालय) में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा दाताओं की GST फर्म का रजिस्ट्रेशन प्रमाणित पैन कार्ड की छायाप्रति एवं सम्बन्धित अभिलेख का संलग्न होना आवश्यक है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पं0 को होगा। अनुमानित धनराशि कम या अधिक हो सकती है। 2% धरोहर धनराशि ग्राम पंचायत के नाम से डिमांड ड्राफ्ट या एफ.डी.आर. या चेक से जमा किया जायेगा। अल्पकालीन निविदा के सापेक्ष आवेदन को पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से ग्राम सचिवालय में उपलब्ध कराया जा सकता है।

| क्रमांक | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रारम्भ | 31/8/2024 | 10.00 बजे सुबह |
| 2. | निविदा समाप्त | 9/9/2024 | 12.30 बजे दोपहर |
| 3. | निविदा खोले जाने का दिनांक | 9/9/2024 | 03.00 बजे दोपहर |

अवकाश होने पर उपरोक्त निविदा अगले दिन खोली जायेगी।

ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत मलकपुर वि0ख0 कुन्दरकी (मुरादाबाद)

# अंकपत्रों में संशोधन के लिए परेशान हो रहे छात्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कई बार चक्कर लगाने के बाद भी नहीं हुआ सुधार
- 360 आवेदनों में से 288 में किया गया संशोधन

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के अंकपत्र में संशोधन के लिए विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं। परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय में विद्यार्थी संशोधन के लिए पहुंच रहे हैं लेकिन कई महीने चक्कर लगाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। ज्यादातर छात्र पिछली साल के अंकपत्रों में अशुद्धियों को संशोधित कराने के लिए पहुंच रहे हैं।

परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों के अनुसार इस बार अंकपत्र में बहुत ही कम त्रुटियां रहीं हैं। वर्ष 2024 की परीक्षा के अंकपत्र में संशोधन के लिए बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, मुरादाबाद, अमरोहा, संभल, रामपुर और बिजनौर के विद्यार्थियों के ग्रीवांस सेल के माध्यम से 360 आवेदन आए थे। इनमें से 288 का संशोधन हो चुका है, जबकि बाकी अंकपत्रों की दूसरी प्रति तैयार कराने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

**तीन माह बाद भी नहीं हुआ अंकपत्र में संशोधन** : बदायूं से अंकपत्र में संशोधन के लिए गुरुवार को पहुंचे अशोक मौर्य ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2023 में 10 वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनके पिता के नाम और जन्मतिथि में त्रुटि हुई है। इसके लिए करीब तीन महीने पहले आवेदन किया था लेकिन तीन अब तक संशोधन नहीं हुआ। छात्र अब तक तीन बार कार्यालय का चक्कर काट चुके हैं।

## झाड़ियों में क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी

**जसपुर, अमृत विचार** : पतरामपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में सड़क किनारे झाड़ियों में क्षत-विक्षत शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। करीब एक महीने पुराना शव कंकाल में तब्दील हो गया है।

गांव बढ़ियो वाला के प्रधान विजय पाल ने शुक्रवार को पुलिस को सूचना दी कि समीपवर्ती गांव जगदीशावाला के श्मशान घाट के पास गांव मलपुरी के रास्ते के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने झाड़ियों के पास पड़े शव को सड़ी-गली हालत में पाया, जो कंकाल में तब्दील हो गया था। पुलिस के अनुसार बरामद शव करीब एक माह पुराना है। पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया गया। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र चौधरी के निर्देशन में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय काशीपुर भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार बरामद शव किसी दूसरे क्षेत्र से लाकर यहां फेंका गया लग रहा है।

उधर, जसपुर कोतवाली क्षेत्र में पिछले करीब 6 माह में अब तक पांच अज्ञात व्यक्तियों के शव बरामद हो चुके हैं। जिनमें से कुछ शव शराब पीकर मरने वालों के शामिल बताए गए हैं।

# स्कूल से घर जा रहे छात्र पर हथियार से हमला

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार** : स्कूल से घर जा रहे 12 वीं के छात्र के साथ नागनाथ मंदिर के पास मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने छात्र को हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पास मौजूद लोगों ने छात्र को बचाया और अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

शुक्रवार को दुर्गा कॉलोनी निवासी संजय शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र वंश शर्मा उदय राज हिंदू इंटर कॉलेज में कक्षा 12वी का विद्यार्थी है। उन्होंने बताया कि कुछ समय पूर्व उसके पुत्र की जसपुर खुर्द निवासी एक युवक से दोस्ती हुई थी। बताया कि युवक आपराधिक किस्म है इसलिए परिजनों ने वंश से दोस्ती नहीं रखने कहा। इससे नाराज होकर आरोपी युवक ने शुक्रवार की दोपहर उसके पुत्र के स्कूल से घर जाने के दौरान उससे धारदार हथियार से मारपीट कर दी। मारपीट से उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### किशोरी लापता

**काशीपुर, अमृत विचार** : केशवपुरम निवासी एक व्यक्ति ने आईटीआई पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी एक 17 वर्षीय किशोरी है। बताया कि बीती 27 अगस्त को रोज की तरह ही घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। स्कूल की छुट्टी होने के बाद भी जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने स्कूल जाकर पता किया, तब पता चला की उनकी पुत्री स्कूल नहीं आयी थी। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू की है।

# हम स्कूली बच्चों की सुरक्षा को चिंतित, नहीं टूट रही है सरकार की नींद : हाईकोर्ट

## अगर शपथ पत्र नहीं हुआ संतोषजनक तो तलब होंगे मुख्य सचिव : लखनऊ बेंच

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुरूप स्कूलों में सुरक्षा उपाय न करने पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया है। न्यायालय ने कहा है कि हमारे समक्ष भारी मात्रा में दस्तावेज प्रस्तुत कर दिए गए लेकिन एक भी दस्तावेज में स्कूली संस्थानों के निरीक्षण की बात नहीं है। न्यायालय ने अविनाश मेहरोत्रा मामले में शीर्ष अदालत द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुपालन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देने के लिए प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी को नियुक्त करने व



उसे कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का आदेश दिया है। न्यायालय ने इस सम्बन्ध में शपथ पत्र दाखिल करने का भी आदेश दिया है, साथ ही स्पष्ट किया है कि यदि कोर्ट शपथ पत्र को संतोषजनक नहीं पाती है तो मुख्य सचिव को तलब करेगी। मामले की अगली सुनवाई 5 सितम्बर को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने गोमती रिवर बैंक रेजीडेंट्स की ओर से वर्ष 2020 में दाखिल की गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। उक्त याचिका में शहर के आवासीय क्षेत्रों में चल रहे स्कूलों का मुद्दा खास तौर पर उठाया गया है। याचिका पर पूर्व में हुई सुनवाईयों के दौरान न्यायालय ने पाया कि सुप्रीम कोर्ट ने अविनाश मेहरोत्रा मामले में 14 अगस्त 2017 को बच्चों की सुरक्षा और स्कूलों में सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने को लेकर कुछ दिशानिर्देश जारी किए थे।

### बच्चों को कैम्पस के भीतर ही पिक-ड्रॉप कराएं

न्यायालय ने महत्वपूर्ण आदेश देते हुए कहा है कि हजरतगंज व राज भवन के आस-पास के स्कूली संस्थान कक्षा 5 तक के बच्चों को स्कूल परिसर के भीतर से ही पिक-ड्रॉप करने की सुविधा दें। न्यायालय ने कहा कि इसके लिए स्कूल वैन्स को अनुमति दी जाए। कहा कि सड़क के अनियंत्रित ट्रैफिक में बच्चों को खतरा है। इस सम्बन्ध में न्यायालय ने संयुक्त आयुक्त, ट्रैफिक पुलिस लखनऊ को इस आदेश का एक सप्ताह में अनुपालन कराने का आदेश दिया है। न्यायालय ने कहा है कि इस सम्बन्ध में स्कूलों को यदि कोई समस्या आती है तो वे संयुक्त आयुक्त के समक्ष अपनी बात रखेंगे। इसके साथ ही न्यायालय ने अगली सुनवाई पर संयुक्त आयुक्त को भी हाजिर होने का आदेश दिया है।

# 5 हजार की रिश्वत लेने में प्रधानाचार्य गिरफ्तार

**घाटमपुर (कानपुर), अमृत विचारः** सजेती क्षेत्र के महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज भदवारा में शुक्रवार को एंटी करप्शन टीम ने 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए कार्यवाहक प्रधानाचार्य को गिरफ्तार किया है। प्रधानाचार्य पर चतुर्थ श्रेणी में संविदा पर नौकरी देने के नाम पर 15 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप है।

कानपुर से पहुंचे एंटी करप्शन के इंस्पेक्टर सुशील पाराशर के नेतृत्व में टीम ने महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज भदवारा में छापेमारी कर कार्यवाहक प्रधानाचार्य रामप्रकाश वर्मा को 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा। प्रधानाचार्य कानपुर देहात के सिकंदरा क्षेत्र के बुढ़ेड़ा गांव के रहने वाले हैं। उन्हें प्रधानाचार्य कक्ष से रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया और गिरफ्तार कर घाटमपुर थाने लाया गया।

# बुलंदशहर में दिनदहाड़े भाजपा नेता की हत्या

बुलंदशहर, एजेंसी



- पोतियों को स्कूल छोड़कर लौट रहे थे बदमाशों ने 4 गोलियां मारी

यहां शुक्रवार की सुबह 8 बजे के करीब अहमदगढ़ क्षेत्र के गांव हसनगढ़ में दो पोतियों को स्कूल छोड़कर लौट रहे भाजपा नेता रामवीर कश्यप की बाइक सवार अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी। रामवीर कश्यप को हमलावरों ने 4 गोलियां मारी। सीने और सिर में गोली लगने से भाजपा नेता की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद हमलावर भाग गए। पुलिस ने बताया कि प्रथम द्रष्टया मामला रंजिश का लग रहा है। खुलासे के लिए 6 टीम गठित कर दी गई हैं। घटनास्थल से भी पुलिस को कुछ सबूत मिले हैं, जिनके आधार पर जांच की जा रही है। आसपास क्षेत्र के लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

डोमला ढकनंगला गांव निवासी 55 वर्षीय रामवीर कश्यप बुलंदशहर से मौजूदा भाजपा सांसद भोला सिंह के प्रतिनिधि भी रह चुके हैं। हत्या में राजनीतिक षड्यंत्र का भी शक जताया जा रहा है। रामवीर कश्यप एलआईसी में बतौर एजेंट भी काम करते थे। गांव के प्रधान भी रह चुके हैं। रामवीर की हत्या के बाद लोगों में आक्रोश है। एसएसपी श्लोक कुमार ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया, साथ ही मृतक प्रधान के परिवार से बात की। मृतक प्रधान के परिजनों का आरोप है कि पूर्व में भी रामवीर को जान से मारने की धमकी दी गयी थी।

# मदरसा में नकली नोट छापने वालों पर रासुका की तैयारी

**प्रयागराज, अमृत विचार।** अतरसुइया स्थित जामिया हबीबिया मस्जिदे आजम मदरसा में नकली नोट छापने के मामले में पुलिस ने बुधवार को आरोपी मोहम्मद तफसीरूल आरिफीन, जाहिर खान, मोहम्मद शाहिद और मोहम्मद अफजल को गिरफ्तार किया था। उनके पास नोट बनाने की सामग्री मिलने पर सिविल लाइंस थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस अब आरोपियों पर रासुका लगाने की तैयारी कर रही है। जामिया हबीबिया मस्जिदे आजम मदरसा में नकली नोट छापने वाले आरोपियों पर पुलिस रासुका लगाने की तैयारी कर रही है। आरोपी नकली नोट छापकर देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# गाजियाबाद में मुद्रा बदलने के नाम पर ठगी

गाजियाबाद, एजेंसी

- तीन पुलिसकर्मी सहित 6 आरोपी गिरफ्तार

जिले में मुद्रा बदलने के नाम ठगी करने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें तीन आरोपी सचिन, अनिल और संजय पुलिसकर्मी हैं, जो आगरा, हापुड़, और गाजियाबाद में तैनात हैं। एसीपी सुरेंद्र नाथ तिवारी के अनुसार इन्द्रापुरम निवासी पीड़ित मोहम्मद शादाब ने थाना वेवसिटी में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार, दो अज्ञात व्यक्ति और दो पुलिस वर्दीधारी ने एक सफेद फार्च्यूनर कार में बैठकर उनसे और उनके भाई मेहराज एवं बहनोई डॉक्टर मौहतरम से 12.5 लाख रुपये ठगी कर ली। उन्होंने भारतीय मुद्रा के बदले दुबई की मुद्रा देने का लालच दिया था, लेकिन बदले में नकली पैकेट थमा दिया।

शुक्रवार को चेकिंग के दौरान मैनुअल इनपुट की मदद से 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इन आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 4,36,000 रुपये भी बरामद किए। एसीपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि इस ठगी की साजिश में तीन सिपाही मुख्य भूमिका में थे. ये तीनों पुलिसकर्मी अपने पद का दुरुपयोग करते हुए डॉक्टर मौहतरम के साथ मिलकर ठगी को अंजाम दे रहे थे।

# राजेश वर्मा बने पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार की अनुशंसा के बाद राज्यपाल ने उप्र पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग में करीब ढाई साल से खाली पड़ी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत 27 सदस्यों को नामित करने की स्वीकृति दे दी है। लखनऊ निवासी पूर्व सांसद राजेश वर्मा को अध्यक्ष और मीरजापुर के सोहनलाल श्रीमाली और रामपुर के सूर्य प्रकाश पाल को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

यह जानकारी देते हुए पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा ने बताया कि चंदौली के सत्येंद्र कुमार बारी, सहारनपुर के मेलाराम पवार, अयोध्या के वासुदेव मौर्य, कुशीनगर के फुल बदन कुशवाहा आदि को सदस्य बनाया गया है।

# सीतापुर से हरिद्वार जा रही बस सांड़ से टकराकर पलटी, 18 श्रद्धालु घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** सीतापुर से हरिद्वार जा रही तीर्थयात्रियों की बस हाईवे पर सांड़ से टकराकर पलट गई। हादसे में 18 यात्री घायल हो गए। दो की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज से लखनऊ रेफर कर दिया गया। घटना के बाद चालक बस छोड़कर भाग गया।

सीतापुर जिले के हरगांव थाना क्षेत्र के कई गांवों के 55 तीर्थयात्री बस से हरिद्वार जा रहे थे। गुरुवार रात 12:30 बजे हाईवे पर बाड़ीगांव मोड़ पर एक ढाबे के सामने छुट्टा पशुओं का झुंड आ गया। चालक ने पशुओं को बचाने



मौके पर मुआयना करते अफसर।

का प्रयास किया। रामचंद्र मिशन और रोजा थाने की पुलिस ने लोगों की मदद से तीर्थ यात्रियों को बस से निकाला।

हादसे में सीताराम पुरवा निवासी बाल गोविंद, राजू, विशंभर, ज्ञानवती, गोमती, गांव नौनेर के दयाराम, जरमापुर की

- गुरुवार देर रात हुआ हादसा, दो की हालत गंभीर, लखनऊ रेफर
- बस में सवार थे 55 लोग, दुर्घटना के बाद चालक फरार

लज्जावती, चांदपुर के शत्रुघ्न, उदयराज, कमला देवी, लक्ष्मणपुर के मूलचंद्र, उनकी पत्नी मूला देवी, ताहरपुर के उमेश, कटयारा गांव की मोहिनी देवी, महबूब खेड़ा की किरण, थाना तालगांव के कहमारा गांव के आशीष, कटियारा की रिंकी देवी, ध्रुव भी घायल हो गए। गंभीर घायल बाल गोविंद और राजू को लखनऊ रेफर कर दिया गया। बस का चालक भाग गया।

# कानपुर में फांसी लगाने से हुई थी महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पति के पत्नी की पीट-पीटकर हत्या करने की अफवाह उड़ी थी

**अमृत विचारः** गंगापुर कॉलोनी में संदिग्ध हालत में घर में मृत मिली महिला का शुक्रवार को पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की फांसी लगाने से मौत की पुष्टि हुई। मायके पक्ष से शिकायत न मिलने पर पुलिस ने पति को छोड़ दिया। गुरुवार रात पड़ोसियों ने महिला के चीखने की आवाज सुनी थी, जिस पर पड़ोसियों ने पति को बच्चे के साथ पकड़ लिया था। पति के पत्नी की हत्या कर देने की अफवाह उड़ गई थी।

मूलरूप से साढ़ के पासीपुरवा निवासी ई-रिक्शा चालक अजय कुमार तीन वर्षों से गंगापुर ईडब्लूएस कॉलोनी में पत्नी सोनी (28) व बेटे अभय (5) के साथ रहता है। गुरुवार रात पड़ोसियों ने बताया था कि अजय नशे की हालत में घर पहुंचा था, इसके बाद पति पत्नी में झगड़ा हुआ। देर रात अजय बेटे को लेकर भागता हुआ दिखा तो लोगों ने पकड़ लिया। उसे घर में लेकर पहुंचे तो सोनी का शव जमीन पर पड़ा था, लोगों ने पुलिस को हत्या की सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा कर पति को हिरासत में ले लिया था। शुक्रवार को पोस्टमार्टम हुआ, जिसमें फांसी लगाने से मौत की पुष्टि हुई।

# विद्युत आपूर्ति की बाधाओं को करें दुरुस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ऊर्जा मंत्री ने विद्युत चोरी करने वाले वालों पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

**अमृत विचारः** उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण अनवरत विद्युत आपूर्ति मिले, आगामी गर्मी में विद्युत आपूर्ति में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो, लोगों को बार-बार की ट्रिपिंग से मुक्ति मिले, इसके लिए व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण पर गंभीरता से काम किया जाए। निर्माणाधीन उपकेंद्रों के निर्माण कार्यों को समय से पूरा किया जाए। विद्युत की सुचारू आपूर्ति में आ रहे व्यवधानों को आगामी 04 महीने में दुरुस्त करें। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री ने शुक्रवार को नोएडा, ग्रेटर नोएडा, जेवर एवं दादरी सहित गौतमबुद्धनगर जिले की विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, विद्युत आपूर्ति, चल रहे विकास कार्यों की प्रगति आदि की नोएडा में समीक्षा की। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि जिन क्षेत्रों में लो-वोल्टेज, ओवरलोडिंग आदि की समस्या है, वहां ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि के साथ ही, विद्युत चोरी की आशंका से अभियान भी चलाया जाए। उन्होंने विद्युत चोरी करने वाले वालों पर सख्त कार्रवाई करने तथा बड़े बकाएदारों से बकाया वसूलने के भी निर्देश दिए।

# सिपाही भर्ती परीक्षा: प्रपत्रों से छेड़छाड़ में तीन गिरफ्तार

**कानपुर, अमृत विचारः** सिपाही भर्ती परीक्षा में शुक्रवार को दो थानाक्षेत्रों में तीन अभ्यर्थी गिरफ्तार किए गए। परीक्षार्थियों के आधार कार्ड तथा हाईस्कूल की मार्कशीट में रिकार्ड में अंतर पाया गया।

नजीराबाद थानाक्षेत्र में एएनडी कॉलेज हर्ष नगर परीक्षा केन्द्र से दो को गिरफ्तार किया गया। नजीराबाद थाना प्रभारी अमान सिंह ने बताया कि राजेश सिंह मथुरा और चरन सिंह मैनपुरी को प्रपत्रों में छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की गई। इसी प्रकार छावनी थानाक्षेत्र में स्थित जुहारी देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में प्रथम पाली में अभ्यर्थी प्रदीप सिंह निवासी खिरिया नगवा, चितैन, किसनी, मैनपुरी के प्रपत्रों में अंतर मिला। सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# तेज रफ्तार कार ने 6 छात्रों समेत 12 को रौंदा

बांदा, संवाददाता

**अमृत विचार :** बेकाबू कार ने 6 छात्रों समेत 12 राहगीरों को रौंद दिया सभी लोग घायल हो गए। इसमें दो छात्रों को गंभीर चोटें आईं। बाकी घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना से आक्रोशित छात्रों और ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। जाम काफी देर तक लगा रहा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया।

शुक्रवार की दोपहर ओरन कस्बे में स्थित इंटर कालेज की छुट्टी हुई थी। सभी छात्र स्कूल से निकल कर सड़क पर आ गए। इसी बीच अतर्रा



दुर्घटनाग्रस्त कार व जाम लगाए कस्बेवासी व छात्र। ● अमृत विचार

की तरफ से आ रही बेकाबू कार ने छात्रों, आटो रिक्शा, बाइक चालकों को टक्कर मारते हुए कालका शिवहरे की मिठाई की दुकान में जा घुसी। हादसे में राहगीर और छात्रों समेत 12 लोग घायल हो गए। घायलों में छात्र बुद्ध विलास यादव पुत्र रामनिहोर निवासी उतरवां, रोहित, प्रशांत, ओमकार, अमर कुशवाहा, लवकुश कुशवाहा, के अलावा अन्य राहगीर

- घटना से उत्तेजित छात्रों व ग्रामीणों ने लगाया जाम

राजेश उतरवां, विनोद तेंदुरा, निर्मला बिसंडी, लवकुश चुहका पुरवा भी घायल हो गए। सभी घायलों को नजदीक स्थित अस्पताल में इलाज कराया गया। जहां डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल छात्र बुद्धविलास और रोहित को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे से आक्रोशित छात्रों और ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। जाम काफी देर तक लगा रहा। एसडीएम अतर्रा रविंद्र कुमार भी पहुंच गए। किसी तरह छात्रों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया।

# भाजपा सरकार में बदली देश व प्रदेश की तस्वीर: चौधरी

**लखनऊ, अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार में देश व प्रदेश की तस्वीर बदली है। सशक्त भाजपा-विकसित भारत के संकल्प के साथ सदस्यता अभियान में केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं व नीतियों को लेकर जनता के बीच पहुंचेंगे और विपक्ष द्वारा फैलाये गई झूठ, भ्रम व देश व समाज को तोड़ने की राजनीति को बेनकाब करने का काम करेंगे। वे शुक्रवार को भाजपा के राज्य मुख्यालय पर विभाग एवं प्रकोष्ठों की सदस्यता अभियान को लेकर आयोजित प्रदेश कार्यशाला में बोल रहे थे। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है। सदस्यता अभियान के माध्यम से व्यापक जनसंपर्क करते हुए जनमानस को भाजपा परिवार से जोड़ने का काम करना है।

## वर्ग पहेली-177

**बाएं से दाएं**

1. स्वामित्व, वह हक या धन जो किसी चीज़ के मालिक को उसके स्वामित्व के बदले में मिलता हो।

5. 1. भांजने की क्रिया या भाव 2. भांजने का पारिश्रमिक 3. रुपयों या सिक्कों आदि को भुनाने के लिए दी जाने वाली राशि, भुनाई 4. कागज़ को परतों में मोड़ने की क्रिया।

6. वाक्य में पदों (शब्दों) को जोड़ने या बिठाने की क्रिया या भाव।

8. 1. निराहार 2. भोजनार्थी 3. जिसको भोजन न मिला हो 4. किसी चीज़ की चाह रखने वाला।

9. सप्ताह का एक दिन, इतवार, आदित्यवार।

**ऊपर से नीचे**


2. 1. वह व्यक्ति जो धनवान के साथ-साथ कंजूस भी हो 2. मुसलमानी कथाओं में एक धनवान और कंजूस मिथकीय चरित्र जो हजरत मूसा का चचेरा भाई था।

3. 1. शर्म में पड़ना, लज्जित होना 2. सकुचाना, संकोच करना, लाज या शर्म से सिर नीचा करना।

4. ईसवी कैलेंडर का वह वर्ष जिसमें 366 दिन होते हैं, वह ईसवी सन जिसमें फ़रवरी का महीना 29 दिन का हो; अधिवर्ष।

5. भग्न होना, टूटना, टुकड़े-टुकड़े होना।

7. एक पौधा जिसके बीज के अंदर का सफ़ेद हिस्सा खाने में उपयोग होता है, एक प्रसिद्ध मेवा, तालमखाना।



### वर्ग पहेली -176 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | रि | स | मा | प | 2 न |
| | | | | | की |
| | 3 म | | 4 ले | | ब |
| 5 का | ट | 6 क | प | ट | |
| | 7 र | ला | ना | | 8 सु |
| 9 गं | | वा | | | दू |
| 10 धा | ता | | 11 ज | वा | र |

## सुडोकू -90

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 7 | | | 3 | 1 | | |
| | | 3 | | | | | 4 | |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | 9 |
| | | | 9 | 1 | | 3 | | 2 |
| 9 | 4 | | | | | | 5 | 7 |
| 3 | | 8 | | 5 | 6 | | | |
| 2 | | 5 | | 7 | | 4 | | |
| | 1 | | | | | 8 | | |
| | | 9 | 4 | | | 2 | | 1 |

### सुडोकू -89 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 | 1 | 9 | 8 |
| 8 | 9 | 5 | 1 | 7 | 6 | 2 | 4 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 5 | 8 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 8 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 | 2 |
| 3 | 5 | 7 | 8 | 2 | 1 | 4 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 | 1 | 5 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 9 | 3 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 अगस्त शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 1 सितंबर 03 .40 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**मेष:** आज कारोबार में आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। प्रशासन से संबंधित जातकों को व्यावसायिक सफलता मिल सकती है। लेखन से जुड़े लोग कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। अनावश्यक कार्यों में अपना कीमती समय बर्बाद न करें।

**वृष:** आज लंबी यात्रा पर जाने का विचार बनाएंगे। मनोवांछित परिणाम मिलने से उत्साहित रहेंगे। विवाह योग्य जातकों को उत्तम रिश्ते मिल सकते हैं। कार्यक्षमता के अनुसार काम करने से लाभ प्राप्त होगा। कला, साहित्य और संगीत में आप रुचि लेंगे।

**मिथुन:** आज संतान के व्यवहार से बहुत खुश होंगे। लोग आपसे मार्गदर्शन की अपेक्षा रखेंगे। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। राजनीतिक संपर्कों का लाभ उठाएंगे। शेयर मार्केट और बैंकिंग से जुड़े लोगों को उत्तम लाभ प्राप्त होगा।

**कर्क:** आज व्यापार में जबरदस्त लाभ मिल सकता है। पद और अधिकार की आकांक्षा बढ़ेगी। बिना कहे लोगों की सहायता करेंगे, जिससे आपका यश बढ़ेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी। प्रत्येक कार्य को सलीके से करने का प्रयास करें।

**सिंह:** आज विरोधी आपका मजाक उड़ा सकते हैं। दांपत्य जीवन में अनबन हो सकती है। अचानक अतिथियों के आगमन से परेशान हो सकते हैं। कारोबार को लेकर किसी विशेषज्ञ की सलाह ले सकते हैं। सरकारी कार्यों में थोड़ी बाधा आ सकती है।

**कन्या:** आज मन में कुछ नया और प्रयोगात्मक करने की इच्छा होगी। रोजमर्रा के कार्यों में आपका मन लगेगा। नई स्थितियों के साथ तालमेल बिठाने में आसानी होगी। धन की स्थिति काफी मजबूत होगी। ऑफिस में आपके कार्यों की प्रशंसा हो सकती है।

**तुला:** आज दोस्तों के साथ शॉपिंग करने जा सकते हैं। अधिकारी वर्ग से आपके संबंध मधुर होंगे। कारोबार में आ रही अड़चनें पूरी तरह से दूर होंगी। घर का माहौल काफी शांत रहेगा। धार्मिक स्थल पर एकांत में समय बिताएंगे।

**वृश्चिक:** आज आपको कर्ज लेना पड़ सकता है। कहीं बाहर खाने का विचार बना सकते हैं। अपने सिद्धांतों के साथ समझौता न करें। गृहस्थ जीवन में सुख और संतोष की अनुभूति होगी। विदेश से जॉब के प्रस्ताव आपको मिलेंगे।


**धनु:** आज अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। व्यस्तता के बावजूद परिवार को समय देंगे। विद्यार्थी वर्ग के लिए समय बहुत ही अच्छा है। आपके स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। प्रबंधन क्षेत्र से जुड़े लोगों को बेहतरीन परिणाम मिलेंगे।

**मकर:** आज पुराने अटके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। अपने काम को अन्य लोगों के बीच बांट दें। लवमेट के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। व्यवसाय में आपको काफी बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। नौकरी-व्यवसाय से जुड़े मुद्दे हल हो जाएंगे।

**कुंभ:** आज कार्यशैली में समय के अनुसार परिवर्तन लाना उचित होगा। मार्केटिंग और मीडिया से जुड़े लोगों को शानदार सफलता मिल सकती है। जॉब संबंधित इंटरव्यू के लिए जा सकते हैं। आपकी परिस्थितियां अनुकूल रहने वाली है।

**मीन:** आज किसी प्रिय व्यक्ति से शानदार मुलाकात होगी। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। बच्चों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें। कार्यक्षेत्र में सुखद अनुभव प्राप्त होंगे। घर में सुख-शांति बनी रहेगी। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 19 .39 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- शान — सुबह : 10 .35
- लश्कर — रात : 07 .50

&pictures
- भोला — सुबह : 11 .15
- कार्तिक कालिंग कार्तिक — रात : 08 .00

SONY PIX
- सैन एंड्रियास — सुबह : 10 .03
- एंजेल हैज फॉलेन — रात : 09 .00

ZEE ACTION
- रावण राज — सुबह : 10 .54
- दबंग 3 — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
- पावर अनलिमिटेड — सुबह : 09 .41
- भोला शंकर — रात : 08 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी एक्शन पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

छोरो- तू वाट्सऐप पर है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो मेरे घर हूं।
छोरो- मेरा मतलब है, वाट्सऐप यूज करती है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो गोरी होने के लिए क्रीम यूज करती हूं।
छोरो- मेरी मां वाट्सऐप चलाना आता है क्या?
छोरी- तू चला लेना मैं पीछे बैठ जाऊंगी।

पत्नी-मैं रोज पूजा करती हूं, काश एक दिन भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति- एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले, फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

## एक नजर

### यूको बैंक पर 2.68 करोड़ रुपये का लगा जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू खाता खोलने, जमा पर ब्याज दर और धोखाधड़ी वर्गीकरण सहित कुछ प्रावधानों के उल्लंघन के लिए यूको बैंक पर 2.68 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने शुक्रवार को बताया कि उसने अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) निर्देशों के कुछ प्रावधानों का अनुपालन न करने पर सेंट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड पर भी 2.1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि दोनों मामलों में जुर्माना नियामकीय अनुपालन के लिए लगाया गया है और इसका उद्देश्य इन इकाइयों द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर सवाल उठाना नहीं है।

### मुरादाबाद मंडी

**दालें :** दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

### मेंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक–990 फ्लेग–1115 डीएमओ–850 बोल्ड–1180
**चन्दौसी :** शिवालिक– 980 फ्लेग–1110 बोल्ड– 1160 डीएमओ– 880

### सर्राफा

मुरादाबाद

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 74,400 |
| चांदी आभूषण | 87,500 |

# देश की जीडीपी गिरी, जून तिमाही में 6.7%

## 15 महीने के निचले स्तर पर, फिर भी तेजी से बढ़ने वाली वैश्विक अर्थव्यवस्था बना भारत



नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली अप्रैल-जून तिमाही में घटकर 15 महीने के निचले स्तर 6.7% पर आ गई। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक कृषि और सेवा क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन से वृद्धि दर घटी है।

एक साल पहले वित्त 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 8.2% रही थी। अप्रैल-जून तिमाही में चीन की जीडीपी वृद्धि दर 4.7% रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर दो प्रतिशत रही। 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में यह आंकड़ा 3.7% था। दूसरी ओर विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि सालाना आधार पर 5 से बढ़कर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 7% हो गई।

**कृषि क्षेत्र में वृद्धि 3.7 से घटकर 2% रही :** कृषि क्षेत्र में जीवीए (सकल मूल्य वर्धन) वृद्धि 3.7 से घटकर 2% रह गई। वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं में जीवीए वृद्धि भी सालाना आधार पर 12.6 से घटकर 7.1% रह गई। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि जीडीपी वृद्धि 2023-24 की चौथी तिमाही के मुकाबले 2024-25 की पहली तिमाही में धीमी हो गई (7.8 प्रतिशत से घटकर पांच तिमाही के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत पर)।

### जुलाई में उद्योग के लिए बैंक कर्ज 10.2% बढ़ा

**मुंबई।** आरबीआई ने कहा कि जुलाई, 2024 में उद्योग को बैंक कर्ज 10.2% बढ़ा, जबकि पिछले साल यह 4.6% था। बैंक ऋण के संबंध में आरबीआई के अनुसार, कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए ऋण वृद्धि भी मजबूत रही। इसमें जुलाई, 2024 में 18.1 की वृद्धि दर्ज हुई, जो पिछले साल 16.7% थी। प्रमुख उद्योगों में रसायन और रासायनिक उत्पाद, खाद्य प्रसंस्करण, पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद और परमाणु ईंधन तथा बुनियादी ढांचे के लिए ऋण में जुलाई में सालाना आधार पर अधिक वृद्धि दर्ज की गई। मूल धातु और धातु उत्पाद तथा वस्त्र क्षेत्र के लिए ऋण में कमी आई।

### एचपीआई जून तिमाही में घटकर 3.3 प्रतिशत पर

**मुंबई।** अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) चालू वित्त वर्ष (2024–25) की अप्रैल–जून तिमाही में घटकर 3.3% रह गया। गत वर्ष यह 5.1% पर था। आरबीआई 10 प्रमुख शहरों में पंजीकरण प्राधिकरण से प्राप्त लेनदेन–स्तर के आंकड़ों पर एचपीआई जारी करता है। ये शहर– अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई हैं। आरबीआई ने कहा कि अखिल भारतीय एचपीआई में 2024–25 की पहली तिमाही में 3.3% की सालाना वृद्धि हुई। पिछली तिमाही में इसमें 4.1% और गत वर्ष 5.1% की वृद्धि हुई थी।

### आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटाकर 6.1% पर

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट से जुलाई में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटकर 6.1% रह गई है। हालांकि, यह मासिक आधार पर जून के 5.1% से ज्यादा रही है। शुक्रवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। जुलाई, 2023 में आठ बुनियादी उद्योगों– कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली क्षेत्र का उत्पादन 8.5% की दर से बढ़ा था। अप्रैल–जुलाई में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 6.1% बढ़ा है, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 6.6% की दर से बढ़ा था।

# वित्तिय प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विकास के लिए कार्यरत है सरकार : मोदी

मुंबई, एजेंसी



- ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में साइबर धोखाधड़ी रोकने तथा डिजिटल समझ बढ़ाने का किया आह्वान

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कहा कि सरकार वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत स्तर पर विभिन्न कदम उठा रही है। मोदी ने कहा कि इस क्षेत्र में 10 वर्षों में 31 अरब डॉलर से अधिक का निवेश हुआ है। एंजल टैक्स को समाप्त करना भी इस क्षेत्र की वृद्धि की दिशा में एक कदम है। उन्होंने नियामकों से साइबर धोखाधड़ी की जांच के लिए अतिरिक्त उपाय करने को कहा, जिसका स्टार्टअप पर बुरा असर हो सकता है।

प्रधानमंत्री पेमेंट्स काउंसिल ऑफ इंडिया, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और फिनटेक कन्वर्जेंस काउंसिल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) 2024 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नियामकों से साइबर धोखाधड़ी रोकने तथा लोगों की डिजिटल समझ बढ़ाने के लिए और कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वित्तीय सेवाओं के लोकतंत्रीकरण में वित्तीय प्रौद्योगिकी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी ने कहा कि भारत में वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र द्वारा लाया गया बदलाव केवल प्रौद्योगिकी तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका सामाजिक प्रभाव दूरगामी है।

### भारत डिजिटल भुगतान में वैश्विक नेता के रूप में खड़ा

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकियां वित्तीय समावेश का विस्तार करने, दक्षता में सुधार लाने और देश भर में वास्तविक समय में सेवाएं सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण रही हैं। दास ने कहा कि आज भारत डिजिटल भुगतान में वैश्विक नेता के रूप में खड़ा है, यह उपलब्धि सक्रिय नीति निर्माण को नवाचार तथा प्रौद्योगिकी प्रगति के साथ जोड़कर हासिल की गई है। नीति निर्माताओं, नियामकों और नवप्रवर्तकों के बीच सहयोग भारत की वित्तीय प्रौद्योगिकी यात्रा को परिभाषित करता है।

# सेबी ने 39 शेयर, सात जिंस ब्रोकर का पंजीकरण रद किया

नई दिल्ली, एजेंसी

- 22 डिपॉजिटरी प्रतिभागियों का भी पंजीयन हुआ निरस्त

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शुक्रवार को 39 शेयर ब्रोकर और 7 जिंस ब्रोकर का पंजीकरण रद कर दिया। पंजीकरण अनिवार्यताएं पूरी न करने पर ये कार्रवाई हुई है। नियामक ने उन 22 डिपॉजिटरी प्रतिभागियों का भी पंजीकरण भी निरस्त कर दिया, जो अब किसी भी डिपॉजिटरी से संबद्ध नहीं हैं।

सेबी ने तीन अलग आदेशों में कहा कि इन इकाइयों के पंजीकरण प्रमाणपत्र को रद करने का कारण उन्हें डिपॉजिटरी का सक्रिय भागीदार या मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज का सदस्य बने बिना अपने सेबी पंजीकरण का दुरुपयोग करने से रोकना है।

### फिनफ्लूएंसर के नियमों में संशोधन

सेबी ने गैर-पंजीकृत फिनफ्लूएंसर को विनियमित करने के लिए मानदंडों में संशोधन किया है। ऐसे व्यक्तियों से जुड़े संभावित जोखिम पर बढ़ती चिंताओं के देखते हुए ऐसा किया गया है। इंटरनेट मीडिया पर वित्तीय जानकारी देने वालों को फिनफ्लूएंसर कहा जाता है।

# शेयर बाजारों में तेजी, मजबूत रुख से सेंसेक्स और निफ्टी नए शिखर पर

- बड़ी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी से बाजार को मिला बल

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में मजबूती और विदेशी कोषों की लिवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स और निफ्टी अपने नए उच्चस्तर पर पहुंच गए। भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के शेयरों में खरीदारी से बाजार को बल मिला।

9वें कारोबारी सत्र में तेजी से सेंसेक्स 231.16 अंक या 0.28% चढ़कर 82,365.77 अंक के उच्चस्तर पर बंद हुआ। बीएसई पर कुल 2,228 शेयरों में तेजी आई, जबकि 1,701 में गिरावट आई रही। एनएसई का निफ्टी 83.95 अंक या 0.33 % बढ़कर 25,235.90 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक बाजार सितंबर में ब्याज दरों में कटौती के अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आश्वसन से प्रभावित हैं। अमेरिकी और भारतीय बाजारों ने हाल के उच्चस्तर को फिर से हासिल कर लिया है।

# ट्राई ने असत्यापित एसएमएस की जांच की समयसीमा बढ़ाई

नई दिल्ली, एजेंसी

- नियामक ने एक अक्टूबर की अंतिम तिथि तय की, पहले एक सितंबर तक का दिया था समय

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार परिचालकों के लिए उन एसएमएस के पारेषण की जांच करने की समयसीमा बढ़ाकर एक अक्टूबर कर दी है, जिनमें वेब लिंक हैं और जो श्वेतसूची में नहीं हैं। ट्राई ने उन सभी वेब लिंक वाले सभी संदेशों को ब्लॉक करने के लिए एक सितंबर की तिथि तय की थी, जो श्वेतसूची में नहीं हैं। नियामक ने कहा कि दूरसंचार संचालकों द्वारा अतिरिक्त समय के अनुरोध पर एक महीने का विस्तार दिया गया है। ट्राई ने यूआरएल/एपीके/ओटीटी लिंक को श्वेतसूची में डालने के संबंध में 20 अगस्त, 2024 को जारी निर्देश का पालन करने के लिए एक्सेस प्रदाताओं को एक महीने का विस्तार दिया है। सभी एक्सेस प्रदाता यह सुनिश्चित करें कि यूआरएल/एपीके/ओटीटी लिंक वाले ट्रैफिक जो श्वेतसूची में नहीं हैं उनको एक अक्टूबर, 2024 से अनुमति नहीं दी जाएगी।

# विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 681.7 अरब डॉलर हुआ

- गत सप्ताह 4.55 अरब डॉलर का हुआ था इजाफा

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी इजाफा होने से समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 7.02 अरब डॉलर को बढ़ोतरी लेकर 681.7 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वहीं, पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.55 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 674.7 अरब डॉलर पार रहा था। रिजर्व बैंक के अनुसार 23 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5.98 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 597.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 89.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 60.99 अरब डॉलर हो गया।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### बिहार के डीजी आलोक को डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार

**पटना।** भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी एवं सतर्कता महानिदेशक आलोक राज को शुक्रवार को बिहार के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। भारतीय पुलिस सेवा के 1989 बैच के अधिकारी बिहार के पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी का स्थान लेंगे, जिन्हें केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया है। राज्य के गृह विभाग के अनुसार राज्य सरकार में महानिदेशक (सतर्कता) के पद पर तैनात आलोक राज को डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। केंद्र सरकार ने बुधवार को भट्टी को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा (सीआईएसएफ) का नया महानिदेशक नियुक्त किया। भट्टी (बिहार कैडर के 1990 बैच के आईपीएस) ने दिसंबर 2022 में बिहार के डीजीपी का पदभार संभाला था।

### थाने में पुलिसकर्मी ने खुद को गोली मारी, गंभीर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पहाड़गंज थाने में शुक्रवार को हेड कांस्टेबल ने कथित तौर पर सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। पुलिसकर्मी का उपचार किया जा रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई गई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि अपराह्न दो बजे हेड कांस्टेबल सुरेंद्र ने थाने के बैरक में खुद के सिर में गोली मार ली।

### पीएफआई नेता ओएमए सलाम की जमानत रद

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के नेता ओएमए सलाम को इस प्रतिबंधित संगठन और इसके सदस्यों के खिलाफ आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत दर्ज मामले में अंतरिम जमानत देने से शुक्रवार को मना कर दिया। न्यायमूर्ति एम प्रतिभा सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने दो हफ्ते की रिहाई देने के अनुरोध वाली सलाम की याचिका पर कहा कि जमानत देने का कोई मामला नहीं बनता है।

### विहिप नेता हत्या मामले में एनआईए का पंजाब में छापा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेता विकास प्रभाकर की हत्या मामले की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को पंजाब में छापेमारी की। प्रभाकर उर्फ विकास बग्गा की 13 अप्रैल को पंजाब के रूपनगर जिले के नांगल में उनकी दुकान में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह विहिप की नांगल इकाई के अध्यक्ष थे। एनआईए ने नौ मई को राज्य पुलिस से मामले की जांच अपने हाथ में ले ली थी। एनआईए ने कहा कि संदिग्धों से जुड़े दो स्थानों पर छापेमारी की गई है।

# ममता बोलीं- दुष्कर्म-हत्या पर बनाएं कड़े कानून

## प्रधानमंत्री को फिर लिखा पत्र, बनर्जी ने देशव्यापी आक्रोश के बाद ही लिखा था पत्र और की थी मांग

कोलकाता, एजेंसी

**कोलकात्ता कांड**

- बोलीं- प्रधानमंत्री से उन्हें नहीं मिला जवाब, लेकिन केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री से मिला है पत्र



प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शुक्रवार को पत्र लिखकर दुष्कर्म-हत्या जैसे अपराधों के लिए कड़े केंद्रीय कानून और कठोर सजा का प्रावधान किए जाने का अनुरोध दोहराया। बनर्जी ने नौ अगस्त को कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या की घटना पर देशव्यापी आक्रोश के बाद कुछ दिन पहले भी मोदी को पत्र लिखा था। ममता ने इस मामलों के समयबद्ध निपटारे के लिए अनिवार्य प्रावधान की मांग की।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा था कि उनकी सरकार की नीति दुष्कर्म संबंधी घटनाओं को कतई बर्दाश्त न करने की है और इन मामलों से संबंधित कानूनों में संशोधन के लिए विधानसभा में विधेयक पारित होगा, ताकि अपराधियों के लिए मृत्युदंड सुनिश्चित किया जा सके। बनर्जी ने पत्र में लिखा कि उनके द्वारा उठाए मुद्दे पर प्रधानमंत्री से अभी तक उन्हें जवाब नहीं मिला है लेकिन उन्हें केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री से पत्र मिला है। बनर्जी ने कहा कि महिला एवं बाल विकास मंत्री का पत्र उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे की गंभीरता को बमुश्किल दर्शाता है। उन्होंने लिखा कि इस सामान्य उत्तर को भेजते समय विषय की गंभीरता और समाज के लिए इसकी प्रासंगिकता को पर्याप्त रूप से नहीं समझा गया। मुख्यमंत्री ने लिखा कि राज्य सरकार ने 10 विशेष पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम) अदालतों को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि बंगाल में 88 त्वरित विशेष अदालतें और 62 नामित पॉक्सो अदालतें पहले से हैं। राज्य में दो हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध हैं।

### महिलाओं ने महिला आयोग के कार्यालय पर ताला जड़ा

**कोलकाता।** भाजपा की वरिष्ठ महिला नेताओं ने डॉक्टर से हुई दरिंदगी पर बंगाल महिला आयोग की चुप्पी को लेकर शुक्रवार को उसके कार्यालय पर सांकेतिक ताला लगा दिया। पार्टी की वरिष्ठ महिला नेताओं और महिला मोर्चे की सदस्यों ने अलग–अलग रैलियां निकालीं और आयोग पर महिला डॉक्टर के मामले में बयान तक जारी नहीं करने का आरोप लगाया। भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल, पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी और पूर्व केंद्रीय मंत्री देबाश्री चौधरी सहित पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पुलिस के साथ लंबी बहस के बाद आयोग कार्यालय के अंदर गया। पॉल ने बताया कि हम 'करुणामयी' में आयोग भवन के अंदर गए, अध्यक्ष लीना गंगोपाध्याय सहित आयोग के अधिकारियों से मिले और मामले में आयोग की चुप्पी का विरोध किया।

### पूर्व प्राचार्य से लगातार 14वें दिन भी पूछताछ जारी

कोलकाता। महिला चिकित्सक से कथित दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के मामले की जांच कर रही सीबीआई ने शुक्रवार को लगातार 14वें दिन संस्थान के पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष को पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि घोष से इस जघन्य अपराध के बारे में पूछताछ की जा रही है। वह अस्पताल में कथित वित्तीय कदाचार मामले में भी एजेंसी के रडार पर हैं एवं पहले ही उनके और अन्य संस्थाओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। पिछले गत रविवार को पूर्व प्रधानाचार्य के आवास की तलाशी ली और उनसे पूछताछ की।

# अकाल तख्त ने बादल को घोषित किया तनखैया

अमृतसर, एजेंसी



- बादल बोले- वह तख्त के आदेश को सिर झुकाकर स्वीकार करते हैं
- सरकार की गलतियों के लिए धार्मिक कदाचार का दोषी ठहराया

सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था अकाल तख्त ने शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल को 2007 से 2017 तक उनकी पार्टी की सरकार द्वारा की गई गलतियों के लिए धार्मिक कदाचार का दोषी- तनखैया करार दिया। घोषणा के तुरंत बाद बादल ने कहा कि वह अकाल तख्त के आदेश को सिर झुकाकर स्वीकार करते हैं।

बादल ने एक्स पर पंजाबी में किए पोस्ट में कहा कि वह जल्द ही माफी मांगने के लिए अकाल तख्त के सामने पेश होंगे। पांच तख्तों के सिंह साहिबान की बैठक के बाद अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने कहा कि सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि बादल जब उपमुख्यमंत्री और शिअद अध्यक्ष थे, तब उन्होंने ऐसे फैसले किए, जिनसे पार्टी प्रभावित हुई और सिखों के हितों को नुकसान पहुंचा। सिंह ने अकाल तख्त परिसर से फैसला सुनाते हुए कहा कि जब तक बादल अपने पापों के लिए माफी नहीं मांग लेते, तब तक वे तनखैया बने रहेंगे। सिंह ने बादल से 15 दिनों के भीतर व्यक्तिगत रूप से पेश होने और माफी मांगने को कहा।

# बैंक रिकवरी एजेंट को सुप्रीम कोर्ट ने कहा गुंडों का समूह

नई दिल्ली, एजेंसी

- बंगाल पुलिस को दो माह में संबंधित के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल करने का दिया निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने ऋण चुकता करने के बावजूद वाहन न लौटाने को लेकर बैंक के रिकवरी एजेंट फर्म को गुंडों का समूह करार देते हुए बंगाल पुलिस को दो माह में संबंधी कंपनी के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने पीड़ित देवाशीष बसु रॉय चौधरी को मुआवजा देने का निर्देश दिया।

पीठ ने बैंक ऑफ इंडिया को रिकवरी एजेंट से राशि वसूलने का भी निर्देश दिया। चौधरी ने कोलकाता में बस चलाने के इरादे से 15.15 लाख का ऋण लिया था। पीठ ने हालिया आदेश में कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट की टिप्पणियों और याचिकाकर्ताओं की दलीलों के मद्देनजर प्रतिवादी संख्या-चार (रिकवरी एजेंट) वास्तव में गुंडों का समूह है, जो याचिकाकर्ता-बैंक की ओर से ऋण लेने वाले लोगों को परेशान करने के लिए ताकत का इस्तेमाल करता है। इसने इस बात का भी संज्ञान लिया कि वाहन को उचित स्थिति में वापस न करने के लिए रिकवरी एजेंट कंपनी मेसर्स सिटी इन्वेस्टिगेशन एंड डिटेक्टिव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# खेती के उत्पादों को एमएसपी देने वाला पहला राज्य हिमाचल

- मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने फ्रांस के वैज्ञानिकों को दी जानकारी

**शिमला।** फ्रांस के राष्ट्रीय कृषि, खाद्य एवं पर्यावरण अनुसंधान संस्थान (आईएनआरएई) के चार वैज्ञानिकों के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की। एलआईएसआईएस के उप निदेशक प्रो. एलिसन मैरी लोकोंटो के नेतृत्व में टीम में शोधकर्ता प्रो. मिरेइल मैट, डॉ. एवलिन लोस्टे और डॉ. रेनी वैन डिस शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक खेती में अग्रणी है। हिमाचल प्राकृतिक खेती से उगाए उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान करने वाला देश का पहला राज्य है। प्रदेश में गेहूं 40 रुपये प्रति किलो और मक्का 30 रुपये प्रति किलो की दर से खरीदा जा रहा है। गाय का दूध 45 रुपये और भैंस का दूध 55 रुपये प्रति लीटर खरीदा जा रहा है।

# इमरजेंसी के प्रदर्शन पर प्रतिबंध के लिए विचार करेगी तेलंगाना सरकार

हैदराबाद, एजेंसी

- मुख्यमंत्री रेड्डी ने कार्रवाई किए जाने का सिख समुदाय को दिलाया भरोसा

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने सिख समुदाय के नेताओं को भरोसा दिलाया है कि उनकी सरकार कानूनी सलाह लेने के बाद राज्य में कंगना रनौत अभिनीत फिल्म इमरजेंसी के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाने पर विचार करेगी। रेड्डी सरकार के सलाहकार मोहम्मद अली शब्बीर ने यह जानकारी दी।

पूर्व आईपीएस अधिकारी तेजदीप कौर मेनन के नेतृत्व में तेलंगाना सिख सोसाइटी के प्रतिनिधिमंडल ने सचिवालय में शब्बीर से मुलाकात कर इमरजेंसी के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया। शब्बीर ने बताया कि 18 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने फिल्म में सिख समुदाय के चित्रण पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि इमरजेंसी में सिखों को आतंकवादी और राष्ट्र-विरोधी तत्व के रूप में दर्शाया गया है, जो अपमानजनक और समुदाय की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला है।

**बदलापुर यौन शोषण**

# शिक्षा अधिकारी की याचिका पर सरकार से मांगा जवाब

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को ठाणे के शिक्षा अधिकारी की उस याचिका पर जवाब देने का शुक्रवार को निर्देश दिया जिसमें बदलापुर में दो बच्चियों के कथित यौन शोषण की घटना के आलोक में उसके निलंबन पर रोक लगाने का अनुरोध है। शिक्षा अधिकारी बालासाहेब रक्षे ने महाराष्ट्र प्रशासनिक न्यायाधिकरण (एमएटी) के समक्ष उनकी याचिका की अंतिम सुनवाई होने तक निलंबन आदेश पर रोक लगाने का उच्च न्यायालय से आग्रह किया।

# उत्पाद की गलत ब्रांडिंग पर केंद्र से जवाब तलब

**पतंजलि**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने पतंजलि के दिव्य दंत मंजन को शाकाहारी रूप से पेश करने के खिलाफ कार्रवाई के अनुरोध संबंधी याचिका पर शुक्रवार को केंद्र से जवाब मांगा। याचिकाकर्ता के वकील ने दावा किया कि दंत चिकित्सा उत्पाद को हरे रंग के डॉट से बेचा जा रहा है, जो कि यह दर्शाता है कि यह शाकाहारी है लेकिन इसमें मछली का अर्क है, जो मांसाहारी घटक है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने की।

# 80 साल की महिला के बेटे-बहू को घर से निकलने का आदेश

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नागरिकों के रहने के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और उपेक्षा मुक्त माहौल पर बल देते हुए, दिल्ली हाईकोर्ट ने 80 वर्षीय महिला के बेटे, बहू और पोते-पोतियों को उस घर को खाली करने का निर्देश दिया है, जिसमें वे रह रहे थे।

महिला ने बेटा, बहू पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। याचिकाकर्ता ने कहा कि वह संपत्ति की इकलौती स्वामी हैं और उनके बेटे-बहू ने उनकी या उनके पति की देखभाल नहीं की। पुत्र- पुत्रवधू के बीच मनमुटाव से भी असुविधा और तनाव होता है जो धीमी मौत की तरह है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने कहा कि पुत्रवधू का निवास पर अधिकार नहीं है तथा वरिष्ठ नागरिकों को प्रदत्त संरक्षण पर विचार होना चाहिए, जो उन्हें कष्ट पहुंचाने वाले निवासियों को बेदखल करने की अनुमति देता है।

# मोदी का मणिपुर आना जरूरी नहीं था : बीरेन सिंह

नयी दिल्ली, एजेंसी

- बोले - इस्तीफा क्यों दूं, घोटाला नहीं किया, मणिपुर को तोड़ा नहीं जा सकता
- कुकी समुदाय के लिए अलग प्रशासन की इजाजत नहीं देंगे



मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने अगले छह महीने में राज्य में शांति बहाल करने का दावा किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा पर कहा कि मैं इस्तीफा क्यों दूं? क्या मैंने कुछ चुराया है? कोई घोटाला किया है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मणिपुर नहीं जाने पर कहा कि तनाव के बीच उनका आना जरूरी नहीं था। प्रधानमंत्री दो बार संसद में हिंसा पर बात रख चुके हैं।

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कुकी समुदाय की अलग प्रशासन की मांग को खारिज करते हुए खुद को राज्य के हित के पैरोकार के रूप में पेश किया है, जो इसकी पहचान को कमजोर नहीं होने देगा। साक्षात्कार में सिंह ने मणिपुर को छोटा, मेहनती राज्य बताते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों का दो हजार वर्षों का इतिहास है। उन्होंने कहा कि इस राज्य को बनाने के लिए कई कुर्बानियां दी गईं। इसको तोड़ा नहीं जा सकता। हम इसकी इजाजत नहीं देंगे। कुकी समुदाय की मांग को पहली बार स्पष्ट तौर पर खारिज किया गया है। नयी दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में कुकी-जो समुदाय के कुछ प्रतिनिधियों ने पुडुचेरी की तर्ज पर विधानसभा के साथ एक केंद्र-शासित प्रदेश के निर्माण की मांग की। मेइती समुदाय से आने वाले सिंह मणिपुर में पिछले साल मई में भड़की जातीय हिंसा को लेकर विपक्ष के निशाने पर हैं।

कुकी संगठन उन पर जातीय हिंसा में मेइती समुदाय का पक्ष लेने का आरोप लगा रहे हैं। इस हिंसा के कारण मणिपुर के समाज में अभूतपूर्व ध्रुवीकरण देखने को मिल रहा है। हालांकि, मुख्यमंत्री ने राज्य के पहाड़ी क्षेत्र के लिए एक विशेष विकास पैकेज के प्रति समर्थन जताया। सिंह ने जातीय हिंसा से निपटने में मेइती समुदाय का पक्ष लेने के आरोपों को खारिज किया और कहा कि वह हर समुदाय के मुख्यमंत्री हैं, चाहे वह मेइती हो, कुकी हो या नगा हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने खुद को पीछे किया और केंद्र को बातचीत तथा सुरक्षा उपायों के माध्यम से शांति बहाल करने संबंधी प्रयासों का नेतृत्व करने दिया। सिंह ने भरोसा जताया कि मणिपुर में पांच-छह महीने में शांति बहाल हो जाएगी।






# निशानेबाजी: अवनि को स्वर्ण और मोना को कांस्य

## मनीष नरवाल ने 10 मीटर एयर पिस्टल में रजत पदक जीता, मोना अग्रवाल ने 228.7 का स्कोर किया

पेरिस, एजेंसी

भारतीय महिला निशानेबाज अवनि लेखरा और मोना अग्रवाल ने शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 वर्ग की स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीते। वहीं मनीष नरवाल ने 10 मीटर एयर पिस्टल में रजत पदक अपने नाम किया।

दक्षिण कोरिया की ली युनरी और अवनि के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। अवनि ने आखिरी शॉट पर 10.5 का स्कोर किया। वहीं कोरियाई निशानेबाज का आखिरी शॉट पर 6.8 का स्कोर रहा। इसी के साथ अवनि ने स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। युनरी को 246.8 के स्कोर के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं मोना अग्रवाल ने 228.7 का स्कोर करते हुए कांस्य पदक जीता। हालांकि निशानेबाज रुद्रांश खंडेलवाल 561 अंकों के साथ नौवें स्थान रहे।

भारत के मनीष नरवाल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच 1) स्पर्धा में रजत पदक जीता। 22 वर्ष के नरवाल ने तोक्यो पैरालंपिक में मिश्रित 50 मीटर पिस्टल एसएच 1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। वह कुछ समय तक आगे चल रहे थे लेकिन कुछ खराब शॉट के कारण वह दक्षिण कोरिया के जो जियोंगडू से पिछड़ गए। भारत के निशानेबाज शिवा नरवाल के बड़े भाई मनीष ने 234.9 स्कोर किया जबकि जियोंगडू ने 237.4 स्कोर करके स्वर्ण पदक जीता। नरवाल क्वालीफिकेशन दौर में 565 स्कोर करके पांचवें स्थान पर रहे थे।


अवनि लेखरा / मोना अग्रवाल

### पदक तालिका

| देश | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 6 | 5 | 3 | 14 |
| ब्रिटेन | 6 | 5 | 3 | 14 |
| आस्ट्रेलिया | 3 | 2 | 2 | 7 |
| फ्रांस | 2 | 3 | 0 | 5 |
| इटली | 2 | 2 | 6 | 10 |
| ब्राजील | 2 | 1 | 4 | 7 |
| कोलंबिया | 2 | 1 | 0 | 3 |
| इजराइल | 2 | 0 | 0 | 2 |
| भारत | 1 | 1 | 2 | 4 |

### शेख आखिरी स्थान पर रहने के बाद बाहर

**पेरिस।** भारत के अरशद शेख पेरिस पैरालंपिक की ट्रैक साइकिलिंग पुरुष परस्यूट सी2 स्पर्धा के क्वालीफाइंग दौर में सबसे आखिरी नौवे स्थान पर रहकर बाहर हो गए। 31 वर्ष के शेख ने 4 : 20 .949 में दौड़ पूरी की। शीर्ष चार ने फाइनल के लिये क्वालीफाई किया। फ्रांस के अलेक्जेंडर ल्यूते शीर्ष पर रहे जबकि बेल्जियम के इवुड ब्रोमेंट दूसरे और ब्रिटेन के मैथ्यू रॉबर्टसन तीसरे स्थान पर रहे। शेख अब ट्रैक साइकिलिंग में पुरुषों के 1000 मीटर टाइम ट्रायल सी 1.3 वर्ग में उतरेंगे। वह रोड साइकिलिंग में भी भाग लेंगे।

### रोइंग: स्टार पैरारोवर अनीता और नारायण की जोड़ी ने रेपेचेज रांउड के लिए किया क्वालीफाई

**पेरिस।** भारत की स्टार पैरारोवर अनीता और नारायण कोंगनापल्ले की जोड़ी ने शुक्रवार को पैरा रोइंग पीआर3 मिश्रित युगल स्कल्स हीट्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए रेपेचेज राउंड में जगह बना ली है। यहां खेले गये मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने .84 का समय लेकर पांचवां स्थान हासिल रही और रेपेचेज राउंड के लिए क्वालीफाई किया। रेपेचेज राउंड शानिवार को दोपहर तीन बजे होगा।

### महिला खिलाड़ी डिस्कस थ्रो स्पर्धा के फाइनल में हारीं

**पेरिस।** भारतीय महिला डिस्कस थ्रो खिलाड़ी साक्षी कसाना और कमरज्योति को शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की डिस्कस थ्रो एफ 55 स्पर्धा के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में साक्षी एवं करमज्योति क्रमश छठें और सातवें स्थान पर रहीं। साक्षी ने 21 .49 मीटर का अपना सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका जबकि करमज्योति ने भी इस स्पर्धा में 20 .22 मीटर का अपना सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

### सुहास, नितेश और तुलसीमति सेमीफाइनल में, मानसी और मनोज बाहर

**पेरिस।** तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सुहास यथिराज और नितेश कुमार ने शुक्रवार को यहां पैरालंपिक की बैडमिंटन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए क्रमश: पुरुष एकल एसएल4 और एसएल3 वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया तुलसीमति मुरूगेसन ने ग्रुप ए में शीर्ष पर रहकर महिला एकल एसयू5 सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने पुर्तगाल की बिट्रिज मोंटेरियो को 21-12 21-8 को हराकर ग्रुप में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। 2007 बैच के आईएएस अधिकारी सुहास ने एसएल4 वर्ग में कोरिया के शिन क्यूंग हवान को दूसरे मैच में 26-24, 21-14 से शिकस्त देकर तीन खिलाड़ियों के ग्रुप ए में शीर्ष पर रहे। वहीं नितेश ने चीन के यांग जियानयुआन को 21-5, 21-11 से हराया। जिससे वह एसएल3 वर्ग के चार खिलाड़ियों के ग्रुप ए में शीर्ष दो में शामिल रहे। अब वह अपने अंतिम ग्रुप ए मैच में थाईलैंड की बुनसुन मोंगखोन से भिड़ेंगे। हालांकि मानसी जोशी को महिला एकल एसएल3 ग्रुप ए के दूसरे मैच में यूक्रेन की ओकसाना कोजयाना से 21-10, 15-21, 21-23 से हार मिली। तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता मनोज को भी ग्रुप ए के दूसरे मैच में बुनसुन से 19-21, 8-21 से पराजय झेलनी पड़ी।

# दृष्टिबाधित जूडोका कपिल और कोकिला दिखाएंगे दम


खिलाड़ियों को जीत की शुभकामनाएं देते खेल मंत्री और कारागर मंत्री।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पैरालंपिक में जाने वाले जूडोकाओं को खेल मंत्री ने दीं शुभकामनाएं

**अमृत विचार :** पेरिस पैरालंपिक में प्रतिभाग करने को भारतीय दृष्टिबाधित जूडोका कपिल परमार व कोकिला शनिवार को रवाना होंगे। इन खिलाड़ियों की रवानगी से पूर्व विदाई समारोह इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन द्वारा इंडियन पैरा जूडो अकादमी, हजरतगंज में आयोजित किया गया। भारत के इन खिलाड़ियों को एक समारोह में उत्तर प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान और खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने दोनों खिलाड़ियों को पदक जीतने की शुभकामनाएं दी।

ये दोनों खिलाड़ी इंडियन पैरा जूडो अकादमी में मुनव्वर अंजार की देख-रेख में अभ्यास कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के कपिल परमार विश्व रैंकिंग में नंबर वन हैं जबकि हरियाणा की कोकिला छठें पायदान पर हैं। पैरालंपिक में कपिल 60 किग्रा से कम जे-1 भारवर्ग में एवं कोकिला 48 किग्रा से कम जे-2 भारवर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। यह टीम चेयरमैन इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन के चेयरमैन अवनीश कुमार अवस्थी के नेतृत्व में पेरिस पैरालंपिक के लिए शनिवार को रवाना होगी। भारतीय टीम के साथ मुख्य कोच मुनव्वर अंजार, महिला कोच कम स्कार्ट आयशा मुनव्वर एवं सुधीर हलवासिया भी रवाना होंगे। इस अवसर पर प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम और इंडियन ब्लाइंड एंड पैराजूडो एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

### राकेश और सरिता तीरंदाजी स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में

**पेरिस।** भारतीय एथलीट राकेश कुमार और महिला तीरंदाज सरीता ने शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की तीरंदाजी स्पर्धा में अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में राकेश कुमार ने पैरा तीरंदाजी के पुरुष व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सेनेगल के अलीउ ड्रेम को 136-131 से हराया। राकेश का अगला मुकाबला एक सितंबर को इंडोनेशिया के केन स्वगुमिलांग से होगा। दिन के एक अन्य मुकाबले में सरिता ने महिला व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन के प्री क्वार्टर मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई। सरिता ने मलेशिया की नूर जन्नतन को 138-124 से हराया।

# प्रीति को 100 मीटर दौड़ स्पर्धा में कांस्य

**पेरिस, एजेंसी।** भारतीय धाविका प्रीति पाल ने शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीत लिया। प्रीति ने शुक्रवार को हुए मुकाबले में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर की दौड़ 14.21 सेकंड में पूरी कर कांस्य पदक अपने नाम किया।

राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप (2024) की स्वर्ण पदक विजेता प्रीति पाल ने भारत के लिए तीसरा पदक जीता है। प्रीति ने पहली बार पैरालंपिक में स्पर्धा कर रही थी। उनका पैरालंपिक में यह पहला पदक है। मीडिया से बातचीत में प्रीति ने कहा, मुझे यकीन ही नहीं हो रहा है कि मैंने देश के लिए पदक जीता है। उन्होंने कहा यह मेरा पहला पैरालंपिक था और यह मेरा पहला पदक है। उन्होंने अपने परिवार, साथियों और संबंधियों को समर्थन और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

### भारत का तीसरे दिन का कार्यक्रम

**निशानेबाजी :** पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 (क्वालीफिकेशन) : स्वरूप महावीर उन्हालकर - दोपहर 01 :00 बजे

महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 (क्वालीफिकेशन) : रूबीना फ्रांसिस - दोपहर 03 .30 बजे

**ट्रैक साइकिलिंग :** महिलाओं की 500 मीटर टाइम ट्रायल सी1-3 (क्वालीफिकेशन) : ज्योति गडेरिया - दोपहर 01.30 बजे

पुरुषों की 1,000 मीटर टाइम ट्रायल सी1-3 (क्वालीफिकेशन) : अरशद शेख - दोपहर 01 .49 बजे

**नौकायन :** मिश्रित पीआर3 डबल स्कल्स (रेपेचेज) : भारत (अनीता और नारायण कोंगनापल्ले) - दोपहर 03 .00 बजे

**तीरंदाजी :** महिला कंपाउंड (1/8 एलिमिनेशन 2) : सरिता देवी बनाम एलोनोरा सारती (इटली) - शाम 07 .00 बजे

महिला कंपाउंड (1/8 एलिमिनेशन 8) : सरिता देवी बनाम मारियाना ज़ुनिगा (चिली) - शाम 08 .59 बजे

**एथलेटिक्स :** पुरुष भाला फेंक एफ57 (पदक स्पर्धा) : प्रवीन कुमार - रात 10 .30 बजे

### भाविना और सोनल की जोड़ी टेबल टेनिस क्वार्टर फाइनल में हारी

**पेरिस।** भारतीय पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविनाबेन पटेल और सोनलबेन पटेल शुक्रवार को यहां पेरिस पैरालंपिक में महिला युगल डब्ल्यूडी 10 वर्ग में ए यंग जंग और संध्या मून के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 1-3 से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को 39 मिनट तक चले मुकाबले में 5-11 6-11 11-9 6-11 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। भाविना और तोक्यो पैरालंपिक की रजत पदक विजेता सोनलबेन अब अपने-अपने एकल स्पर्धा में भाग लेंगी। भाविना 2021 में तोक्यो खेलों के दौरान पैरालंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं थी। वह 12 महीने की उम्र में पोलियो से ग्रसित हो गयी थी। भाविना क्लास 4 वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी। भाविना की तरह सोनल भी छह महीने की उम्र में पोलियो से ग्रसित हो गयी थी। इससे उनके दोनों पैर और दायें हाथ में विकार हो गया था। वह 90 प्रतिशत दिव्यांगता वाले क्लास तीन वर्ग में खेलती है।

### अफगानिस्तान की जाकिया ने रचा इतिहास

**पेरिस।** अफगानिस्तान की जाकिया खुदादादी ने पेरिस पैरालंपिक में शरणार्थी पैरालंपिक टीम के लिए पदक जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया। जाकिया ने गुरुवार को ताइक्वांडो में महिलाओं के 47 किग्रा वर्ग में तुर्की की एकिंसी नूरसिहान को हराकर कांस्य पदक जीता। जाकिया इस जीत के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान भावुक हो गयी। उन्होंने कहा, यह एक अविश्वसनीय पल है, जब मुझे एहसास हुआ कि मैंने कांस्य पदक जीत लिया है तो मेरा दिल तेजी से धड़कने लगा। उन्होंने कहा, यहां तक पहुंचने के लिए मुझे बहुत कुछ करना पड़ा। यह पदक अफगानिस्तान की सभी महिलाओं और दुनिया के सभी शरणार्थियों के लिए है। मुझे उम्मीद है कि एक दिन मेरे देश में शांति होगी।


- शरणार्थी टीम के लिए पदक जीतने वाली पहली खिलाड़ी

# यानिक सिनर और स्वियातेक तीसरे दौर में

न्यूयॉर्क, एजेंसी

**अमेरिकी ओपन**

- कैरालिना मुचोवा ने ओसाका और अल्कराज को बोटिक वान ने हराकर किया बाहर

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर और इगा स्वियातेक ने आसान जीत के साथ अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई लेकिन पूर्व चैंपियन नाओमी ओसाका और कार्लोस अल्कराज को बाहर का रास्ता देखना पड़ा। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने जापान की क्वालीफायर एना शिबहारा को 6-0, 6-1 से हराया। सिनर ने पुरुष वर्ग के एकल मैच में एलेक्स मिशेलसन को 6-4, 6-0, 6-2 से हराया। उनका अगला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के क्रिस्टोफर ओ कोनेल से होगा। अल्कराज़ को दूसरे दौर में विश्व के 74वीं रैंकिंग वाले खिलाड़ी बोटिक वान डी ज़ैंडस्चुल्प से 6-1, 7-5, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। ओसाका को कैरोलिना मुचोवा ने 6-3, 7-6 (5) से हरा दिया।

पांचवीं वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव और दसवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर भी तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। मिनौर का अगला मुकाबला डैन इवांस से होगा। महिला वर्ग में इटली की जैस्मिन पाओलिनी ने कारोलिना प्लिस्कोवा के पांव की चोट के कारण मैच से हट जाने से तीसरे दौर में प्रवेश किया। उनका मुकाबला यूलिया पुतिनत्सेवा से होगा।


बोटिक वान



### बोपन्ना-एबडेन दूसरे दौर में

**न्यूयॉर्क।** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने नीदरलैंड के सैंडर अरेंड्स और रॉबिन हास को सीधे सेटों में हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। बोपन्ना और एबडेन ने गुरुवार रात को 64 मिनट तक चले शुरुआती दौर के मुकाबले में 6-3, 7-5 से से जीत दर्ज की। मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन दूसरे दौर में स्पेन के रॉबर्टो कारबालेस बेना और अर्जेंटीना के फेडेरिको कोरिया की गैरवरीय जोड़ी से भिड़ेंगे।

### पाकिस्तान और बांग्लादेश के दूसरे टेस्ट का पहला दिन बारिश से धुला

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच का शुरुआती दिन शुक्रवार को लगातार बारिश के कारण धुल गया। बांग्लादेश दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है। उसने पिछले सप्ताह इसी स्थान पर 10 विकेट की ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। इस मैच में पाकिस्तान की दूसरी पारी पांचवें और अंतिम दिन महज 146 रन पर सिमट गयी थी। तेज बारिश के कारण खिलाड़ी और टीम अधिकारी होटल में ही रुके रहे और अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:05 बजे दिन का खेल रद कर दिया। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में बांग्लादेश सातवें और पाकिस्तान आठवें स्थान पर है।

# अहलावत संयुक्त 10वें स्थान पर

जकार्ता, एजेंसी

**इंडोनेशिया ओपन**

भारतीय गोल्फर वीर अहलावत ने सप्ताह की अच्छी शुरुआत करते हुए 500,000 अमेरिकी डॉलर इनामी इंडोनेशिया ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में चार-अंडर 67 का कार्ड खेला, जिससे वह संयुक्त 10वें स्थान पर हैं। अहलावत ने पांच बर्डी और एक बोगी की। वह शीर्ष पर काबिज आरोन विल्किन से छह शॉट पीछे हैं। विल्किन ने 10-अंडर 61 का स्कोर करके यहां नया रिकॉर्ड बनाया। भारतीय खिलाड़ियों में सप्तक तलवार, वरुण चोपड़ा और खलिन जोशी संयुक्त 30वें स्थान पर हैं। अंगद चीमा (70) संयुक्त 53वें, एस चिक्कारंगप्पा, एसएसपी चौरसिया और राशिद खान संयुक्त 66वें, युवराज संधू (72) संयुक्त 87वें जबकि गगनजीत भुल्लर (73) और करणदीप कोचर (73) संयुक्त 104वें तथा अजितेश संधू और हनी बैसोया संयुक्त 129वें स्थान पर हैं।



**ब्रिटिश मास्टर्स**

### शर्मा और चौहान संयुक्त 30वें स्थान पर

**विशॉ (इंग्लैंड)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा और ओम प्रकाश चौहान ने बेटफ्रेड ब्रिटिश मास्टर्स के शुरुआती दौर में एक अंडर 71 का समान स्कोर बनाया, जिससे दोनों संयुक्त 30वें स्थान पर हैं। शर्मा और चौहान दोनों ने दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाईं। इंग्लैंड के पॉल वारिंग ने अंतिम नौ होल में पांच अंडर पार का स्कोर बनाकर फ्रांस के जियोंग वेन के साथ बढ़त हासिल की।

**वुमेन आयरिश ओपन**

### प्रणवी फिसलीं, दीक्षा को 29वां स्थान

**डबलिन।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स पहले नौ होल में शानदार शुरुआत करने के बाद आखिरी नौ होल में तीन बोगी के कारण वुमेन आयरिश ओपन के शुरुआती दौर में संयुक्त 45वें स्थान पर है। हमवतन दीक्षा डागर तीन बर्डी तथा दो बोगी की मदद से संयुक्त 29वें स्थान पर हैं। अन्य भारतीयों में त्वेसा मलिक (76) संयुक्त 93वें और रिद्धिमा दिलावरी (79) संयुक्त 128वें स्थान पर हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### आठ लोगों के साथ एक कमरे में रहते थे अमिताभ



**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने बताया है कि वह कोलकाता में नौकरी करने के दौरान आठ लोगों के साथ एक कमरे में रहते थे। अमिताभ बच्चन इन दिनों सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के ज्ञान-आधारित गेम शो, कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) सीज़न 16 को होस्ट कर रहे हैं। केबीसी के हालिया एपिसोड में एक प्रतियोगी ने अमिताभ को बताया कि वह पुणे में आठ लोगों के साथ एक सिंगल रूम में रहता है। अमिताभ बच्चन ने बताया कि कि उन्हें यह सुनकर आश्चर्य नहीं हुआ, क्योंकि वह खुद भी कभी आठ लोगों के साथ रहा करते थे। अमिताभ बच्चन ने कहा, आठ लोग एक कमरे में? आठ से हमे इतना ज्यादा आश्चर्य नहीं हुआ। हम अपने कॉलेज से पढ़ाई करके नौकरी ढूंढने निकले तो हम कोलकाता गए। वहां किसी तरह से नौकरी मिल गई 400 रुपये महीने के। वहां पर भी सर हम जहां रह रहे थे ना, आठ लोग एक कमरे में थे। बहुत मजा आता था। हम लोग आठ थे और पलंग दो था। जमीन पर सोना पड़ता था। आपस में खुश रहते थे। आपस में झगड़ा होता था कि आज इधर सोएंगे, कौन पलंग पर सोएगा और बिस्तर पर रहेगा।

### सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म युध्रा का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी की आने वाली फिल्म युध्रा का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सिद्धांत चतुर्वेदी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म युध्रा को लेकर चर्चा में हैं। एक्सल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी फिल्म युध्रा में सिद्धांत चतुर्वेदी जोरदार एक्शन करते नजर आएंगे ।फिल्म का निर्देशन रवि उदयावर ने किया है जबकि कहानी श्रीधर राघवन ने लिखी है। फिल्म युध्रा का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत में ही सिद्धांत चतुर्वेदी की आवाज बैकग्राउंड में सुनाई दे रही है ।वह कहते हैं, मरने से पहले, महाभारत का एक मशहूर किस्सा मैं आपको सुनाता हूं। अभिमन्यू ने मां के पेट से चक्रव्यूह में घुसने का रास्ता तो सीख लिया लेकिन कभी चक्रव्यूह भेद नहीं भाया। इसी के साथ सिद्धांत को एक खूंखार अवतार में दिखाया जाता है। आपको लगा मैं अभिमन्यू हूं, मैं उसका बाप अर्जुन हूं। एक्सेल एंटरटेनमेंट की फिल्म युध्रा में सिद्धांत चतुर्वेदी, मालविका मोहनन और राघव जुयाल की अहम भूमिका है। यह फिल्म 20 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



### अक्षरा सिंह ने गाया गाना कब तक चुप रहेंगे

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री और गायिका अक्षरा सिंह ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल की प्रशिक्षु डॉक्टर को न्याय दिलाने के उद्देश्य से अपना नया गाना कब तक चुप रहेंगे रिलीज किया है। गाने को अक्षरा सिंह ने अपनी आवाज़ दी है, जबकि गीतकार मनोज मतलबी ने इसे लिखा है। संगीतकार घुंघरू जी द्वारा तैयार किए गए इस गाने का म्यूजिक प्रोग्रामिंग छोटू रावत ने किया है। यह गाना अक्षरा सिंह के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाने में समाज में व्याप्त अन्याय और महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की है। यह गाना एक ऐसे समय में आया है जब महिलाओं की सुरक्षा और न्याय की मांग के लिए आवाज़ें उठ रही हैं।

# प्रथम हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष इंटर जोनल नेशनल चैंपियनशिप कल से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे उद्घाटन

**अमृत विचार :** हॉकी इंडिया की देखरेख में प्रथम हॉकी इंडिया जूनियर मेंस इंटर जोन नेशनल चैंपियनशिप 1 सितंबर से खेली जायेगी। गोमती नगर के विजयंतखंड स्थित पद्मश्री मो.शाहिद हॉकी स्टेडियम में इस चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। छह टीमें इस चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगी। इनमें नॉर्थ जोन, साउथ जोन, वेस्ट जोन, ईस्ट जोन, साई बाल और साई शक्ति शामिल हैं। चैंपियनशिप के सेमीफाइनल मुकाबले 6 को और फाइनल मुकाबला 7 सितंबर को खेला जायेगा। पहले दिन दो मुकाबले खेले जायेंगे। पहला मुकाबला साउथ जोन और साई शक्ति के बीच खेला जायेगा। दूसरे मुकाबले में नॉर्थ जोन के सामने साई बाल की चुनौती होगी। यह मैच दर्शकों के लिए पूरी तरह से निःशुल्क रहेगा।

**नॉर्थ जोन की टीम:** राजवीर सिंह, नीरज, शरणदीप सिंह, अमित, नितिन सिंह, फहद खान, रोहित सिंह, सुखप्रीत सिंह, उज्जवल पाल, विनय, लवनूर सिंह, ललित पटेल, शुभम, प्रिंस सिंह, जोबनप्रीत सिंह, सुखमनप्रीत सिंह, राहुल राजभर, मनप्रीत सिंह राय। **टीम मैनजर :** परमजीत सिंह, **मुख्य कोच :** संजय कुमार।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### इंडिगो चेन्नई-जाफना के बीच शुरू करेगा उड़ान

**जाफना।** भारतीय एयरलाइन इंडिगो एक सितंबर से चेन्नई और श्रीलंका के जाफना के बीच दैनिक उड़ान शुरू करेगी। एयरलाइन के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वर्तमान में भारत की एलायंस एयर जाफना के लिए दैनिक उड़ानें संचालित करती है। एलायंस एयर ने 11 नवंबर 2019 को चेन्नई से जाफना के लिए अपनी पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान का संचालन शुरू किया। यह उड़ान भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से वित्तीय सहायता के साथ शुरू हुई है।

### ऑस्ट्रेलिया में नशीली दवा के ओवरडोज़ से दो मौतें

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में 24 घंटे में नशीली दवाओं के ओवरडोज से दो लोगों की मौत के बाद सार्वजनिक स्वास्थ्य चेतावनी जारी की गई है। ऑस्ट्रेलियाई राजधानी क्षेत्र (एसीटी) पुलिस ने गुरुवार को कैनबरा में दो घातक नशीली दवाओं के ओवरडोज़ के बाद शुक्रवार को स्वास्थ्य अलर्ट जारी किया। पुलिस ने बताया कि कैनबरा के केंद्रीय व्यापार जिले में गुरुवार सुबह एक महिला की मौत हो गई और उसके बाद गुरुवार शाम को दूसरी मौत हो गई।

### जर्मनी ने अफगानिस्तान नागरिकों को वापस भेजा

**बर्लिन।** जर्मनी ने 2021 के बाद पहली बार अफगानिस्तान के नागरिकों को शुक्रवार को उनके देश प्रत्यार्पित कर दिया। एक सरकारी प्रवक्ता ने अफगानिस्तानी नागरिकों को दोष सिद्ध अपराधी बताया, लेकिन उनके अपराधों को स्पष्ट करने के लिए टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। अफगानिस्तान के नागरिकों को उनके देश वापस भेजने का यह कदम सोलिंगन में चाकू से हमले की घटना के एक सप्ताह बाद हुआ।

### दुरोव को नागरिकता देना देश के लिए अच्छा : मैक्रों

**बेलग्राद।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोशल मीडिया मंच टेलीग्राम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पावेल दुरोव को त्वरित नागरिकता प्रदान करने के अपने फैसले का बचाव किया है। दुरोव से टेलीग्राम का इस्तेमाल अवैध गतिविधियों के लिए किए जाने के आरोपों को लेकर फ्रांस में पूछताछ की जा रही है। मैक्रों ने गुरुवार को यह भी कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी दुरोव फ्रांस आ रहे थे तथा सीईओ से मिलने की उनकी कोई योजना नहीं थी।

### तूफान के असर से तोक्यो के आसपास भारी बारिश

**तोक्यो।** जापान के अधिकतर हिस्सों में धीमी गति से आगे बढ़ रहे ऊष्णकटिबंधीय तूफान का व्यापक असर देखने को मिल रहा है जिसके कारण तोक्यो के आसपास भारी बारिश हुई और दक्षिणी जापान में सड़कें तथा नदी के किनारे के इलाके जलमग्न हो गए। तोक्यो के पश्चिम में कानागावा प्रान्त के कई क्षेत्रों में बाढ़ की सूचना है, जहां सड़कें अवरुद्ध हो गईं और यातायात बाधित हो गया। तोक्यो, कानागावा और निकटवर्ती शिजुओका प्रान्त में भारी बारिश तथा भूस्खलन के खतरे की चेतावनी जारी की गई है। सरकारी चैनल 'एनएचके' में प्रसारित फुटेज में दिख रहा है कि तोक्यो में चेरी ब्लॉसम देखने के लोकप्रिय स्थलों में से एक मेगुरो नदी में कीचड़ वाला पानी बह रहा है और नदी का जलस्तर सामान्य से काफी ऊपर पहुंच गया है।

### जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र जाएंगे ग्रॉसी

**वियना।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी अगले सप्ताह जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (जेडएनपीपी) का दौरा करेंगे, क्योंकि वहां परमाणु सुरक्षा की स्थिति खतरनाक बनी हुई है। आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि वह अगले सप्ताह जेडएनपीपी का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि वह अपनी यात्रा के दौरान उच्च स्तरीय वार्ता करेंगे और जेडएनपीपी एवं उसके आसपास हुई हालिया गतिविधियों तथा उनके परिणामों का आकलन करेंगे।

### महिला ने 10 वर्षीया बेटी की हत्या स्वीकार की

**लंदन।** इंग्लैंड में भारतीय मूल की 33 वर्षीय एक महिला ने शुक्रवार को अपनी 10 वर्षीय बेटी की हत्या की बात स्वीकार की। बच्ची का शव इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के ''वेस्ट मिडलैंड्स'' क्षेत्र के एक कस्बे में उनके घर पर मिला था। जसकीरत कौर उर्फ जैस्मीन कांग पर चार मार्च को शे कांग की हत्या का आरोप लगाया गया था। वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस ने कहा था कि बच्ची राउली रेजिस के एक पते पर घायल अवस्था में मिली और उसे घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया था।

# टाइटलर पर अभियोग तय करने के दिए आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी



- 1984 के सिख विरोधी दंगे में तीन लोगों की हत्या का मामला

दिल्ली की एक अदालत ने 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों के दौरान उत्तरी दिल्ली के पुल बंगश इलाके में तीन लोगों की हत्या से संबंधित एक मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ हत्या और अन्य अपराधों में अभियोग तय करने का आदेश शुक्रवार को दिया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के मामलों की विशेष अदालत के न्यायाधीश राकेश सियाल ने कहा कि उनके खिलाफ अभियोग चलाने के पर्याप्त सबूत हैं। न्यायाधीश ने कहा कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त आधार मौजूद हैं। इससे पहले एक गवाह ने आरोपपत्र में कहा था कि टाइटलर एक नवंबर 1984 को गुरुद्वारा पुल बंगश के सामने एक सफेद एम्बेसडर कार से बाहर निकले और यह कहते हुए भीड़ को उकसाया कि सिखों को मार डालो, उन्होंने हमारी मां को मार डाला। इसके बाद उग्र भीड़ ने तीन लोगों को मार डाला। अदालत ने कई अपराधों के लिए आरोप तय करने का आदेश दिया, जिनमें गैरकानूनी ढंग से एकत्र होना, दंगा करना, विभिन्न समूहों के बीच द्वेष को बढ़ावा देना, घर में जबरन घुसना और चोरी शामिल हैं। अदालत ने आधिकारिक रूप से आरोप तय करने के लिए मामले को 13 सितंबर को सूचीबद्ध किया है।

# एआई तकनीक : एक टूल्स से अनेक समाधान



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक ऐसी तकनीक है जिसमें कंप्यूटर सिस्टम को मानव जैसी बुद्धिमत्ता प्रदान की जाती है, जिससे वे सीख सकते हैं, निर्णय ले सकते हैं और समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। एआई का उद्देश्य कंप्यूटरों को मानव जैसी क्षमताएं प्रदान करना है, जैसे कि सीखना, तर्क करना, और समस्याओं का समाधान करना। एआई के विभिन्न क्षेत्र हैं, जैसे कि मशीन लर्निंग, नेचरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, और कंप्यूटर विजन। एआई का उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में किया जा सकता है, जैसे कि स्वास्थ्य सेवा, वित्त, शिक्षा, और परिवहन। एआई के लाभों में उत्पादकता में वृद्धि, सटीकता में सुधार, और नई संभावनाएं शामिल हैं।

### एआई के कुछ मुख्य क्षेत्र

- मशीन लर्निंग : डेटा से सीखने की क्षमता।
- नेचरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग : मानव भाषा को समझने और उत्पन्न करने की क्षमता।
- कंप्यूटर विजन : दृश्य डेटा को समझने और पहचानने की क्षमता।
- रोबोटिक्स : शारीरिक रोबोटों को नियंत्रित करने की क्षमता।

### व्यापक क्षेत्रों में उपयोग

स्वास्थ्य सेवा : रोगों का निदान, उपचार योजनाओं का विकास, और मरीजों की देखभाल में सुधार करने के लिए। वित्तीय क्षेत्र : जोखिम प्रबंधन, वित्तीय विश्लेषण, और ग्राहक सेवा में सुधार करने के लिए। शिक्षा क्षेत्र : व्यक्तिगत शिक्षा, छात्रों की प्रगति की निगरानी, और शिक्षकों के काम को स्वचालित करने के लिए। परिवहन : स्वायत्त वाहनों, यातायात प्रबंधन, और मार्ग निर्धारण में सुधार करने के लिए। ग्राहक सेवा : चैटबॉट, वर्चुअल सहायक, और ग्राहक सेवा को स्वचालित करने के लिए। निर्माण-उत्पादन : उत्पादन प्रक्रियाओं को स्वचालित करने, गुणवत्ता नियंत्रण में सुधार करने, और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में सुधार करने के लिए। सुरक्षा-निगरानी : सुरक्षा प्रणालियों में सुधार करने, अपराधों का पता लगाने, और निगरानी करने के लिए। खुदरा व्यापार : ग्राहक व्यवहार का विश्लेषण करने, उत्पाद सिफारिशें करने, और खुदरा व्यापार में सुधार करने के लिए। कृषि क्षेत्र : फसलों की निगरानी, मौसम पूर्वानुमान, और कृषि उत्पादन में सुधार करने के लिए।

### इस तकनीक के कई लाभ

- **उत्पादकता में वृद्धि** : एआई सिस्टम कार्यों को स्वचालित कर सकते हैं, जिससे मानव श्रमिकों को अधिक महत्वपूर्ण कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है।
- **सटीकता में सुधार** : एआई सिस्टम डेटा का विश्लेषण करने और निर्णय लेने में मानव त्रुटि को कम कर सकते हैं।
- **गति में वृद्धि** : एआई सिस्टम डेटा का विश्लेषण करने और निर्णय लेने में तेजी से काम कर सकते हैं।
- **निर्णय लेने में सुधार** : एआई सिस्टम डेटा का विश्लेषण करने और निर्णय लेने में मदद कर सकते हैं।
- **ग्राहक सेवा में सुधार** : एआई सिस्टम ग्राहक सेवा में सुधार करने में मदद कर सकते हैं, जैसे कि चैटबॉट।
- **नई संभावनाएं** : एआई सिस्टम नई संभावनाएं पैदा कर सकते हैं, जैसे कि स्वायत्त वाहन।

# शेख हसीना और उनके परिवार की विशेष सुरक्षा ली गई वापस

## कानून में संशोधन करेगी बांग्लादेश की अंतरिम सरकार


ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके करीबी रिश्तेदारों को दी गई विशेष सुरक्षा गुरुवार को वापस ले ली। अंतरिम सरकार ने कुछ दिन पहले ही उनके राजनयिक पासपोर्ट भी रद कर दिए थे। बांग्लादेश की सरकारी समाचार एजेंसी की खबर में बताया गया कि मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सलाहकार परिषद ने पूर्व प्रधानमंत्री हसीना और उनके करीबी रिश्तेदारों को दी गई विशेष सुरक्षा को हटाने के लिए विशेष सुरक्षा बल अधिनियम 2021 में संशोधन करने का फैसला किया है। मुख्य सलाहकार कार्यालय (सीएओ) ने सलाहकार परिषद की बैठक के बाद कहा कि विशेष सुरक्षा बल अधिनियम 2021 पिछली सरकार के निर्णय के बाद लागू किया गया था। इसके बाद 15 मई 2015 को इस कानून के तहत हसीना और उनके करीबी रिश्तेदारों को विशेष सुरक्षा देने के लिए एक राजपत्र जारी किया गया।



**बांग्लादेश पर मोदी-बाइडेन में हुई थी व्यापक चर्चा : नई दिल्ली।** भारत ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ आर बाइडेन के बीच टेलीफोन पर बातचीत में बांग्लादेश के मुद्दे पर काफी चर्चा हुई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मोदी और बाइडेन के बीच टेलीफोन पर बातचीत के बाद अमेरिका की प्रेस विज्ञप्ति में बांग्लादेश का मुद्दा नहीं आने पर उठे विवाद पर विस्तार से स्पष्टीकरण दिया।

### पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज ने की यूनुस से बात



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस से बात की। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के लोगों की प्रगति और समृद्धि के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई। टेलीफोन पर बातचीत के दौरान दोनों ने इस बात पर भी सहमति जताई कि अधिक क्षेत्रीय सहयोग दक्षिण एशिया के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

### विद्रोह के दौरान मारे गए थे 1000 से अधिक लोग

**ढाका।** बांग्लादेश में छात्रों के नेतृत्व वाले जन विद्रोह के दौरान 1,000 से ज्यादा लोग मारे गए और 400 से अधिक लोग दृष्टिहीन हो गए थे। देश की की स्वास्थ्य सलाहकार नूरजहां बेगम ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने राजारबाग में मीडिया से बातचीत के दौरान विरोध प्रदर्शन में हताहतों की संख्या के बारे में बताया।

## 'एक्स' पर ब्राजील में लग सकती है रोक

- मस्क ने कोर्ट के आदेश का पालन करने से किया इंकार

**ब्रासीलिया, एजेंसी।** अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' ने कहा है कि उसने ब्राजील की एक अदालत के 'अवैध आदेशों' का पालन करने से इनकार कर दिया है और उसे आशंका है कि देश में उसकी सेवा बंद कर दी जाएगी। जी1 न्यूज पोर्टल ने गुरुवार को बताया कि ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एलेक्जेंडर डी मोरेस ने मस्क को 24 घंटे के भीतर अदालत को सूचित करने का आदेश दिया था कि ब्राजील में एक्स का नया कानूनी प्रतिनिधि कौन होगा, अन्यथा उसकी सेवाओं को निलंबित कर दिया जाएगा। एक्स की ग्लोबल गवर्नमेंट अफेयर्स टीम ने कहा कि ''जल्द ही, हमें आशंका है कि न्यायाधीश एलेक्जेंडर डी मोरेस ब्राजील में एक्स को बंद करने का आदेश देंगे - केवल इसलिए क्योंकि हमने उनके राजनीतिक विरोधियों को सेंसर करने के उनके अवैध आदेशों का पालन करने से इनकार कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, न्यायाधीश ने एक्स के ब्राजीलियाई कानूनी प्रतिनिधि को कारावास की धमकी दी। टीम ने कहा कि वह अवैध आदेशों का पालन नहीं करेगी।

# कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन के सचिवालय के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

- भारत ने हिंद महासागर में अपनी रणनीतिक चिंताएं सामने रखी

कोलंबो, एजेंसी

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल तथा मालदीव, मॉरीशस एवं श्रीलंका के प्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने तथा सदस्य देशों के सामने मौजूद सीमापार खतरों एवं साझा चुनौतियों के समाधान वास्ते कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन सचिवालय स्थापित करने के लिए शुक्रवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन (सीएससी) में भारत, श्रीलंका, मालदीव और मॉरीशस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) एवं उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शामिल हुए। इसका संबंध समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद-निरोधक और साइबर सुरक्षा से है, जहां भारत ने हिंद महासागर में अपनी रणनीतिक चिंताएं सामने रखी हैं।

यहां भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन (सीएससी) सचिवालय की स्थापना के लिए मालदीव, मॉरीशस और श्रीलंका के प्रतिनिधियों के साथ चार्टर और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है तथा चार्टर एवं समझौता ज्ञापन पर यह हस्ताक्षर कार्यक्रम सीएससी रोडमैप में एक मील का पत्थर है। कोलंबो में इस हस्ताक्षर समारोह की मेजबानी श्रीलंका सरकार ने की।




श्रीलंका में कोलंबो सुरक्षा कॉन्क्लेव सचिवालय की स्थापना के लिए चार्टर और एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान मालदीव, मॉरीशस और श्रीलंका के प्रतिनिधियों के साथ भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल।

### भारत-श्रीलंका में आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा

**कोलंबो, एजेंसी।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने शुक्रवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात की और जारी द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग पर चर्चा की। डोभाल शुक्रवार को होने वाले 'कोलंबो सुरक्षा कॉन्क्लेव' में शामिल होने के लिए गुरुवार को यहां पहुंचे। श्रीलंका के राष्ट्रपति के मीडिया प्रभाग (पीएमडी) ने कहा कि डोभाल ने आज सुबह राष्ट्रपति सचिवालय में राष्ट्रपति विक्रमसिंघे से मुलाकात की। उन्होंने श्रीलंका और भारत के बीच जारी आर्थिक सहयोग पर चर्चा की। पीएमडी ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा पर राष्ट्रपति के वरिष्ठ सलाहकार सागला रत्नायके भी बैठक में शामिल हुए। कोलंबो सुरक्षा कॉन्क्लेव भारत, श्रीलंका, मालदीव और मॉरीशस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों तथा उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों को एक मंच पर लाता है। कॉन्क्लेव में बांग्लादेश और सेशेल्स को पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त है। इस कॉन्क्लेव में समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद की रोकथाम और साइबर सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा होती है तथा भारत हिंद महासागर में अपनी रणनीतिक चिंताओं से अवगत कराता है।

## पाकिस्तान में भूस्खलन से 12 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में शुक्रवार सुबह एक घर के भूस्खलन की चपेट में आने से 12 लोगों की मौत हो गई। सरकारी बचाव संगठन ने यहां एक बयान जारी कर कहा कि यह दुर्घटना अपर दीर जिले में हुई जहां पिछले कुछ दिनों से मानसून के कारण भारी बारिश हो रही है। मृतकों में तीन महिलाएं, छह बच्चे और तीन पुरुष शामिल हैं, जो एक ही परिवार के सदस्य थे और भूस्खलन के समय घर में सो रहे थे। सभी शवों को घर के मलबे से बरामद किया गया और मलबे को हटाने का कार्य अभी तक चल रहा है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश हो रही है।



**गणपति बप्पा मोरया...**

भगवान गणेश की पूजा के लिए समर्पित पर्व गणेश चतुर्थी इस साल 6 सितंबर को मनाया जाएगा। महाराष्ट्र समेत देश के अन्य हिस्सों में इस पर्व को मनाने और भगवान की मूर्ति को पूजा पंडालों में स्थापित करने की तैयारियां आरंभ कर दी गई हैं। उत्सव से पूर्व पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में श्री गणेश की मूर्ति को अंतिम रूप देता कारीगर।

# कमला हैरिस ने कहा- अमेरिका ट्रंप मुद्दे से आगे बढ़ने के लिए तैयार

वाशिंगटन, एजेंसी





- रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी पर लगाया देश विरोधी एजेंडे पर चलने का आरोप

अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने कहा है कि अमेरिका डोनाल्ड ट्रंप से संबंधित मुद्दे को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने को तैयार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी एक ऐसे एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं जो देश को विभाजित करता है और इसके लोगों के चरित्र को कमतर करता है। अपने प्रचार अभियान के तहत पहले प्रमुख टेलीविजन साक्षात्कार में 59 वर्षीय अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिकी लोग आगे बढ़ने की नई राह के लिए तैयार हैं।

राष्ट्रपति पद के लिए पांच नवंबर को होने वाले चुनाव में उनका मुकाबला ट्रंप से होगा। हैरिस ने अपने सह-उम्मीदवार एवं मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज के साथ एक संयुक्त साक्षात्कार में सीएनएन से कहा कि दुख की बात है कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप एक ऐसे एजेंडे और एक ऐसे माहौल को आगे बढ़ा रहा है जो हमारे चरित्र और ताकत को कमतर करता है।

**परमाणु हथियारों का उपयोग रोकना बड़ी चुनौती :** अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका और विश्व के लिए सबसे बड़ी चुनौती निकट भविष्य में परमाणु युद्ध को रोकना है।

### पॉर्न स्टार मामले में हस्तक्षेप का अनुरोध

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक 'पॉर्न स्टार' को चुप रहने के लिए पैसे देने से जुड़े आपराधिक मामले में एक संघीय अदालत से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया, ताकि उनकी दोषसिद्धि को पलटा जा सके और अगले महीने निर्धारित सजा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने का रास्ता खोजा जा सके।

# कमजोर हो सकती हैं सुनीता की हड्डियां- आंखें, खून की कमी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स दो महीने से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी अंतरिक्ष में हैं। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के मुताबिक अब उनकी वापसी फरवरी 2025 में होगी। अध्ययनों के अनुसार लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने की वजह से उनके शरीर, आंख और डीएनए में कई तरह के बदलाव देखने को मिल सकते हैं। अध्ययनों में साबित हुआ है कि लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने पर मानव शरीर पर विपरीत असर पड़ता है। मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि सुनीता को स्पेस एनीमिया (स्पेस में रहने वाले एस्ट्रोनॉट्स में खून की कमी) के साथ आंखों से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कहा जाता है कि यह समस्या माइक्रोग्रैविटी के संपर्क में लंबे समय तक रहने की वजह से होती है।

**371 दिन अंतरिक्ष में रहने वाले फ्रैंक में बदलाव दिखा :** सुनीता से पहले भी कई अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में लम्बा समय बिता चुके हैं। सबसे ज्यादा दिनों तक अंतरिक्ष में रहने का रिकॉर्ड रूस के वालेरी के नाम है। उन्होंने अंतरिक्ष मे 437 दिन बिताए थे।

बीते वर्ष अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री फ्रैंक 371 दिन अंतरिक्ष में रहने के बाद वापस लौटे हैं। फ्रैंक में आंख संबंधी समस्याएं, डीएनए में बदलाव और इम्यून सिस्टम में परिवर्तन देखने को मिला।

**सुनीता की मां बोलीं- बेटी के लिए परेशान नहीं :** सुनीता विलियम्स की मां बोनी पांड्या ने कहा कि वह अपनी बेटी के धरती पर लौटने में हो रही देरी को लेकर चिंतित नहीं हैं। अमेरिकी टीवी नेटवर्क न्यूज नेशन ये बोनी ने कहा कि सुनीता अनुभवी अंतरिक्ष यात्री हैं। वह जानती है कि उसे क्या करना है। वह 400 दिनों तक भी अंतरिक्ष में रह चुकी है। सुनीता और बुच विल्मोर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में हैं और उनके पास वहां बहुत काम हैं।

## अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने पर पड़ सकते हैं शरीर पर विपरीत प्रभाव

### 86 दिन से अंतरिक्ष स्टेशन में फंसी हैं सुनीता



नासा ने हाल ही में बताया है कि सुनीता विलियम्स और बुच फरवरी 2025 तक धरती पर लौटेंगे। अमेरिकी स्पेस एजेंसी का कहना है कि इंटरनेशन स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में फंसे दोनों एस्ट्रोनॉट को बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल में लाना खतरनाक हो सकता है। दोनों अंतरिक्ष यात्री 5 जून को इसी स्पेसक्राफ्ट से आईएसएस भेजे गए थे। नासा ने बताया था कि सुनीता और बुच विल्मोर फरवरी में इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट से लौटेंगे।

### अंतरिक्ष से लौटने पर हो सकते हैं ये बदलाव

**ढीली पड़ सकती हैं मांसपेशियां :** अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण की कमी के कारण सुनीता की मांसपेशियां कमजोर हो सकती हैं। लंबा समय बिताने पर उनकी हड्डियां भी कमजोर हो सकती हैं। हर महीने उनकी हड्डियों का घनत्व 1 प्रतिशत कम हो सकता है।

**कमजोर हो सकती हैं आंखें :** लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने पर सुनीता को स्पेसफ्लाइट एसोसिएटेड न्यूरो ऑक्यूलर सिंड्रोम का सामना करना पड़ सकता है। इस समस्या में आंखों की नसों पर दबाव पड़ता है और नजर कमजोर हो जाती है।

**विकिरण का खतरा भी संभव :** अंतरिक्ष में सुनीता को उच्च स्तर के रेडिएशन (विकिरण) का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में उनमें कैंसर व अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। शरीर की कोशिकाओं, डीएनए में भी परिवर्तन हो सकता है।

# इजरायल ने हमास सेल प्रमुख हाजेम को मारा

कीव, एजेंसी

- खुफिया जानकारी पर आईडीएफ ने जेनिन में की कार्रवाई

इजरायली सशस्त्र बलों ने वेस्ट बैंक में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान जेनिन में हमास सेल के प्रमुख वासेम हजेम को मार गिराया। इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर लिखा कि उत्तरी सामरिया क्षेत्र में आईडीएफ, आईएसए और इजराइल सीमा पुलिस के आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान जेनिन में हमास आतंकवादी संगठन के प्रमुख वासेम हाज़ेम के नेतृत्व में एक वाहन में आतंकवादी सेल की पहचान की गई जिसके बाद इज़राइल सीमा पुलिस बलों ने सटीक खुफिया जानकारी पर हाजेम को मार गिराया।

### गाजा पट्टी में बमबारी में 31 फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा।** गाजा पट्टी पर इजराइली बमबारी में गुरुवार को 31 फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि एक इजराइली ड्रोन ने दक्षिणी गाजा पट्टी में रफाह शहर के पूर्व में फिलिस्तीनियों के जमावड़े को एक मिसाइल से निशाना बनाया। चिकित्सा सूत्रों ने कहा कि इस हमले में सात फिलिस्तीनी मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। चिकित्सा सूत्रों के अनुसार रफाह शहर के उत्तर में औद्योगिक क्षेत्र में एक मोटरसाइकिल पर इजरायली ड्रोन हमले में तीन युवक मारे गए। गाजा शहर के पश्चिम में एक घर पर एक इजराइली हमले में आठ फिलिस्तीनी मारे गए।